सुप्रभात
रांची, बुधवार
28.05.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, द्वितीया, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 312



12 आतंकवाद के कांटे को निकालकर ही रहेंगे : मोदी

## न्यूज डायरी

### सीएम की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक स्थगित

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कानून-व्यवस्था को लेकर मंगलवार को प्रस्तावित उच्चस्तरीय बैठक अपरिहार्य कारणों को लेकर स्थगित करनी पड़ी। इसको लेकर मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने मंगलवार को आदेश जारी किया। बैठक में अवैध घुसपैठ और गंभीर आपराधिक घटनाओं सहित कुल 16 महत्वपूर्ण एजेंडों पर चर्चा होनी थी। यह बैठक सीएम आवास में होनी थी।

### आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर

नयी दिल्ली। केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आकलन वर्ष 2025-26 के लिए 31 जुलाई 2025 तक दाखिल होने वाली आयकर रिटर्न (आईटीआर) की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 15 सितंबर 2025 कर दी है। करदाताओं के लिए सहज और सुविधापूर्ण फाइलिंग के लिए यह निर्णय लिया गया है।

### सुकमा में 18 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा। छत्तीसगढ़ के सुकमा में मंगलवार को 39 लाख के इनामी एक महिला सहित 18 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधीक्षक ने इसकी पुष्टि की है। छत्तीसगढ़ शासन की नक्सलवादी आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति और नियद नेल्ला नार योजना तथा अति संवेदनशील अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार सुरक्षाबलों के कैम्प स्थापित होने दबाव के फलस्वरूप 18 नक्सलियों ने सुकमा पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर किया।

### ठेला पर कपड़ा बेचने वाले की बेटी बनी रांची टॉपर

रांची। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की ओर से आयोजित मैट्रिक परीक्षा 2025 के परिणामों में छात्राओं ने इस बार शानदार प्रदर्शन किया है। खासकर रांची जिले की तहरीन फातमा ने 97.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है।

### पुण्यतिथि पर याद किये गये पंडित नेहरू

नयी दिल्ली। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की 61वीं पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को पीएम मोदी, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत कई नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और देश के लिए उनके योगदान को याद किया।

### ट्रिपल मर्डर के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

रांची। खलारी में पत्नी और दो मासूम बच्चों की हत्या करने वाले आरोपी को रांची पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी रवि लोहरा ने अपनी पत्नी और दो मासूम बच्चो की सिलवट से मार कर हत्या कर दी थी। तीनों की हत्या के बाद रवि लोहरा खुद भी जान देना चाहता था।

## जैक 10वीं बोर्ड का रिजल्ट जारी, पूरे राज्य में 91.7 फीसदी छात्र सफल

# 98.60% के साथ हजारीबाग की गीतांजलि बनीं स्टेट टॉपर

■ मैट्रिक परीक्षा के टॉप 10 में इंदिरा गांधी हजारीबाग की 7 बेटियां

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने मंगलवार को 10वीं बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया। स्कूली शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने जैक सभागार में रिजल्ट जारी किया। इस साल मैट्रिक की परीक्षा में 91.7 फीसदी विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है। बीते साल की तुलना में इस वर्ष का परीक्षाफल बेहतर रहा है और करीब डेढ़ प्रतिशत बच्चे इस बार बीते साल से ज्यादा सफल घोषित किये गये हैं। इंदिरा गांधी बालिका हाईस्कूल हजारीबाग की गीतांजलि 98.60% अंक के साथ स्टेट टॉपर रही। वहीं रितु कुमारी, अमृता गुप्ता, पूजा कुमारी और अमर कुमार ने 98.20% के साथ संयुक्त रूप से दूसरा स्थान और इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल, हजारीबाग की शिवानी कुमारी 97.80%) के साथ तीसरे स्थान पर रही है। इस बार की मैट्रिक परीक्षा में भी बैटियों का दबदबा कायम रहा है।

### मैट्रिक परीक्षा में बेटों को पछाड़ बेटियों ने दबदबा कायम रखा

| | |
|---|---|
| टॉपर : गीतांजलि | 98.60 प्रतिशत |
| सेकेंड टॉपर : रितु, अमृता, पूजा, अमर | 98.20 प्रतिशत |
| थर्ड टॉपर : शिवानी कुमारी | 97.80 प्रतिशत |



**रिजल्ट का फैक्ट फाइल**

कुल पास प्रतिशत : 91.71%
प्रथम श्रेणी : 2 लाख 2 हजार 140 छात्र
द्वितीय श्रेणी : 1 लाख 57 हजार 294 छात्र
तृतीय श्रेणी : 17 हजार 521 छात्र

**टॉप-5 रिजल्ट वाले जिले**

| | |
|---|---|
| कोडरमा: | 97.83% |
| पाकुड़: | 96.83% |
| लातेहार: | 96.25% |
| साहिबगंज : | 96.22% |
| जामताड़ा: | 96.00% |

### स्टेट टॉपर को तीन लाख रुपये का नगद ईनाम

जैक बोर्ड ने टॉपर्स को प्रोत्साहित करने के लिए नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। स्टेट टॉपर को तीन लाख रुपये प्राइज मनी दी जायेगी।

**नकद पुरस्कार की राशि**

प्रथम रैंक : 3 लाख रुपये
द्वितीय रैंक : 2 लाख रुपये
तृतीय रैंक : 1 लाख रुपये



### मेहनत और मार्गदशन का मिला परिणाम : राज्यपाल

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भी मैट्रिक परीक्षा के सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों, जिन्होंने बच्चों का मार्गदर्शन और सहयोग किया, को भी बधाई दी। साथ ही राज्यपाल ने कहा कि मैं आप सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।

### आगे भी कड़ी मेहनत करें और बढ़ते रहें : मुख्यमंत्री

सीएम हेमंत सोरेन ने जैक 10वीं बोर्ड परीक्षा में सफल हुए छात्र-छात्राओं को बधाई दी हैं। सीएम हेमंत ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि परीक्षा में अपेक्षा के अनुरूप जिन्हें परिणाम नहीं मिला वो कड़ी मेहनत और परिश्रम करते रहें। मुख्यमंत्री ने शिक्षकों और अभिभावकों को भी बधाई देते हुए कहा कि आपके सहयोग और मार्गदर्शन से ही बच्चे सफलता की सीढ़ियां चढ़ते हैं। आप सभी को जोहार।

### रिजल्ट में डेढ़ प्रतिशत की हुई वृद्धि : सचिव

स्कूली शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह ने बताया कि इस बार 4,31488 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इसमें 3,95755 परीक्षार्थी सफल हुए हैं, जिसमें प्रथम श्रेणी से 202140, द्वितीय श्रेणी से 157294 और तृतीय श्रेणी से 17521 परीक्षार्थी शामिल हैं। वहीं, कुल 91.71 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल घोषित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि बीते साल की तुलना में इस साल का रिजल्ट 1.5 प्रतिशत अधिक रहा।

### बच्चे और हमारी मेहनत रंग लायी : शिक्षा मंत्री

राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि छात्रों ने अपनी मेहनत और संघर्ष की कहानी को नए आयाम तक पहुंचाया है। यह हमारे शिक्षा तंत्र, शिक्षकों और सरकार की साझा मेहनत का परिणाम है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की शुरूआत की है, जो उच्च और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का काम कर रही है।

# पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान भारत में बनेंगे, मिली मंजूरी

## वायु सेना की मारक क्षमता बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम

एजेंसी

नयी दिल्ली। अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों की कमी से जूझ रही वायु सेना की मारक क्षमता बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए केंद्र सरकार ने उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) को देश में ही बनाने के कार्यक्रम को मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद रक्षा क्षेत्र के इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम को मंजूरी दी है।

मंत्रालय से जारी वक्तव्य में कहा गया है 'देश की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने और एक मजबूत घरेलू एयरोस्पेस औद्योगिक



पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) कार्यक्रम निष्पादन के मॉडल को मंजूरी दी है। यह मॉडल पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान का प्रोटोटाइप विकसित करने के लिए स्वदेशी विशेषज्ञता, क्षमता और क्षमता का दोहन करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जो एयरोस्पेस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक प्रमुख मील का पत्थर होगा।

# 16वें वित्त आयोग की टीम आज से 31 मई तक झारखंड में रहेगी

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। 16वें वित्त आयोग की टीम बुधवार (आज) को अपने चार दिवसीय दौरे पर झारखंड आ रही है। आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया की अगुवाई वाली यह टीम 31 मई तक राज्य दौरे पर रहेगी। इस दौरान आयोग और राज्य सरकार के प्रतिनिधियों के बीच बैठकों का दौरा होगा। बैठक में राज्य सरकार अगले पांच सालों के लिए जिलों के समग्र विकास के लिए आर्थिक सहयोग की मांग करेगी। वित्त विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, रांची पहुंचने के बाद टीम दोपहर में पतरातू जाएगी। वहां से लौटने के बाद टीम बिरसा मुंडा म्यूजियम भी जायेगी। टीम होटल रेडिसन ब्लू में ठहरेगी। वहीं गुरुवार यानी 29 मई को सुबह वित्त आयोग की टीम देवघर में बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा करेगी। देवघर में स्थानीय निकाय के सदस्यों के साथ मीटिंग करेगी। इसके बाद 30 मई को आयोग की टीम रांची में बैठक करेगी। यह बैठक रेडिसन ब्लू में होनी है। आयोग के समक्ष वित्त सचिव प्रेजेंटेशन देंगे।

### महिला जज को नहीं मिली चाइल्ड केयर लीव पहुंची सुप्रीम कोर्ट

रांची। झारखंड की एक महिला न्यायिक अधिकारी ने चाइल्ड केयर लीव देने से इनकार किए जाने को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ के समक्ष तत्काल सुनवाई के लिए याचिका का उल्लेख किया गया। पीठ ने 29 मई को मामले की सुनवाई करने पर सहमति जताई है। महिला न्यायिक अधिकारी के वकील ने कहा कि वह एक एडिशनल डिस्ट्रिक जज और सिंगल पेरेंट है। उन्होंने चाइल्ड केयर लीव मांगी थी क्योंकि, उसका तबादला कर दिया गया था। कहा कि उनकी छुट्टी को अस्वीकार कर दिया गया। वकील ने कहा कि महिला ने 10 जून से दिसंबर तक चाइल्ड केयर लीव मांगी थी। सीजेआई ने पूछा, इसे क्यों अस्वीकार कर दिया गया? इस पर वकील ने जवाब देते हुए बताया कि इसके लिए कोई कारण नहीं बताया गया है। चाइल्ड केयर लीव विशेष प्रकार का अवकाश है जो महिला कर्मचारियों और एकल पुरुष कर्मचारियों को उनके बच्चों की देखभाल को दिया जाता है।

## पंचकूला में धीरेंद्र शास्त्री की कथा सुनकर घर लौट रहे थे

# हरियाणा में एक ही परिवार के सात लोगों ने की आत्महत्या

एजेंसी

पंचकूला। हरियाणा के पंचकूला में देहरादून से आए एक परिवार के 7 लोगों ने आत्महत्या कर ली। पुलिस जांच में सामने आया है कि ये सभी बाबा धीरेंद्र शास्त्री की पंचकूला सेक्टर-28 में चल रही कथा में भाग लेने के लिए आया था। कथा सुनने के बाद घर लौटते समय सेक्टर-27 में खड़ी एक कार में परिवार के सातों सदस्य अचेत पाये गये। पुलिस को रात 11 बजे सूचना मिली कि एक कार में कई लोग बेहोश हैं। पुलिस मौके पर पहुंची व सबको अस्पताल पहुंचाया। छह को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया, जबकि एक की हालत गंभीर थी, जिसकी बाद में मौत हो गई। मृतकों में प्रवीण मित्तल, उनकी पत्नी, तीन बच्चे और दो बुजुर्ग सदस्य शामिल हैं। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की वजह कर्ज का बोझ और आर्थिक तंगी बताई जा रही है।

**गाड़ी में उल्टियां की हुई थी:** अंदर सभी ने उल्टी की हुई थी। उन्होंने प्रवीण मित्तल को बाहर निकाल लिया। वो कांप रहा था। प्रवीण ने बताया कि हमारे सिर पर कर्जा है।

### सवालों के घेरे में कई पहलू, जांच शुरू



इस घटना के बारे में डीसीपी हिमाद्री कौशिक और डीसीपी लॉ एंड ऑर्डर अमित दहिया ने कहा कि फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। जांच जारी है कि परिवार ने यह कदम क्यों उठाया और पंचकूला में उन्होंने आत्महत्या का स्थान क्यों चुना। यह अभी स्पष्ट नहीं है कि परिवार ने कथा के बाद खुदकुशी की योजना पहले से बनाई थी या यह निर्णय अचानक लिया गया। जिस स्थान पर कार खड़ी थी, वहां उनका कोई परिचित था या नहीं। डीसीपी हिमाद्री कौशिक ने कहा कि पूरे परिवार ने सुसाइड किया है। सभी की पहचान हो गई है।

### घाटे में चल रहा था टूर एंड ट्रैवल्स का कारोबार

जानकारी के अनुसार, प्रवीण मित्तल पर कुछ सालों से काफी कर्ज हो गया था। मित्तल ने कुछ समय पहले देहरादून में टूर एंड ट्रैवल्स का व्यवसाय शुरू किया था, लेकिन उन्हें भारी नुकसान हुआ। व्यवसाय में घाटे और बढ़ते कर्ज से मानसिक तनाव में आकर उन्होंने कथित रूप से यह कदम उठाया। देहरादून में उन्होंने टूर एंड ट्रैवल्स का बिजनेस शुरू किया था, लेकिन वह नहीं चला। इसके बाद परिवार कर्ज के तले दबता चला गया। इतनी तंगी हो गई थी कि घर खर्च चलाना मुश्किल हो गया था।

### अमृतसर में बम विस्फोट में आतंकी के उड़े चिथड़े

चंडीगढ़। पंजाब के अमृतसर में मंगलवार की सुबह हुए बम धमाके का खुलासा हो गया। धमाके में मारा गया व्यक्ति आतंकी पृष्ठभूमि का था। प्रारंभिक जांच में इस धमाके का आतंकी कनेक्शन सामने आया है। धमाके में युवक के चिथड़े उड़ गए। पुलिस ने शरीर के टुकड़े एकत्र कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है। बता दें कि मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे अमृतसर के मजीठा रोड पर स्थित डिसेंट एवेन्यू कॉलोनी के बाहर धमाका हुआ। यह धमाका इतना तेज था कि एक व्यक्ति के हाथ व पैर कटकर दूर जा गिरे। विस्फोट की खबर मिलते ही पुलिस की टीम पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। अमृतसर एसएसपी मनिंदर सिंह ने आशंका जतायी कि यह आतंकी घटना हो सकती है। बताया कि पहले भी कई मामले आए हैं, जिनमें हथियारों की खेप अज्ञात जगह पर रखी जाती थी। आतंकी या स्लीपर सेल के लोग बाद में उसे उठाते हैं। उन्होंने बताया कि शक है कि यह व्यक्ति भी यहां रखा विस्फोटक उठाने आया और तभी धमाका हो गया।

## 48 आइपीएस अधिकारियों का तबादला

# कौशिक रांची के आइजी व अजीत नये सिटी एसपी बने

■ एडीजी रैंक के चार, आइजी-डीआइजी रैंक के नौ, एसपी रैंक के 25 अधिकारी बदले

■ धनबाद, हजारीबाग, खूंटी जमशेदपुर, गुमला, लोहरदगा समेत कई एसपी बदले

खबर मन्त्र टीम

रांची। झारखंड के 20 आईएएस अफसरों के तबादले के बाद राज्य सरकार ने मंगलवार को 48 आईपीएस अफसरों का तबादला किया। तदाशा मिश्र को गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग का विशेष सचिव बनाया गया है। मनौज कौशिक रांची के नये आइजी बनाये गये हैं। वहीं अजीत कुमार रांची के नये सिटी एसपी बनाये गये। प्रवीण पुष्कर को रांची का नया ग्रामीण एसपी बनाया गया है। ऋत्विक श्रीवास्तव धनबाद के नये सिटी एसपी बनाये गये हैं। एडीजी रैंक के चार, आइजी रैंक के नौ, डीआइजी रैंक के नौ और एसपी रैंक के 25 अधिकारी का तबादला किया गया है, जबकि स्पेशल ब्रांच आइजी प्रभात कुमार को जैप आइजी का प्रभार दिया गया है। गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इस बाबत मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी।

**कौन कहां गये :** एडीजी तदाशा मिश्रा को विशेष सचिव गृह, कार एवं आपदा प्रबंधन विभाग में पदस्थापित किया गया। एडीजी संजय लाठकर को रेल एडीजी के पद पर पदस्थापित किया गया। एडीजी प्रिया दुबे प्रशिक्षण एवं आधुनिकीकरण के पद पर पदस्थापित की गयी हैं। मनोज कौशिक को आईजी रांची जोन के पद पर स्थापित किया गया। आईजी अखिलेश कुमार झा को पुलिस अकादमी हजारीबाग भेजा गया है। आईजी एवी होमकर को रेल आईजी जबकि प्रभात कुमार को जेल आईजी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। माइकल राज को आईजी अभियान बनाया गया। क्रांति गड़ीदेशी को बोकारो जोन का आईजी बनाया गया। आईजी नरेंद्र कुमार को आईजी मानवाधिकार बने। शैलेंद्र कुमार सिंह को आईजी दुमका के पद पर पदस्थापित किया गया। सुदर्शन मंडल को आईजी मुख्यालय का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। टी कंडासामी को एडीजी अभियान बनाया गया। संजीव कुमार को एसीबी डीआईजी, वाई एस रमेश को एससीआरबी डीआईजी, सुरेंद्र कुमार झा को डीआईजी कार्मिक बनाया गया। मनोज रतन चौथे को स्पेशल ब्रांच डीआईजी बनाया गया। संध्या रानी मेहता को डीआईजी बजट, शैलेंद्र प्रसाद वर्णवाल को डीआईजी स्पेशल ब्रांच, नौशाद आलम अंसारी को डीआईजी पलामू, चंदन कुमार झा को डीआईजी सीआईडी और अनुरंजन किस्पोट्टा को डीआईजी कोल्हान बनाया गया। कुसुम पूनिया को जैप 9 कमांडेंट, पटेल मयूर कन्हैयालाल को आईजी प्रोविजन, किशोर कौशल को जैप 7 का कमांडेंट बनाया गया।

मोहम्मद अर्शी को सिमडेगा एसपी बनाया गया। धनबाद एसएसपी एचपी जनार्दन को स्पेशल ब्रांच एसपी बनाया गया। निधि द्विवेदी को पाकुड़ एसपी, आशुतोष शेखर को पीटीसी पदमा एसपी के पद पर पदस्थापित किया गया। पीयूष पांडे को जमशेदपुर का एसएसपी और प्रभात कुमार को धनबाद एसएसपी बनाया गया। अमन कुमार को गढ़वा एसपी, सादिक अनवर रिजवी को लोहरदगा एसपी, अरविंद कुमार सिंह को एसीबी एसपी, विकास पांडे को एसीबी का एसपी बनाया गया। अंजनी अंजन को हजारीबाग एसपी बनाया गया। श्री सौरभ को जैप 10 का कमांडेंट और राजकुमार मेहता को जामताड़ा एसपी बनाया गया। शंभू कुमार सिंह को जैप 4 कमांडेंट बनाया गया। अजीत कुमार को रांची सिटी बनाया गया। मुकेश कुमार को गोड्डा एसपी, राकेश रंजन को चाईबासा एसपी, हरिश बिन जमा को गुमला एसपी, मनीष टोप्पो को खूंटी एसपी, हरविंदर सिंह को बोकारो एसपी, सुमित अग्रवाल को चतरा एसपी, प्रवीन पुष्कर को रांची ग्रामीण एसपी और ऋतिक श्रीवास्तव को टीएसपी धनबाद बनाया गया।

## कार्टून कोना

### तीसरी आंख





## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 68 प्रमुख हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से किया सम्मानित

# झारखंड के नागपुरी गायक महावीर को पद्मश्री पुरस्कार

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दूसरे चरण में 68 प्रमुख हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया। इनमें बिहार कोकिला के नाम से मशहूर बिहार की प्रसिद्ध लोक गायिका, शारदा सिन्हा (मरणोपरांत), गुजरात की कुमुदिनी रजनीकांत लाखिया (मरणोपरांत) कला के क्षेत्र में और सार्वजनिक मामले के लिए चंडीगढ़ के न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) जगदीश सिंह खेहर को भी पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। शारदा सिन्हा के पुत्र और कुमुदिनी के पोते ने उनकी ओर से पुरस्कार ग्रहण किया। साध्वी ऋतंभरा को सामाजिक कार्य के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पद्म भूषण सम्मान दिया गया। झारखंड के नागपुरी गायक महावीर नायक को पद्म श्री से सम्मानित किया गया। इससे पहले 28 अप्रैल को राष्ट्रपति ने 71 हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया था। बता दें कि देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण में प्रदान किये जाते हैं। ये पुरस्कार कई विषयों जैसे कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा और साहित्य आदि में दिये जाते हैं।



राष्ट्रपति के हाथों बिहार की प्रसिद्ध लोक गायिका, स्वर्गीय शारदा सिन्हा के बेटे सम्मान ग्रहण करते हुए।

### 3 को पद्म विभूषण, 9 को पद्म भूषण और 56 हस्तियों को पद्मश्री सम्मान

राष्ट्रपति भवन में मंगलवार को आयोजित समारोह में द्रौपदी मुर्मू ने 68 प्रमुख हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया। इनमें 3 को पद्म विभूषण, 9 को पद्म भूषण और 56 हस्तियों को पद्म श्री से सम्मानित किया, इसमें झारखंड के नागपुरी गायक महावीर नायक भी शामिल हैं। समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित अन्य गणमान्य मौजूद थे। इस साल 25 जनवरी को 76वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर कुल 139 प्रतिष्ठित व्यक्तियों को देश के नागरिक पुरस्कारों पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री के लिए नामित किया गया था। जिनमें 7 को पद्म विभूषण, 19 को पद्म भूषण, और 113 को पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

(शेष खबर पेज 11 पर)

# अमेरिका में भारतीय महावाणिज्य दूत के साथ सुदेश महतो ने की मुलाकात



**रांची।** झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो बिहार-झारखंड एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (बिजाना) के स्वर्ण जयंती समारोह एवं ग्लोबल कॉनक्लेव में भाग लेने न्यू जर्सी पहुंचे थे। इस दौरान वह लगातार महत्वपूर्ण व्यक्तियों से मुलाकात कर रहे थे। इसी क्रम में अमेरिका में नियुक्त भारत के महावाणिज्य दूत विनय श्रीकांत प्रधान के साथ श्री महतो की अनौपचारिक मुलाकात हुई। दोनों ने भारत-अमेरिका राजनीतिक एवं व्यापार संबंध, प्रवासियों से जुड़े मुद्दों समेत कई विषयों पर चर्चा की। श्री प्रधान भी विशिष्ट अतिथि के रूप में बिजाना के समारोह में भाग लेने विशेष रूप से न्यूयॉर्क से न्यू जर्सी पहुंचे थे। श्री प्रधान ने बिजाना के प्रयासों की काफी सराहना की। उन्होंने कहा कि उत्तरी अमेरिका के प्रवासियों को सांस्कृतिक रूप से एक दूसरे से जोड़ने में बिजाना सेतु का कार्य कर रहा है।


**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

**निविदा सूचना संख्या एमईसीएचसीकेपी–25–26–08,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक), चक्रधरपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं ऐसा कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम**: झारसुगुड़ा के स्टेशन यार्ड में त्वरित जल व्यवस्था का प्रावधान। **निविदा मूल्य**: रु. 4,91,18,890.14, **बोली प्रतिभूति राशि** : रु. 3,95,600/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य**: शून्य। **निविदा के खुलने का स्थान** : वरिष्ठ डीएमई/चक्रधरपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे का कार्यालय। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 16.06.2025 को 15.00 बजे। निविदा वेबसाइट http://www.ireps.gov.in में देखी जा सकती है। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास–III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट अवश्य होना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन जरूर पंजीकृत हों। केवल पंजीकृत निविदाकार/ बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रणाली में भाग लेते समय सभी संबंधित कागजात अवश्य अपलोड किए जाएं। (PR-207)



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,कोडरमा**
06534-2227076 Email Id-eercdkoderma-jhr@nic.in

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

Tender Reference No. : RCD/KODERMA/540/2025 दिनांक:-26.05.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | पथ प्रमण्डल,कोडरमा अन्तर्गत " बेको–मखमारगो पथ के कि0मी0 0.00 से कि0मी0 11.65 तक (कुल लंबाई– 11.65 कि0मी0) का राईडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य"। |
| 2. | प्राक्कलित राशि | Rs. 6,74,77,506.00(छः करोड़ चौहत्तर लाख सतहत्तर हजार पाँच सौ छः रूपये) मात्र। |
| 3. | अग्रधन की राशि | Rs.6,75,000.00(छः लाख पचहत्तर हजार रूपये) मात्र। |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 05(पाँच) माह। |
| 5. | बेवसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि। | 03.06.2025, 10:30 बजे से। |
| 6. | बिड प्राप्ति की अन्तिम तिथि | 24.06.2025, 12.00 बजे तक। |
| 7. | बिड खुलने की तिथि | 26.06.2025, 12.30 बजे तक। |
| 8. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता। | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,प०नि०वि०, पथ प्रमण्डल, कोडरमा। |
| 9. | हेल्प लाइन नं0 | 0651-2446002 |

पथ निर्माण विभाग,झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिये UCAN निबंधन आवश्यक है।
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

कार्यपालक अभियंता
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, कोडरमा

PR 353572 (Road) 25-26 (D)


# मैट्रिक परीक्षा में लड़कियों ने एक बार फिर मारी बाजी

## अति पिछड़ा वर्ग के छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने मैट्रिक परीक्षा के रिजल्ट जारी कर दिया है। इस परीक्षा में इस वर्ष कुल 4,31,488 छात्रों ने परीक्षा दिया था, जिसमें 91.71% यानी 3,95,755 विद्यार्थी पास हुए हैं।

इस बार के रिजल्ट की खास बात यह है कि अति पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के छात्रों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। वहीं इस परीक्षा में लड़कियों ने एक बार फिर लड़कों से बेहतर रिजल्ट दर्ज कर अपनी बढ़त बनाए रखा है।

### लड़कियों ने फिर मारी बाजी

जैक की ओर से अयोजित मैट्रिक परीक्षा में इस बार भी लड़कियों ने लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है।

जारी आंकड़ों के अनुसार, कुल 4,31,488 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। इसमें 2,28,356 लड़कियां और 2,03,132 लड़के शामिल थे। इसमें से 3,95,755 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सफल घोषित किये गये हैं।

वहीं परीक्षा में शामिल 2,28,356 लड़कियों में से 2,10,967 पास कर गयीं, जबकि 2,03,132 में से 1,84,788 लड़के इस परीक्षा में सफल घोषित किये गये हैं।

इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि राज्य में छात्राओं की शैक्षणिक भागीदारी और सफलता दर में लगातार सुधार हो रहा है। लड़कियों ने न केवल अधिक संख्या में भाग लिया है, बल्कि सफलता दर में भी लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है।

| वर्ग | परीक्षार्थी | उत्तीर्ण छात्र | पास प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| अति पिछड़ा वर्ग | 25,303 | 24,131 | 95.36% |
| पिछड़ा वर्ग | 60,853 | 57,158 | 93.92% |
| अनुसूचित जाति | 17,592 | 16,200 | 92.08% |
| सामान्य वर्ग | 2,67,206 | 2,43,880 | 91.27% |
| अनुसूचित जनजाति | 60,534 | 54,386 | 89.84% |

**रिजल्ट का फैक्ट फाइल**

कुल परीक्षार्थी : 4,31,488, कुल उत्तीर्ण छात्र : 3,95,755, कुल पास प्रतिशत : 91.71%, सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन : अति पिछड़ा वर्ग (95.36%), सबसे कम पास प्रतिशत : अनुसूचित जनजाति (89.84%), लड़कियों का पास प्रतिशत : 53.30%, लड़कों का पास प्रतिशत : 46.69%

| लिंग | परीक्षार्थी | उत्तीर्ण छात्र | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| लड़कियां | 2,28,356 | 2,10,967 | 53.30% |
| लड़के | 2,03,132 | 1,84,788 | 46.69% |

**लड़कों और लड़कियों का वर्गवार प्रदर्शन**

| वर्ग | कुल उत्तीर्ण | लड़कियां | लड़के |
|---|---|---|---|
| सामान्य वर्ग | 2,43,880 | 1,32,982 | 1,10,898 |
| अनुसूचित जाति | 16,200 | 7,906 | 8,294 |
| पिछड़ा वर्ग | 57,158 | 28,591 | 28,567 |
| अति पिछड़ा वर्ग | 24,131 | 11,644 | 12,487 |

# मैट्रिक परीक्षा के टॉप 10 में इंदिरा गांधी हजारीबाग की सात बेटियां



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की ओर से मंगलवार को 10वीं बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया गया। इस परीक्षा में इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल, हजारीबाग के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर टॉप 10 में दबदबा बनाया है। राज्य के टॉप 10 विद्यार्थियों में से 7 इसी स्कूल से हैं। इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल, हजारीबाग की गीतांजलि 98.60% (493 अंक) के साथ पहला स्थान यानी स्टेट टॉपर बनी हैं। वहीं रितु कुमारी, अमृता गुप्ता, पूजा कुमारी और अमर कुमार ने 491 अंक (98.20%) के साथ संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया। अमर कुमार प्रॉप वी उच्च विद्यालय तिलैया रांगाटांड़ से हैं। इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल, हजारीबाग की शिवानी कुमारी 489 अंक (97.80%) के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं, श्रेया कुमारी और साक्षी कुमारी ने 488 अंक (97.60%) प्राप्त कर टॉप 10 में जगह बनायी है। अन्य टॉपर्स में विकास प्रमाणिक (प्रॉप हाई स्कूल, बाघमारा, बलियापुर) ने 489 अंक (97.80%) और शुभम कुमार पात्रा (प्लस टू आदिवासी हाई स्कूल, बांगुड़दा) ने 487 अंक (97 l40%) प्राप्त किए हैं। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने छात्रों को बधाई दी है और उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

**टॉप 10 विद्यार्थियों की लिस्ट**

| विद्यार्थी का नाम | स्कूल | मार्क्स (%) |
|---|---|---|
| गीतांजली | इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल, हजारीबाग | 493 (98.60) |
| रितु कुमारी | इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल, हजारीबाग | 491 (98.20) |
| अमृता गुप्ता | इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल, हजारीबाग | 491 (98.20) |
| पूजा कुमारी | इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल, हजारीबाग | 491 (98.20) |
| अमर कुमार | प्रॉप वी उच्च विद्यालय तिलैया रांगाटांड़ | 491 (98.20) |
| शिवानी कुमारी | इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल, हजारीबाग | 489 (97.80) |
| विकास प्रमाणिक | प्रॉप हाई स्कूल, बाघमारा, बलियापुर | 489 (97.80 |
| श्रेया कुमारी | इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल, हजारीबाग | 488 (97.60) |
| साक्षी कुमारी | इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल, हजारीबाग | 488 (97.60) |
| शुभम कुमार पात्रा | प्लस टू आदिवासी हाई स्कूल बांगुड़दा | 487 (97.40) |


**जिला परिवहन कार्यालय, राँची**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला परिवहन कार्यालय, राँची से निबंधित ऐसे निजी वाहन जिनकी निबंधन की वैधता 15 वर्ष पूर्ण हो चुकी है अथवा समाप्त होने के पश्चात् निबंधन नवीकरण नहीं कराया गया है वैसे वाहनो पर महालेखाकार, झारखण्ड, राँची के अंकेक्षण दल द्वारा आपत्ति दर्शाया गया है।

अतः उक्त स्थिति में वैसे निजी वाहन स्वामियों को निदेश दिया जाता है कि समाचार पत्रों में प्रकाशन की तिथि से 15 (पन्द्रह) दिनों के अंदर अपने वाहन का पथकर का भुगतान कर वाहन का निबंधन नवीकरण (Renewal of Registration) कराना सुनिश्चित करेंगे, अन्यथा मोटरवाहन अधिनियम 1988 के सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्रवाई करते हुए आपके विरूद्ध निलामपत्र वाद दायर किया जायेगा एवं वाहन का निबंधन संख्या को NOT TO BE TRANSACTED कर दिया जायेगा।

जिला परिवहन पदाधिकारी,
राँची

PR 353559 Transport(25-26).D


# आयुष्मान योजना की सुविधा को खत्म करने में जुटी हेमंत सरकार : बाबूलाल मरांडी

- **भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस-झामुमो को सरना कोड की चिंता है तो धर्मांतरण पर लगायें रोक**




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य के दो प्रमुख मुद्दे पर हेमंत सरकार को कटघरे में खड़ा किया। श्री मरांडी मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जनता को आयुष्मान योजना के लाभ से वंचित किये जाने पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना झारखंड में शिथिल पड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों के 5 लाख तक के इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई है। इस योजना के प्रावधान के तहत केंद्र सरकार की भागीदारी 60 प्रतिशत और राज्य सरकार की 40 प्रतिशत है। और यदि राज्य सरकार इसे अपने राज्य की योजना में अलग नाम से चलाती है तो यह अनुपात 40 व 60 का हो जाता है। झारखंड में यह मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत इसी अनुपात में चल रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के प्रावधान के तहत लाल कार्ड, पीला कार्ड, हरा कार्ड धारियों के साथ राज्य के कर्मचारी, पेंशन धारी सहित वकील आदि भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने वाहवाही के लिये घोषणायें तो खूब की हैं। लेकिन, वास्तविकता इसके विपरीत है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र के लिये 30 बेड के हॉस्पिटल और शहरी क्षेत्र के लिये 50 बेड की अनिवार्यता की है। जबकि, ग्रामीण क्षेत्र के लिये यह नियम कहीं से भी उपयुक्त नहीं है। झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में 30 बेड के हॉस्पिटल उपलब्ध नहीं हैं। जबकि भारत सरकार के निर्णयों में 10 बेड के हॉस्पिटल का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में जो 750 हॉस्पिटल मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना में सूचीबद्ध हैं। इसमें प्राप्त जानकारी के अनुसार 538 हॉस्पिटल का भुगतान फरवरी 25 से नहीं हुआ है। और 212 हॉस्पिटल का पिछले 10 महीने से बकाया भुगतान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत शिकायत निवारण समितियां भी गठित हैं। इसकी बैठकें भी नहीं होती हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के स्वास्थ्य मंत्री का बयान भी बेतुका आता है। वे इस लचर व्यवस्था के लिये ईडी को दोषी ठहराते हैं। उन्होंने मांग की कि अविलंब राज्य सरकार अस्पतालों के बकाये का भुगतान सुनिश्चित कराये। केंद्र सरकार के तय मानक के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सूचीबद्ध किया जाये।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस-झामुमो को यदि सरना आदिवासियों की चिंता है तो आधा अधूरा काम नहीं करें। सरना कोड के पहले महत्वपूर्ण है सरना धर्म संस्कृति की रक्षा। उन्होंने बताया कि 2011 में झारखंड की कुल आबादी 3,29,88,134 थी। इसमें 86,45042 आदिवासियों की संख्या थी। 2011 में राज्य में आदिवासियों की कुल आबादी 26.20 प्रतिशत थी। इसमें 14,18,608 ईसाई की संख्या है। अर्थात झारखंड की कुल आबादी के 4.30 प्रतिशत ईसाई हैं। उन्होंने झामुमो-कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से पूछा कि वे बतायें कि आखिर आदिवासी ऐसे ही अपनी धर्म संस्कृति से अलग होता गया तो फिर सरना धर्म कोड कौन भरेगा। उन्होंने कहा कि सरना कोड तो वही भरेगा जो सरना स्थल, मारांग बुरू, जाहिर थान को मानेगा। ये बचेंगे तभी तो धर्म कोड की जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि इस राज्य में रघुवर दास सरकार ने धर्म स्वातंत्र्य कानून बनाकर इसे संरक्षित रखने के लिए कड़े प्रयास किये थे। उन्होंने राज्य सरकार से इस कानून को कड़ाई से लागू करने की मांग की। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता प्रतुल शाह देव भी मौजूद थे।


**कार्यालय प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सेन्हा (लोहरदगा)**

**ई–निविदा**
**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा संख्या – 01/2025–26 दिनांक

| क्र0/ ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सेन्हा | सेन्हा | सेन्हा मार्केट कॉम्पलेक्स निर्माण | 20,00,000 | 5,000 | 40,000 | 04(चार) माह |

2. वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 28.05.2025
3. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय :– 05.06.2025 / 10:00 बजे पूर्वाह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि व समय :– 06.06.2025 / 11:00 बजे पूर्वाह्न में
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– प्रखण्ड कार्यालय सेन्हा
6. निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– प्रखण्ड कार्यालय सेन्हा

नोट – 1. जिला परिषद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित सेन्हा प्रखण्ड के संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं।
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।

विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in जिला परिषद् लोहरदगा पर देखा जा सकता है।

प्रखण्ड विकास पदाधिकारी
सेन्हा (लोहरदगा)

PR 353565 Lohardaga(25-26)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला**
Email-eedwsd.gumla@gmail.com

**अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० – 13/2025–26**
**जिला योजना अनाबद्ध निधि**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :– 04.06.2025 के अपराहन 1.00 बजे तक(छुटटी के दिनो को छोड़कर)
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 05.06.2025 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :– 05.06.2025 के 4.00 बजे अपराह्न ।
6. निविदा परिमाण विपत्र बिकी का स्थान :– (क) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला। (ख)सहायक अभियन्ता, पेयजल एवं स्व0 अवर प्रमण्डल सं0–1 गुमला।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– (क) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, गुमला।

कार्य की विवरणी

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि लगभग | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of HYDT with solar operated 2 HP Submersible DC motor Pump Set with Rising & Distribution Main through HDPE pipe. at Jharkhand Awasiya Balika Vidyalaya Chainpur (Kating) under D.W.&S. Division Gumla for year 2025-26. | 6,71,830.00 | 13,450.00 | 1,250.00 | 30 Days |
| 2 | Construction of HYDT with solar operated 2 HP Submersible motor Pump Set with Rising Main through HDPE pipe at parsa panchayat at telaya village under district fund 2025-2026. | 12,98,596.00 | 26,000.00 | 2,500.00 | 30 Days |

निविदा की नियम एवं शर्ते :– कार्यालय सूचना पट पर उपलब्ध है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।

PR.NO.353639 Drinking Water and Sanitation(25-26):D


## सरना धर्म कोड की मांग को लेकर झामुमो का प्रदर्शन, वक्ताओं ने कहा

# सरना कोड के लिए केन्द्र सरकार को विवश कर देंगे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सरना धर्म कोड की मांग को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने मंगलवार को राज्यभर के जिला मुख्यालयों में धरना-प्रदर्शन किया। रांची में पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा साथियों पूर्वघोषित एकदिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम के तहत आज हमलोग यहां उपायुक्त कार्यालय के समक्ष जुटे हैं, अपनी बातों को राष्ट्रपति तक पहुंचाने के लिए उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन सौंपेंगे। राज्य की जनभावना के अनुरूप झामुमो लंबे समय से सरना धर्म कोड की मांग करता आ रहा है। यह राज्य की भावना है कि सरना धर्म कोड लागू हो और उस भावना का ख्याल रखते हुए राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने का काम किया। उस सत्र में सरना धर्म कोड को विधेयक के रूप में पेश किया गया। वो दिन था 11 नवंबर 2020 और वो एक ऐतिहासिक दिन था, जब सरना धर्म कोड को पास करके राज्यपाल महोदय के माध्यम से केंद्र सरकार को भेजने का काम किया गया। झारखण्ड मुक्ति मोर्चा चाहता है कि सरना धर्म कोड लागू हो, चाहे किसी भी कीमत पर हो। जिस तरह जनगणना के लिए हमने केंद्र सरकार को मजबूर किया उसी तरह सरना धर्म कोड के लिए भी हम केंद्र सरकार को मजबूर करेंगे। चाहे दिल्ली जाकर आंदोलन करना पड़े, हम दिल्ली भी जाकर अपनी आवाज को बुलंद करेंगे।



**राज्य हमलोगों को खैरात में नहीं मिला : सुप्रियो**

पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि राज्य हमलोगों को खैरात में नहीं मिला। सरना धर्म कोड भी हम बलिदान के बाद सौगात के रूप में लेंगे। जल जंगल जमीन बचाना है तो सरना को मानना होगा। जनगणना में इसका आंकड़ा भी देना होगा। भाजपा धर्म के नाम पर राजनीति कर रही है। आदिवासी इस देश के सबसे पुराने मालिक हैं। झामुमो की मांग है कि सरना धर्म को जनगणना फॉर्म में अलग कोड दिया जाए, जिससे आदिवासी समुदाय की धार्मिक पहचान को मान्यता मिल सके।

**क्या है सरना धर्म कोड की मांग**

सरना धर्म कोड की मांग आदिवासी समुदाय की धार्मिक पहचान और अस्तित्व को मान्यता देने के लिए है। झारखंड में सरना धर्म की पूजा पद्धति, संस्कृति और मान्यताएं अन्य सभी धर्मों से अलग हैं। झारखंड विधानसभा में सरना धर्म कोड की मांग को लेकर प्रस्ताव पारित हो चुका है, लेकिन केंद्र सरकार ने अभी तक इस पर कोई पहल नहीं की है।

**आदिवासी समाज की मांग है धर्म कोड : विकास मुंडा**

तमाड़ विधायक विकास सिंह मुंडा ने कहा कि सरना धर्म कोड पूरे आदिवासी समुदाय की मांग है, पूरे देश में रहने वाले आदिवासी समुदाय की मांग है कि अलग धर्म कोड हो, जब आप जातिगणना को मांग सकते हैं तो सरना धर्म कोड को भी शामिल करें, झामुमो सरना धर्म कोड को लेकर रहेगा। पार्टी के आए हुए कार्यकर्ता एक बड़े लड़ाई के लिए तैयार रहें।

**मुख्य रूप से उपस्थित रहे ये नेता :** धरना प्रदर्शन कार्यक्रम मे मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय, केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य, केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय, तमाड़ विधायक विकास सिंह मुंडा, सिल्ली विधायक अमित महतो शामिल हुए। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम झामुमो रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम की अध्यक्षता एवं संचालन में संपन्न हुआ, जिसमे पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारीगण, केंद्रीय सदस्य, जिला संयोजक मंडली के सदस्य, जिला और महानगर के सभी स्तर के नेतागण एवं प्रखंड व पंचायत के पदाधिकारी, नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। साथ ही धन्यवाद ज्ञापन केंद्रीय सदस्य सह जिला संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडिया ने किया।

# कर्ण सत्यार्थी ने पूर्वी सिंहभूम, चंदन कुमार पश्चिम सिंहभूम और नितिश सिंह ने सरायकेला के उपायुक्त का पदभार संभाला

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। कोल्हान के तीनों जिलों क्रमशः पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिला के नये उपायुक्तों क्रमशः कर्ण सत्यार्थी, चंदन कुमार और नितिश सिंह ने आज पदभार संभाल लिया। तीनों युवा आइएएस अधिकारियों के नेतृत्व में कोल्हान में विकास योजनाओं को नया आयाम मिलने की उम्मीद है।

## कर्ण सत्यार्थी बने पूर्वी सिंहभूम के 25वें उपायुक्त निवर्तमान डीसी अनन्य मित्तल ने दी शुभकामनाएं

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस) के अधिकारी श्री कर्ण सत्यार्थी ने आज पूर्वी सिंहभूम जिले के 25वें उपायुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया। समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में निवर्तमान उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल ने पदभार सौंपा। इस अवसर पर जिला के उप विकास आयुक्त, परियोजना निदेशक आईटीडीए, एसडीएम धालभूम, एडीसी व अन्य वरीय पदाधिकारीगण, विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारीगण तथा मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। नव पदस्थापित उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी इसके पूर्व गुमला के उपायुक्त के रूप में पदस्थापित रहे। पदभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने जिले के समग्र विकास, जनहित में सुशासन तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। मौके पर निवर्तमान उपायुक्त अनन्य मित्तल ने जिले में अपने कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग के लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार जताया।



नये डीसी कर्ण सत्यार्थी को गुलदस्ता देकर अभिनंदन करते निवर्तमान डीसी अनन्य मित्तल।

## चंदन कुमार ने पश्चिम सिंहभूम के उपायुक्त का पदभार संभाला



जमशेदपुर। पश्चिमी सिंहभूम के नये डीसी चंदन कुमार ने आज निवर्तमान डीसी कुलदीप चौधरी से पदभार ग्रहण किया। नये डीसी चंदन कुमार ने कहा है कि आदिवासी बहुल जिला पश्चिमी सिंहभूम के आखिर छोर पर खड़े नागरिक तक विकास योजनाओं को त्वरित गति से पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। चंदन कुमार के द्वारा आज पदभार ग्रहण के प्रथम दिन जिला समाहरणालय परिसर अवस्थित सभी कार्यालय सहित समाहरणालय परिसर का अवलोकन किया गया। उनके द्वारा क्रमवार विभिन्न कार्यालय का निरीक्षण करते हुए, पदाधिकारी और कर्मियों की बैठने की व्यवस्था, विभिन्न पंजी का संधारण, कार्यालय का रखरखाव, साफ-सफाई सहित अन्य बिंदुओं को देखा गया। उनके द्वारा कार्यालय के कर्मियों को सासमय कार्यालय में उपस्थित होने सहित कार्यालय परिसर में साफ सफाई बनाए रखने में अपना सहयोग स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया।

## सरायकेला के नये डीसी नितिश कुमार ने पदभार ग्रहण किया



सरायकेला। सरायकेला-खरसावां जिला के 34वें जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त के रूप में आज नितिश (भा.प्र.से.) ने निवर्तमान जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त रविशंकर शुक्ला (भा.प्र.से.) से पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर नवपदस्थापित उपायुक्त ने कहा कि जिले में केंद्र एवं राज्य सरकार अंतर्गत संचालित योजनाओं को ससमय धरातल पर उतारने, पूर्व से संचालित विकास कार्यों का सफल क्रियान्वयन तथा स्वास्थ्य, शिक्षा एवं कृषि के क्षेत्र में उनकी प्राथमिकता होगी। मौके पर उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल, निदेशक डीआरडीए डॉ अजय तिर्की, अपर उपायुक्त जयवर्धन कुमार समेत अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

स्पीड न्यूज



### झामुमो ने डीसी ऑफिस पर किया धरना-प्रदर्शन

जमशेदपुर। झारखंड मुक्ति मोर्चा की पूर्वी सिंहभूम जिला इकाई द्वारा आज पूर्वी सिंहभूम जिला मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना देकर जातिगत जनगणना के वक्त सरना कोड को शामिल करने की मांग की गई। इसके बिना जातिगत जनगणना का विरोध किया गया। धरना कार्यक्रम को बाघराय मार्डी, मोहन कर्मकार, राजू गिरि, प्रमोद लाल, शेख बदरुद्दीन समेत तमाम नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। अंत में डीसी कर्ण सत्यार्थी के जरिए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

### गम्हरिया इंग्लिश स्कूल के सभी बच्चे हुए पास

गम्हरिया। गम्हरिया इंग्लिश स्कूल के बच्चों ने जैक द्वारा घोषित मैट्रिक की परीक्षा परिणाम में परचम लहराया है। गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी मैट्रिक के सभी छात्र-छात्राओं ने शानदार सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस वर्ष उक्त विद्यालय से कुल 73 बच्चो ने मैट्रिक की परीक्षा में भाग लिया था जिसमें सभी ने उत्तीर्ण होकर यह सिद्ध कर दिया कि कठिन परिश्रम, नियमित अभ्यास और सटीक मार्गदर्शन से कोई भी लक्ष्य दूर नहीं। स्कूल के छात्र लखन माझी ने 84 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बनने का श्रेय लिया। वहीं, 83 प्रतिशत अंक लाकर सपन महतो द्वितीय, 82 प्रतिशत अंक लाकर रीया कुमारी तृतीय और 81 प्रतिशत निधि कुमारी व सचिन चौधरी चौथे स्थान पर रही। बच्चो के इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता हम सभी के लिए गर्व का विषय है। हमारे स्कूल के बच्चों ने न केवल अकादमिक क्षेत्र में उत्कृष्टता दिखाई है, बल्कि अनुशासन और निरंतर प्रयास का भी उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह उपलब्धि शिक्षकों के मार्गदर्शन, बच्चो की मेहनत और अभिभावकों के सहयोग से ही संभव हो सका है।

### वाणी विद्या मंदिर के छात्रों का बेहतर प्रदर्शन

गम्हरिया। जैक द्वारा घोषित दसवीं की परीक्षा परिणाम में वाणी विद्या मंदिर के बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। लड़कों की अपेक्षा लड़कियों ने बेहतर परिणाम लाकर बाजी मारी। विद्यालय से कुल 281 बच्चे दसवीं की परीक्षा में सम्मिलित हुए थे जिसमें 160 बच्चे प्रथम श्रेणी, 105 बच्चे द्वितीय श्रेणी तथा 13 बच्चे तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इसमें 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अंकित रजक पहले स्थान पर रहे जबकि 92.8 प्रतिशत अंक लाकर अंकित कुमार दूसरे व 92 प्रतिशत अंक लाकर रिया प्रामाणिक तीसरे स्थान पर रही। इसके अलावा विद्यालय टॉप टेन में शामिल अन्य छात्र-छात्राओं में निकिता लोहार, तुसी कुमारी रजक, सन्नी कुमारी, दीया पात्रा, विनय प्रताप यादव, खुशी सीट और अंश सिंह शामिल हैं। विद्यालय प्रबंधन ने सभी बच्चों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

### दानपेटी का ताला तोड़ चढ़ावा चुरा ले गये चोर

गम्हरिया। बीती रात चोरों द्वारा आदित्यपुर थाना क्षेत्र के श्रीडूंगरी स्थित काली मंदिर और हरि मन्दिर के दानपेटी को तोड़कर उसमें रखे दान के पैसे उड़ा लिया गया। हालांकि चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है जिसमें तीन चोर भागते हुए साफ नजर आ रहे हैं। इस बावत वार्ड दो के निवर्तमान पार्षद अभिजीत महतो द्वारा थाना को सूचना दी गयी। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

### 28 को गम्हरिया-सीनी अप लाइन में मेगा ब्लॉक

गम्हरिया। ट्रैक रखरखाव के लिए बुधवार 28 मई को गम्हरिया-सीनी अप लाइन के बीच मेगा ब्लॉक रहेगा। इससे एलसी संख्या 147 (रायबासा फाटक) पर प्रातः 10.30 बजे से संध्या 17.30 बजे तक सड़क यातायात बाधित रहेगा। यह जानकारी गम्हरिया स्टेशन प्रबंधक ने दी है।

# चाकुलिया व चाईबासा के लिए टाटा से दो नयी ट्रेनों का संचालन को मिली स्वीकृति

- सांसद विद्युतबरण महतो का प्रयास रंग लाया
- रेलवे ने अधिसूचना जारी की, संचालन जल्द

खबर मन्त्र ब्यूरो




सांसद विद्युतबरण महतो।

जमशेदपुर। सांसद विद्युत वरण महतो के प्रयास से पुनः एक बार चाकुलिया एवं चाईबासा के यात्रियों के लिए एक नई ट्रेन सेवा की शुरूआत होने जा रही है । इन दोनों ही स्थान के लिए समुचित ट्रेन सेवा की कमी लंबे समय से महसूस की जा रही थी। उल्लेखनीय है कि इस संबंध में चाकुलिया के स्थानीय वासियों एवं चाईबासा का भी अनेक प्रतिनिधिमंडल ने सांसद श्री महतो सेआग्रह किया था। श्री महतो ने इस संबंध में द पू रेलवे महाप्रबंधक से वार्ता की एवं दोनों ही जगह के लिए ट्रेन की आवश्यकता को रेखांकित किया।

रेल महाप्रबंधक ने बातों को गंभीरता से लेते हुए रेलवे बोर्ड से इस संबंध में प्रस्ताव दिया था।तत्पश्चात रेलवे बोर्ड ने दो ट्रेनों की स्वीकृति प्रदान की है। इन दोनों ट्रेनों के परिचालन का प्रस्तावित समय के अनुसार टाटानगर से चाकुलिया के लिए मेमू ट्रेन सेवा टाटानगर से सुबह 11 बजे रवाना होगी और 12:45 पर चाकुलिया पहुंचेगी। इसी प्रकार यही ट्रेन चाकुलिया से दिन के 3 बजे खुलकर टाटानगर स्टेशन पर शाम को 5 बजे पहुंचेगी।

जबकि चाईबासा के लिए खुलने वाली ट्रेन रात्रि टाटानगर से 8:55 पर खुलेगी और रात्रि 11:00 बजे चाईबासा पहुंचेगी। जबकि वहीं ट्रेन अगले दिन प्रातः 3:20 पर चाईबासा से खुलकर 5:45 बजे टाटानगर स्टेशन पहुंचेगी। इससे चाईबासा से कोलकाता के लिए स्टील एक्सप्रेस एवं अन्य ट्रेन को पकड़ने में सुविधा होगी। सांसद श्री महतो ने इस कार्य के लिए रेल मंत्री का प्रति अपना आभार प्रकट किया है। जल्द ही इन दोनों ही ट्रेन सेवाओं की शुरूआत सांसद श्री महतो के द्वारा झंडी दिखाकर की जायेगी।

एक नजर में

### क्षत्रिय समाज पर अभद्र टिप्पणी करने पर आजसू आइटी सेल के लॉबीनचंद्र के खिलाफ प्राथमिकी



जमशेदपुर। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश महामंत्री समरेश सिंह के नेतृत्व में क्षत्रिय समाज का एक प्रतिनिधि मंडल द्वारा आज बिस्टुपुर साइबर थाना में थाना प्रभारी से मिलकर आजसू पार्टी के आई टी सेल के लॉबीन चंद्र महतो के द्वारा क्षत्रिय समाज एवं सनातन धर्म के विरुद्ध अभद्र एवं आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में प्राथमिकी दर्ज करवाई गयी। मौके पर शिकायत दर्ज करवाने के उपरांत उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए समरेश सिंह ने कहा की क्षत्रिय समाज हमेशा से सनातन धर्म का रक्षक, राष्ट्रवादी और अनुशाषित रहा है उसने सदैव छत्तीस बिरादरी को लेकर चलने का काम किया है ऐसे में एक राजनैतिक दल के जिम्मेदार पदों पर बैठे व्यक्ति द्वारा ना सिर्फ क्षत्रिय समाज पर ओछी टिप्पणी की गयी है बल्कि सनातन धर्म का भी सार्वजनिक पटल पर अपमान किया गया है। अतः पुलिस प्रशासन से विनम्र आग्रह है की समय रहते ऐसे जहर फैलाने वाले व्यक्ति पर अविलंब कार्रवाई किया जाये वरना बाध्य होकर हमें स्वयं करवाई करना होगा। मौके पर अधिवक्ता रवि प्रकाश सिंह, क्षत्रिय महासभा के पूर्वी सिंहभूम जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राजपूत, सरायकेला जिलाध्यक्ष रवि शंकर सिंह, जमशेदपुर नगर अध्यक्ष श्रीकांत सिंह, बलदेव सिंह, राजेश सिंह, रवि राजू, रौनक सिसोदिया, सुखदेव सिंह, रमेश राजू, ललित सिंह, मोनू सिंह, इंद्रदेव सिंह, संतोष सिंह, मंटू सिंह, शुभम सिंह, मिथलेश सिंह आदि भी थे।

### टेल्को नीलडीह पार्क पतंजलि योग कक्षा ने मनाया बेल महोत्सव सह योग अभ्यास शिविर



जमशेदपुर। पतंजलि नियमित योग कक्षा टेल्को नीलडीह पार्क मे बेल महोत्सव सह अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के सुप्रसिद्ध आयुर्वेद चिकित्सक डॉक्टर मनीष डूडिया उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि बेल एक चमत्कारिक औषधि वृक्ष है, जिसके हर अंग का आयुर्वेद में प्रयोग किया जाता है। दशमूलारिष्ट, विल्वादि चूर्ण आदि में बेल एक मुख्य घटक के रूप में प्रयोग किया जाता है। बेल का हम कई रूपों में इस्तेमाल कर सकते हैं, गर्मियों में इसका शरबत पेट को ठंडा रखता है तथा कब्ज की शिकायत को दूर करता है। नीलडीह पार्क योग कक्षा के संचालक आशुतोष कुमार झा ने बेलपत्र और बेल वृक्ष का आध्यात्मिक और धार्मिक महत्व को विस्तार से बताया। इस अवसर पर ईशा फाउंडेशन के राजीव कुमार, आदित्य कुमार, विजय और सामंजस्य के टीम ने विशेष ध्यान सत्र का आयोजन किया। ईशा फाउंडेशन के राजीव कुमार ने बताया कि ध्यान योगाभ्यास का सबसे महत्वपूर्ण घटक है। यह अभ्यासकर्ता को नकारात्मक भावनाओं से दूर रखता है, भय, क्रोध, अवसाद, चिंता दूर करता है और सकारात्मक भावनाएं विकसित करने में सहायता करता है। पतंजलि सोशल मीडिया के जिला प्रभारी नरेंद्र कुमार ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया। समारोह के अंत में सभी साधकों को अमृत फल बेल से बनाए गए ताजे एवं ठंडे शरबत का रसास्वादन कराया गया और इसके लाभ के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में नीलड़ीह पार्क महिला योग शिक्षिका सुमिति प्रसाद, बसंती शर्मा, अल्पना सिंह, शिवप्रसाद सिंह, देवेन्द्र सिंह, राम जन्म प्रसाद, धर्मनाथ शर्मा, पद्मलोचन, गोविंद मिश्रा एवं संतोष हमाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

### पं. नेहरु की पुण्य तिथि पर शरबत वितरण



जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में पं. जवाहर लाल नेहरु के पुण्य तिथि के अवसर पर शर्बत वितरण कार्यक्रम का आयोजन विद्यापतिनगर में आयोजित किया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने कहा कि पं. जवाहर लाल नेहरु जी आधुनिक भारत के निर्माता थे। आज भारत उन बताए मार्ग पर चल कर सभी कठिनाई को पार करते हुए विकासशील देश के रुप में जाना जाता है। उनके पुण्य तिथि के अवसर पर नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। आज कांग्रेस के कार्यकत्ताओं ने उनके पुण्य तिथि पर शर्बत का विवरण कर पं. नेहरु जी के आदर्शों को जीवंत किया है। पं. नेहरु जी हम सबों के दिल में हमेशा याद किये जायेंगे। मौके पर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, प्रदेश सचिव सामंता, रविन्द्र मौर्या, राजकुमार वर्मा, अतुल गुप्ता प्रखण्ड अध्यक्ष गोलमुरी, राजेश चौधरी, संजय घोष प्रखण्ड अध्यक्ष बिरसानगर, गुरुपदो गोराई मंडल अध्यक्ष विनोद यादव, सुनीता ओझा, रंजीत झा, अखिलेश यादव, सचिन कुमार सिंह एनएसयूआई अध्यक्ष, सुशील घोष सहित कांग्रेसजन शामिल हुए।

### नौरंगराय सूर्यादेवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर चांडिल का रिजल्ट रहा शत प्रतिशत

चांडिल। नौरंगराय सूयार्देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर चांडिल मैट्रिक का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। इस वर्ष कुल 104 विद्यार्थी माध्यमिक परीक्षा में सम्मिलित हुए जिसमें 101 प्रथम श्रेणी तथा तीन द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इस वर्ष विद्यालय का प्रथम स्थान नेहा हालदार जिन्होंने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टापर्स से उत्तीर्ण हुए द्वितीय स्थान पर रिंकू सतपति जिन्होंने 95.20 प्राप्त किया तृतीय स्थान पर विनीत कुमार और जगन्नाथ सेन सम्मिलित रूप से 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किया चतुर्थ स्थान पर भैया अभिजीत सेन जिन्होंने 94. 80 अंक प्राप्त किया। वहीं पंचम स्थान पर जगदीश राय जिन्होंने 94.60 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। इस वर्ष विद्यालय के 20 छात्रों ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक लाकर विध्यालय का नाम रोशन किया।

## डॉ त्रिपुरा झा के किताब लिव इन रिलेशनशिप का हुआ विमोचन

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। शहर की जानी मानी शिक्षाविद डॉ त्रिपुरा झा की किताब लिंव इन रिलेशनशिप का विमोचन मंगलवार को तुलसी भवन के प्रेक्षागृह में संपन्न हुआ। इस किताब का विमोचन राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता कुणाल षाडंगी, सुरभि के अध्यक्ष गोविंद दोदराजका, तुलसी भवन के महासचिव प्रसेनजीत तिवारी तथा हिन्दूपीठ के अध्यक्ष अरुण सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस पुस्तक लोकार्पण कार्यक्रम में कुणाल सारंगी ने पुस्तक के अहम पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। विषय प्रवेश प्रसेनजीत तिवारी के द्वारा किया गया। गोविंद दोदराजका के द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की गयी। विमोचन के बाद अपने संबोधन मे शिक्षामंत्री रामदास सोरेन ने मौजूदा सामाजिक जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने समाज में व्याप्त रूढ़िवादिता को तोड़ने की वकालत की। कार्यक्रम का मंच संचालन खुशबू ठाकुर ने किया।

## जमशेदपुर में बेकाबू कार से महिला चालक ने कई लोगों को किया घायल

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। जमशेदपुर के सर्किट हाउस एरिया, साई मंदिर के पास आज एक तेज रफ्तार कार ने कोहराम मचा दिया। बताया जा रहा है कि एक महिला चालक, जो एक नई किआ सेल्टोस कार चला रही थी, अपना नियंत्रण खो बैठी। तेज रफ्तार में कार ने पहले कई राहगीरों और गाड़ियों को टक्कर मारी और फिर एक दीवार से जा टकरायी।

इस हादसे में करीब तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला चालक भी घायल हुई है और उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गाड़ी इतनी तेज थी कि किसी को संभलने का मौका तक नहीं मिला। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत कार को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि महिला चालक ने तेज रफ्तार से गाड़ी क्यों चलाई। क्या यह तकनीकी खराबी थी, अनुभव की कमी या कोई और वजह?


एक्सीडेंट के बाद क्षतिग्रस्त कार और घायल को कार से निकालते लोग।

## निश्चय फाउंडेशन आज लांच करेगा पीरियड एंड साइंस जन जागरुकता अभियान

खबर मन्त्र ब्यूरो




जमशेदपुर। विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस 2025 के मौके पर सामाजिक संस्था निश्चय फाउंडेशन, झारखंड के द्वारा पीरियड्स एंड साइंस जनअभियान का शुभारंभ किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य संस्थान के द्वारा ग्रामीण इलाकों में लगातार जारी माहवारी स्वच्छता व किशोरी महिला स्वास्थ्य व अन्य कार्यशालाओं के दौरान बच्चों में वैज्ञानिक अभिरुचि की पहचान करते हुए ग्रामीण व सुविधावंचित समुदाय के चयनित बच्चों को विज्ञान शिक्षा के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने को प्रेरित करना है। जिससे निकट भविष्य में समाज में व्याप्त रूढ़िवादी सोच व अंधविश्वास में कमी आ सके। अभियान का शुभारंभ 28 मई की सुबह 9:30 बजे पश्चिम सिंहभूम जिले के मंझारी स्थित कल्पना चावला साइंस क्लब, पांड्राशाली में बच्चों व ग्रामीणों के साथ पीरियड एंड साइंस कार्यशाला आयोजित कर किया जाएगा। बताते चले कि सामाजिक संस्थान निश्चय फाउंडेशन 25 मई 2025 को अपने स्थापना के 8 वर्ष पूरे कर रहा है। संस्थान ने ग्रामीण इलाके में रहने वाले बच्चों के बेहतरी के लिए भरसक प्रयास किया है।

## जियो ब्लैकरॉक को म्यूचुअल फंड बिजनेस के लिए मिली सेबी की मंजूरी

- सिड स्वामीनाथन को मिली नई एसेट मैनेजमेंट कंपनी के एमडी और सीईओ की जिम्मेदारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर/मुंबई। जियोब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को भारत में म्यूचुअल फंड बिजनेस के लिए सेबी की मंजूरी मिल गई है। यह कंपनी जियो फाइनेंस सर्विसेस लिमिटेड और ब्लैकरॉक कंपनी का सयुंक्त उद्यम है। उम्मीद की जा रही है कि अब जल्द ही कंपनी भारतीय म्यूचुअल फंड बाजार में कदम रख देगी। सिड स्वामीनाथन को जियोब्लैकरॉक ने कंपनी का प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। जेएफएसएल की गैर-कार्यकारी निदेशक ईशा अंबानी ने कहा : ब्लैकरॉक के पास वैश्विक निवेश विशेषज्ञता है तो जियो के पास डिजिटल-फर्स्ट इनोवेशन, ब्लैकरॉक के साथ हमारी यह साझेदारी एक सशक्त साझेदारी है। साथ मिलकर, हम हर भारतीय के लिए निवेश को सरल, सुलभ और समावेशी बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# मानगो पेयजल परियोजना के 10 वर्षों के कार्यकलाप की होगी जांच

खबर मन्त्र ब्यूरो


मानगो जलापूर्ति योजना का निरीक्षण करते विधायक सरयू राय।

जमशेदपुर। जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने मंगलवार को मानगो पेयजल परियोजना के पिछले 10 वर्षों के कार्यकलापों की जांच मांग पेयजल स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव से की जिसे प्रधान सचिव ने स्वीकार कर लिया है।

सरयू राय ने यहां जारी बयान में कहा कि मंगलवार को उन्होंने पेयजल स्वच्छता विभाग के अधिकारियों और परियोजना का संचालन करने वाले संवेदक के साथ परियोजना के इंटकवेल और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया और पाया कि परियोजना के संचालन में घोर लापरवाही बरती जा रही है। इंटकवेल के किनारे काई जमी हुई है। जलकुंभी के पौधे उग आए हैं। पानी आने के रास्ते में अन-? जलीय पौधे भी उग आए हैं। इंटकवेल के 6 पंपों में से दो पूरी तरह और एक आधा-अधूरा कार्य कर रहा था। जितना पानी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में जाना चाहिए, उतना पानी नहीं जा रहा है। कहां कितना पानी जा रहा है, इसका कोई रिकार्ड भी नहीं है। सरयू राय ने उसी वक्त इसकी सफाई का आदेश दिया और कार्यपालक अभियंता से कहा कि इंटकवेल की ऐसी स्थिति रहेगी तो परियोजना का उद्देश्य पूरा नहीं होगा।

श्री राय ने बताया कि वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में उन्होंने पाया कि जो भी स्वचालित व्यवस्थाएं हैं, वो ठप हो गई हैं। सिर्फ मैन्युअल काम हो रहा है। क्लोरीन और फिटकरी का जितना डोज चाहिए, उसके निर्धारण के बारे में भी कोई ठोस आधार नहीं है।

### सरयू राय की मांग को पेयजल स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव ने किया मंजूर

**सरयू के सवाल**

- परियोजना के संचालन में घोर लापरवाही बरती जा रही
- जितना पानी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में जाना चाहिए, उतना पानी नहीं जा रहा
- कहां कितना पानी जा रहा है, इसका कोई रिकार्ड भी नहीं
- वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से सभी 6 जोनों में पानी का वितरण घोर पक्षपातपूर्ण
- जोन नंबर 1 से 5 तक कम आपूर्ति तो जोन नंबर 6 में भरपूर जलापूर्ति
- जोन नंबर 6 के लिए अलग से राइजिंग पाइपलाइन क्यों बिछायी गयी

## स्पीड न्यूज

### जैक 10वीं : नरसिंहपुर पथरा +2 उवि को अविनाश को जिले में तीसरा स्थान



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के राजकीय उच्च विद्यालय नरसिंहपुर पथरा+2 विद्यालय का छात्र अविनाश कुमार पिता सुनील चौरसिया ने जैक के 10वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में जिला में 8वां स्थान व प्रखंड में पहला स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। प्रधानाध्यापक प्रेम रंजन सिन्हा ने बताया कि अविनाश 477 अंक 95 .5 प्रतिशत लाकर विद्यालय का नाम रौशन किया है। मुखिया मीना देवी और सेवानिवृत्त शिक्षक व्यास राम चौरसिया ने बधाई दी है।

### शांतनु 97% अंक लाकर पांकी टॉपर



**पांकी पलामू।** मैट्रिक परीक्षा में पांकी राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र शांतनु कुमार गुप्ता ने 97 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय एवं प्रखंड टॉपर बना। उसके परीक्षाफल से विद्यालय के प्राचार्य कुलेश्वर राम उसके पिता हीरा गुप्ता ने खुशी जाहिर की है।

### जिला टॉपर आशुतोष आईएएस और प्रफुल्ल बनना चाहता है डॉक्टर



**पंडवा, पलामू।** जैक के 10वीं बोर्ड में पलामू जिले के आशुतोष रंजन प्रथम जबकि प्रफुल्ल मेहता नौवें स्थान लाकर टॉप टेन में रहा है। दोनों छात्र प्रखंड के सरकारी हाई स्कूल लामीपतरा और +2 उवि लोहड़ा के छात्र हैं। 500 अंक की परीक्षा में आशुतोष 486 लाकर जिले में प्रथम जबकि जिला में नौवें स्थान पर प्रफुल्ल ने 476 अंक प्राप्त किया है। जिला टॉपर पंडवा प्रखंड के छेछौरी का आशुतोष ने बताया कि वह आगे की पढ़ाई गुरुजनों एवं माता-पिता के मार्गदर्शन में कर देश सेवा के लिए आईएएस बनना चाहता है। पिता सुधीर मेहता और मां सुषमा कुमारी ने बताया कि बेटे की पढ़ाई के लिए जी जान से मेहनत कर कोई कमी नहीं होने देंगे। वहीं लोहड़ा के प्रफुल्ल ने अपनी सफलता के पीछे गुरुजनों और माता-पिता का श्रेय दिया। वह मेडिकल की पढ़ाई कर एक अच्छा डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करना चाहता है। दोनों छात्रों के अभिभावकों ने कहा कि पंडवा स्थित एलएलटीसी के डायरेक्टर मोनीर हुसैन और सह संस्थापक सतीश मेहता के मार्गदर्शन में बच्चे टॉप 10 में स्थान बनाये है।

### टॉप टेन में रहमानिया उवि के तीन छात्र

**मोहम्मदगंज।** राजकीयकृत प्लस टू रहमानिया उच्च विद्यालय तारा मोहम्मदगंज पलामू के विद्यार्थियों ने माध्यमिक परीक्षा 2025 बेहतरीन प्रदर्शन किया। विद्यालय के नियमित 290 छात्र/ छात्राओं ने परीक्षा में सम्मिलित थे। जिसमें 289 छात्र/ छात्रा सफल रहे। परिणाम प्रतिशत 99 .66 रहा है। प्रथम श्रेणी से पास करने वाले छात्र -छात्राओं की संख्या 271 (93प्रतिशत) है। जबकि 19 सेकंड किये हैं। विद्यालय के टॉप 3 विद्यार्थी जिला के टॉप टेन में भी शामिल हैं।

### पीएम श्री स्तरोन्नत +2 उवि का रिजल्ट 99.2%

**मोहम्मदगंज, पलामू।** जैक द्वारा मंगलवार को दसवीं बोर्ड की परीक्षा का परिणाम जारी किया गया। प्रखंड के पीएम श्री स्तरोन्नत 10+2 उच्च विद्यालय मोहम्मदगंज के 99 .2 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल रहे। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि दसवीं बोर्ड की परीक्षा में विद्यालय के 376 छात्र छात्र परीक्षा में शामिल हुए जिसमे 373 परीक्षार्थी सफल रहे 1 छात्र पूरी परीक्षा अनुपस्थित रहा, जबकि 2 असफल हुए। प्रथम तीन में पुष्पम कुमार ने 89 .60 प्रतिशत, ओमप्रकाश 89 .60 प्रतिशत और रौशन कुमार ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है।

### विदाई भावुक पल : विवेकानंद त्रिपाठी



**सतबरवा पलामू।** संत महात्माओं के प्रति मेरा हृदय सम्मान और कृतज्ञता से भरा है। उन्होंने हमें ज्ञान, प्रेरणा और मार्गदर्शन दिया है। उनकी नि:स्वार्थ सेवा और त्याग ने हमें सच्ची राह दिखाई है। यह कहना है लहलहे में आयोजित सात दिवसीय भगवत कथा के आयोजक विवेकानंद त्रिपाठी का। श्री त्रिपाठी भगवत कथा के समापन पश्चात स्वामी मारुति किंकर जी महाराज के विदाई समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि संत हमें सिखाते हैं कि जीवन को कैसे जीना है, कैसे प्रेम करना है और कैसे दूसरों की मदद करनी है। उन्होंने कहा कि जिनके सानिध्य में यह सात दिवसीय भगवत कथा संपन्न हुई वे बधाई के पात्र हैं। विदाई एक दुखद क्षण है, लेकिन हमें यह भी याद रखना चाहिए कि यह एक नये अध्याय की शुरुआत भी है। मौके पर नवीन तिवारी, सुरेश्वर तिवारी, अभिमन्यु तिवारी, रामनिवास तिवारी, राणा सिंह, महिमानंद तिवारी, दीपक दूबे, संजय त्रिपाठी, धनंजय त्रिपाठी, धीरेंद्र तिवारी, मृत्युंजय तिवारी छोटू आदि भी थे।

### आभूषण के साथ चोर गिरफ्तार



**चैनपुर पलामू।** चैनपुर पुलिस ने चोरी के आभूषण के साथ एक युवक को ग्राम नरसिंहपुर पथरा से गिरफ्तार किया है। पुलिस निरीक्षक जीतराम महली व चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने प्रेस वार्ता में कहा कि 19 अप्रैल को सतबरवा प्रखंड के ग्राम लहलहे निवासी प्रीती देवी पति अंकित लाल के लिखित आवेदन के आधार पर चैनपुर थाना में मामला दर्ज किया गया था। जिसमें संदिग्ध प्रवीण चौधरी पिता सीताराम चौधरी को गिरफ्तार किया गया।

### सघन जांच अभियान में कई वाहन जब्त



**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने सदीक चौक पर चार पहिया और दोपहिया वाहन, टेंपो की जांच की। जिसमें 13 बाइक एवं 01 कार को जब्त किया गया है। सभी का चालान फाइन जिला परिवहन कार्यालय पलामू में कटेगा। 27 को 11 बाइकों की चालान राशि 12,235 रुपये, 01 कार से 10,185 रुपये 01 कंटेनर ट्रक से 6150, 01 ई रिक्शा से 1150 रुपये आया।

# रानी अहिल्याबाई ने जनसेवा में परिवार को खोया, राज्य सरकार ने जनसेवा को नजरअंदाज कर परिवार को बढ़ाया : रघुवर दास

- पुण्यलोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर टाउन हॉल में भाजपा की संगोष्ठी
- अहिल्याबाई ने महिलाओं के पुनरूत्थान के लिए रूढ़िवादी परंपराओं को तोड़ा
- झारखंड सरकार ने मंईयां सम्मान योजना के नाम पर महिलाओं को अपमानित किया

**खबर मन्त्र टोली**

**मेदिनीनगर।** भाजपा ने पुण्यलोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म जयंती पर पंडित दीनदयाल स्मृति भवन में संगोष्ठी जिलाध्यक्ष अमित तिवारी की अध्यक्षता में की। जिसके मुख्य अतिथि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास ने दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि 18वीं सदी में रानी अहिल्याबाई ने अपनी साहस व वीरता के बल पर मराठा सम्राज्य को समृद्ध बनाने में अपनी अहम योगदान दिया। उन्होंने रूढ़ियों को तोड़ते हुए एक नयी राह बनाया। उस समय सती प्रथा, विधवा प्रथा समेत कई ऐसी कुरीतियां थी जिससे महिलाओं को मुक्ति दिलाने का काम रानी अहिल्याबाई ने किया। उनके 29 वर्षों के कार्यकाल में कई ऐसे उल्लेखनीय कार्य हैं जिसे देश के इतिहासकारों व कांग्रेस सरकारों ने देश की जनता से छूपाये रखा। श्री दास ने कहा कि अहिल्या बाई के कार्यकाल में महिला सुरक्षा सर्वोपरि हुआ करता था। भारतीय संस्कृति व हिंदू संस्कृति को बचाने के लिए उन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी। कार्यक्रम में हुसैनाबाद के पूर्व विधायक कमलेश सिंह, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, पूर्व विधायक पुष्पा, पूर्व सांसद मनोज कुमार, श्याम नारायण दुबे, पूर्व सांसद घूरन राम, विपिन बिहारी सिंह, लवली गुप्ता, विभाकर पांडेय, भाजपा नेत्री सह समाजसेवी स्मिता, अविनाश वर्मा, विजय ओझा, अरविंद गुप्ता भी थे।



कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

**अहिल्याबाई ने देश के उत्थान के लिए जनसेवा को अपनाया : बीडी राम**

पलामू सांसद बीडी राम ने कहा कि भारतीय इतिहास के उन गिने नामों में रानी अहिल्याबाई का नाम आता है जिन्होंने देश व जनता के उत्थान के लिए जनसेवा को अपनाया। उन्होंने नारी के महत्व को समझ नारी उत्थान के लिए कई कारगर कदम उठाया। रानी अहिल्या बाई उस जमाने में जनता दरबार लगाती थी जिससे जनता का काम होता था। वर्तमान सरकार जनता दरबार लगाकर जनता को ठग रही है।

**महान विभूतियों को इतिहासकारों ने भुलाने का काम किया : विधायक आलोक :** विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि तीन सौ वर्ष पूर्व की स्थिति क्या रही होगी आज हम सभी रानी अहिल्याबाई की जीवनी पढ़कर समझ पा रहे हैं। आज वैसे महान विभूतियों को देश के इतिहासकारों ने भुलाने का काम किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैसे महान विभूतियों को देश के मानचित्रों पर रखने का काम कर रहे हैं।

**रघुवर की ओर देख रही राज्य की जनता : डॉ मेहता**- पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि रानी अहिल्या बाई जिस प्रकार जनता के बीच लोकप्रिय थी आज रघुवर भी जनता के लिए समर्पण भाव दिखाकर लोकप्रिय हुए हैं। इनके पुनः सक्रिय राजनीति में आने से झारखंड की जनता आशा भरी निगाहों से देख रही है।

**विभूतियों को अब तक छिपाये रखा : चंद्रवंशी**- पूर्व विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि देश आजादी के बाद स्वतंत्रता संग्राम में अपनी भूमिका निभानेवाले कई ऐसे राजा महाराजा, रानी हुआ करते थे जो मुगलों व अंग्रेजों से जनता के हितों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहूतियां दी हैं। आज वैसे कई विभूतिओं को भारत के इतिहासकार व कांग्रेस सरकार ने छिपाये रखा।

**भाजपा नेत्री स्मिता ने किया स्वागत :** भाजपा नेत्री स्मिता आनंद ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास के पलामू आगमन पर सैकड़ों महिला कार्यकर्ता एवं महिला मंडली के साथ जोरदार स्वागत किया। श्री दास टाउन हॉल में पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती पर आयोजित संगोष्ठी में शामिल होने पहुंचे थे।



## होल्कर का पूरा जीवन देश की धार्मिक-सांस्कृतिक धरोहरों के जीर्णोद्धार से जुड़ा था : अरुणा शंकर

- प्रथम महापौर ने किया पूर्व सीएम रघुवर दास का जोरदार स्वागत



मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने सैकड़ों समर्थक महिलाओं के साथ नगर भवन में रघुवर दास का जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में आयी प्रथम महापौर के साथ जितनी महिलाएं थी सभी ने भाजपा झंडे के कलर का प्रधानमंत्री एवं प्रथम महापौर के फोटोयुक्त छतरी को ले रखा था जिससे देखने में पूरा मैदान भगवामय लग रहा था। पूर्व सीएम ने सभी महिलाओं से मिलते हुए महिलाओं का अभिवादन स्वीकार किया। श्रीमती शंकर ने कार्यक्रम में कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का पूरा जीवन देश की धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों का जीर्णोद्धार से जुड़ा हुआ था। केंद्र सरकार ने उनके जीवन से जुड़े उद्देश्य को लेकर आज पूरे देश में धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहर को पुनर्जीवित कर रहा है। पार्टी भी अपने 300वीं जयंती पर कार्यक्रम कर उनके योगदान को याद कर रही है, जो सौभाग्य की बात है। मौके पर उपस्थित कई वक्ताओं ने अहिल्याबाई होलकर की जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके पर सांसद बीडी राम, विधायक शशि भूषण मेहता, पूर्व विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, पूर्व विधायक कमलेश सिंह, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, विजय ओझा, अरविंद गुप्ता, पलामू चैंबर महिला विंग की अध्यक्ष प्रियंका सिंघानिया, टीना, संध्या तथा काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

# झारखंड में सिंडिकेट चला रही है महागठबंधन सरकार : रघुवर दास

- पूर्व पीएम पीवी नरसिम्हा राव ने कहा था- सरना धर्म को लागू करना संभव नहीं
- झारखंड सरकार पेसा कानून क्यों नहीं लागू कर रही जो इसका अधिकार है

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड में विगत सवा पांच वर्षों से जो सरकार चल रही है वह झूठ व प्रचार के सहारे जनता को धोखा देकर चलायी जा रही है। जिस कारण राज्य की जनता काफी त्रस्त नजर आ रही है। वर्तमान समय में शासन व शासक दोनों ही मस्त होकर भ्रष्टाचार में डूबकी लगा रहे हैं। इस राज्य में अबुआ सरकार के आदिवासी मुख्यमंत्री के रहते ही आदिवासियों की अस्मिता लूटी जा रही है इस पर सरकार चुप्पी साधे हुई है। मईयां सम्मान योजना के नाम पर सत्तासीन होनेवाली सरकार महिलाओं के साथ विश्वासघात किया है। उक्त बातें झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास ने पलामू आगमन पर परिसदन में कही।



पत्रकार वार्ता में जानकारी देते पूर्व सीएम, सांसद व अन्य।

सरकार बनाने से पूर्व 18 से 50 वर्ष के सभी कोटि की महिलाओं को एक मुश्त 2500 रूपये प्रतिमाह देन की घोषणा की गई थी जिसमें 70 लाख से अधिक आबादी महिलाओं की है। आज जब राशि देने की बारी आई तो जेएमएम, कांग्रेस व राजद वाली गठबंधन सरकार ने महिला सम्मान योजना में कई शर्तें लागू कर महिलाओं के साथ धोखा किया है। झारखंड में तीन माह से अधिक समय से विकलांग, विधवाओं को पेंशन नहीं दिया जा रहा है। पांच वर्ष पूर्व अपराधी व उग्रवादी मांद में छूप गये थे। आज इनकी सक्रियता से आये दिन प्रतिदिन राजधानी समेत राज्य के विभिन्न जिला, प्रखंड व पंचायतों में हत्या, लूट, अपहरण, दुष्कर्म की घटनाएं होती रही है।

# पलामू प्रमंडल से नक्सलियों का सफाया किया जायेगा : आईजी

- उग्रवादी आत्मसमर्पण करें वरना अंजाम भुगतने को रहें तैयार : डीआईजी वाई एस रमेश
- हुसैनाबाद मुठभेड़ में भाकपा माओवादी के एरिया कमांडर हुआ ढेर : एसपी रीष्मा रमेसन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक झारखंड के निर्देशानुसार पलामू प्रमंडल में प्रतिबंधित नक्सली संगठनों के विरूद्ध विशेष रूप से सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसमें उग्रवादी संगठन के लोगों को सरकार के आत्मसमर्पण नीति के तहत आत्मसमर्पण करने को कहा जा रहा है लेकिन वे अपने हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। पुलिस अधीक्षक सभागार में प्रेस वार्ता को संबोधित कर आईजी सुनील भास्कर ने कही। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में लातेहार जिला में पुलिस व नक्सली संगठनों के बीच मुठभेड़ हुई थी जिसमें नक्सली मारे गये थे। जो पुलिस के लिए बहुत ही सफलता की बात है। उन्होंने कहा कि नक्सली मुख्यधारा से जुड़कर काम करें। डीआईजी वाई एस रमेश ने हुसैनाबाद व लातेहार मुठभेड़ की घटना की चर्चा करते हुए कहा कि उग्रवादी आत्मसमर्पण करें, नहीं तो अंजाम भुगतने को तैयार रहें।



जानकारी देते आईजी।

25 मई से प्रमंडल के तीनों जिला में विशेष रूप से नक्सलियों के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। यह कार्रवाई निरंतर ही चलता रहे। एसपी रीष्मा रमेसन ने कहा कि गुप्त सूचना प्रात थी कि हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नया केमो एवं प्रतापपुर के जंगली क्षेत्र में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए 15 लाख का ईनामी भाकपा माओवादी के रिजनल कमांडर नीतेश यादव का दस्ता भ्रमणशील है। इसके सत्यापन के लिए एसपी अभियान राकेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम बनी। जिसके बाद पुलिस बल के साथ प्रतापपुर के जंगल में छापेमारी अभियान चलाया गया।

## पुलिस से मुठभेड़ में एरिया कमांडर ढेर

- बारह घंटे मुठभेड़ में पुलिस के तरफ से तीन सौ राउंड गोलियां चलायी गयी
- नक्सली आत्मसमर्पण करें वरना गोली खाने को रहें तैयार : एसपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** थाना क्षेत्र के प्रतापपुर जंगल में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के रिजनल कमांडर नीतेश यादव उर्फ इरफान उर्फ नंदू उर्फ किरानी अपने दस्ता के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए गतिमान था। इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन को गुप्त तरीके से था। इस पर कार्रवाई करने के लिए पुलिस अधीक्षक ने अभियान एएसपी राकेश सिंह, हुसैनाबाद एसडीपीओ को याकूब एवं सीआरपीएफ 172 बटालियन, जैप आठ, जिला सैट तथा नावा बाजार, मोहम्मदगंज, पांडू, हैदरनगर के थाना प्रभारी व अन्य पुलिस बलों के साथ उक्त स्थान पर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। जहां पर नक्सलियों ने पुलिस को देखते ही गोली चलानी शुरू कर दी। इस पर पुलिस द्वारा आत्मसमर्पण करने को कहा गया लेकिन नक्सली गोली चलाते ही रहे। इसका नेतृत्व एसपी कर रही थीं।



## पड़वा प्रखंड क्षेत्र के छेछौरी के किसान का बेटा बना जिला टॉपर

- गांवों में खुशी की लहर, स्टेट के टाप टेन में भी है शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पंडवा पलामू।** मैट्रिक की परीक्षा में लामीपतरा हाई स्कूल का छात्र आशुतोष रंजन 97.20% अंक प्राप्त कर जिला टापर बना। इसके साथ ही स्टेट टापर के टाप टेन में भी शामिल हैं। आशुतोष पड़वा प्रखंड के छेछौरी के सुधीर मेहता का पुत्र है। जिला टॉपर बनने पर पिता सुधीर महतो माता सुषमा कुमारी सहित परिवार में खुशी की लहर है। आशुतोष ने बताया कि उसकी उम्मीद के अनुसार ही परीक्षा परिणाम आया है। भविष्य के लक्ष्य के सवाल पर आशुतोष ने बताया कि उसने लक्ष्य बहुत पहले ही तय कर पढ़ाई की है लेकिन उसे वह अभी सार्वजनिक नहीं करेगा। उसने बताया कि अक्सर देखा जाता है कि अभी लोग भविष्य का लक्ष्य तो बता देते हैं लेकिन जब वे लक्ष्य हासिल नहीं कर पाते हैं तो उपहास के पात्र बन जाते हैं। मेरा भी लक्ष्य निर्धारित है और अभी तक मैं अपने लक्ष्य प्राप्ति में सफल रहा हूं।



### पुलिस नक्सली मुठभेड़ में नरेश भुइयां ढेर



**मोहम्मदगंज।** पलामू जिला के मोहम्मदगंज, पांडू, हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के सीमावर्ती माहुर मंगरदह जंगल में सोमवार की देर शाम पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ में मारा गया तुलसी भुइयां माहुर गांव का निवासी है। इसमें पलामू एसपी रिष्मा रमेशन के नेतृत्व में अभियान एसपी सहित कई वरीय पुलिस पदाधिकारी, विभिन्न थाना प्रभारी, मोहम्मदगंज थाना प्रभारी मुकेश सिंह के साथ मोहम्मदगंज थाना के पुलिस जवान भी शामिल थे।

### साइड लेने में पलटी बस, आधा दर्जन यात्री जख्मी



**हरिहरगंज पलामू।** थाना क्षेत्र के ढकचा हाइस्कूल के समीप आरइओ सड़क पर मंगलवार को सिटी राइड (जेएच 03 बी 7785) यात्री बस साइड लेने के दौरान 10 फीट गहरे गड्ढे में पलट गयी। जिससे उस पर सवार आधा दर्जन यात्री जख्मी हो गये। सभी का इलाज किया गया। यात्री बस ढकचा से मेदिनीनगर जा रही थी। बस में 15 यात्री सवार थे। अन्य यात्रियों को मामूली चोट आई है। जानकारी के अनुसार सुबह 8 .30 बजे ढकचा से सिटी राइड यात्री बस 15 यात्रियों को लेकर मेदिनीनगर जा रही थी। हाइस्कूल के समीप आरइओ सड़क पर मकान ढलाई के बाद रोड पर खड़ी मिक्चर मशीन से साइड लेने में अनियंत्रित होकर 10 फीट गहरे गड्ढे में पलट गयी। घटना के बाद चीख पुकार सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और बस का शीशा तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला।

### पड़वा पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



**मेदिनीनगर।** पड़वा पुलिस ने ऑटो मालिक रंजीत मेहता के हत्या की दो आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी पुलिस निरीक्षक अनील सिंह व पड़वा थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव ने दी। थाना प्रभारी ने बताया कि 18 मई को पड़वा थाना क्षेत्र के अमानत नदी तट पर पुलिस ने एक शव बरामद किया था। शव की पहचान शहर थाना क्षेत्र के सुदना के रंजीत के रूप में हुई थी। मृतक की पत्नी नीलम कुमारी ने ब्रजकिशोर दुबे उर्फ छोटन, अमन सिंह, रामलाल मेहता, भोला महतो, तारामनी महतो, लालमोहन महतो के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

## जैक बोर्ड : ज्ञान दीप कॉन्वेंट स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत, अमित राज टॉपर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला ज्ञान दीप कॉन्वेंट स्कूल के मैट्रिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस स्कूल से कुल 47 छात्र -छात्राओं ने जैक बोर्ड से मैट्रिक का परीक्षा दिया था। सभी छात्र -छात्रा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुये। छात्र अमित राज 95.02 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बना। वहीं ईश्वरी कुमार 94.02 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय, फरहान अख्तर 94 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय,अमन कुमार 93 प्रतिशत अंक लाकर चतुर्थ व विशाल कुमार 92.06 प्रतिशत अंकों के साथ पांचवां स्थान हासिल किया। स्कूल के संस्थापक अवध बिहारी पांडेय ने बच्चों के सफलता का श्रेय उनके कठिन परिश्रम व शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन को दिया। कहा कि स्कूल के स्थापना काल से दसवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है।



### तेज रफ्तार स्कार्पियो ने ट्रैक्टर में मारी टक्कर

**हरिहरगंज पलामू।** थाना क्षेत्र के सूलतानी बस स्टैंड के समीप एनएच 98 फोरलेन सड़क पर मंगलवार को स्कार्पियो ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। जिससे ट्रैक्टर पर बैठा एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी पहचान हरिहरगंज के बांसो निवासी घुरा भुईयां का पुत्र सतेन्द्र (20) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर छतरपुर की ओर से आ रही थी। तभी तेज रफ्तार में आ रहे स्कार्पियो ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दी।

## विद्युत विभाग ने शुरू किया मेन रोड से जर्जर पोल तार बदलने का कार्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हरिहरगंज पलामू।** विद्युत विभाग ने शहरी क्षेत्र में एनएच 139 किनारे स्थित जर्जर बिजली खंभों तथा तार बदलने का कार्य मंगलवार से प्रारंभ कर दिया है। जर्जर पोल तार रहने से हमेशा दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। साथ ही सड़क जाम रहने का एक कारण भी था। इसे बदलने के लिए वर्षों से मांग की जाती रही है। गत दिनों भाजपा नेता राजीव रंजन ने सीओ हरिहरगंज को ज्ञापन देकर कहा था कि जर्जर हो चुके बिजली खंभों तथा झूलते तार को 30 मई तक नहीं बदला गया तो वे एनएच 139 पर शहरी क्षेत्र में बड़े वाहनों का परिचालन रोक देंगे। हालांकि दिए गए समय-सीमा से पहले ही बिजली विभाग द्वारा पोल तार बदलने का कार्य शुरू कर देने से शहरवासियों में हर्ष है।



# पलामू के 105वें उपायुक्त के रूप में समीरा एस ने ग्रहण किया पदभार

- सभी के सहयोग से पलामू का होगा विकास : उपायुक्त
- पलामू में टीम भावना के साथ कार्य करने की कोशिश की, विकास कार्यों में सबका सहयोग मिला : शशि रंजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2018 बैच की अधिकारी समीरा एस आज पलामू के 105 वें जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण कार्यक्रम समाहरणालय के ब्लॉक-ए के द्वितीय तल पर अवस्थित नये सभागार भवन में संपन्न हुआ। निवर्तमान उपायुक्त शशि रंजन ने उन्हें प्रभार सौंपा और फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया।

पदभार ग्रहण के उपरांत नव पदस्थापित उपायुक्त समीरा एस पदाधिकारी एवं मीडिया से मुखातिब हुईं। उन्होंने सभी से सहयोग की अपेक्षा जतायी। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से पलामू का विकास होगा। उन्होंने विकास के कार्यों को आगे ले जाने की बातें कही।

निवर्तमान उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि पलामू में टीम भावना के साथ कार्य करने की कोशिश की। पलामू के विकास कार्यो में आमजनों के साथ- साथ, पदाधिकारी एवं मीडिया का काफी सहयोग मिला। उन्होंने सभी से जिले के चहुंमुखी विकास में वर्तमान उपायुक्त को भी सहयोग करने की उम्मीद जतायी।

# आईएएस बनना चाहती है टॉपर साक्षी

- जपला शहर के पटेल नगर की साक्षी और गणेशपुरी की सोनल कुमारी बनी मैट्रिक में जिला टॉप
- दोनों छात्राओं ने 96 .40 अंक लाकर क्षेत्र का नाम रौशन किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू।** जैक बोर्ड के मैट्रिक परीक्षा परिणाम घोषित होते ही लोग इंटरनेट सुविधा की ओर दौड़ पड़े। हुसैनाबाद शहर के पटेल नगर कुर्मी टोला की साक्षी कुमारी, 96.40% लाकर क्षेत्र व पटेल नगर की नाम रौशन की हैं। साक्षी पलामू जिला में टॉप टेन में अपनी जगह बनायी है साक्षी दिलीप कुमार चौधरी,व ऐश्वर्या चौदरी की बेटी है, साक्षी इस सफलता का श्रेय अपने मां और पिता और गुरुजनों को दिया है, साक्षी ने बताया का वह आगे यूपीएससी की पढ़ाई कर देश की सेवा करना चाहती है।




**प्रशासनिक सेवा में जाने का लक्ष्य : सोनल**- हुसैनाबाद। मैट्रिक की परीक्षा में सोनल कुमारी 96.40 प्रतिशत लाकर पलामू जिला में टॉप टेन में अपनी जगह बनायी है, सोनल कुमारी नगर पंचायत क्षेत्र के गणेशपुरी क्लोनी निवासी अशोक कुमार की बेटी है, सोनल अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता मां के साथ अपने दादा रामनंदन राम जो बाल विकास परियोजना से सेवा निवृत्त हो चुके हैं और साथ ही अपने स्कूल के सभी शिक्षकों को दिया है, सोनल का कहना है की किसी भी परीक्षा में सफल होने के लिये नियमित पढ़ाई जरूरी है, सही मार्गदर्शन और खुद पर भरोसा रखना चाहिए।

# गढ़वा में सरना धर्म कोड की मांग को लेकर झामुमो का विशाल धरना प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता




**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व में मंगलवार को आदिवासी समाज ने सरना धर्म कोड की मांग को लेकर गढ़वा में जोरदार प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में भारी संख्या में आदिवासी समुदाय के लोगों ने भाग लिया और एकजुट होकर केंद्र सरकार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर और भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव ने धरना को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार पर आदिवासी अस्तित्व को खत्म करने की साजिश का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब जनगणना कॉलम में अन्य धर्मों के लिए कोड है, तो 12% आबादी वाले आदिवासियों के लिए सरना धर्म कोड क्यों नहीं? विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि यदि केंद्र सरकार सरना धर्म कोड को मान्यता नहीं देती है, तो आदिवासी समाज देशव्यापी आंदोलन करेगा। साथ ही उन्होंने मांग की कि सरना धर्म कोड लागू होने के बाद ही जातीय जनगणना कराई जाए। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। मौके पर तुलसी सिंह खेरवार, चैतू सिंह खेरवार, राजन, भोला सिंह, जेपी मिंज व कई लोग मौजूद थे।

## मेराल में नशा मुक्ति अभियान, कई घरों से शराब बरामद

**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ग्राम पंचायत मेराल पूर्वी में मुखिया रामसागर महतो के नेतृत्व में नशा मुक्ति और शराबबंदी को लेकर सघन जागरूकता एवं तलाशी अभियान चलाया गया। पंचायत को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए गए इस अभियान में कई घरों की तलाशी ली गई। इस अभियान में पंचायती राज मंत्रालय की प्रतिनिधि प्रियंका कुमारी, महिला समूह की लालो देवी, महिला चौकीदार कौशल्या देवी, वार्ड सदस्य उषा देवी, भोला राम, देव कुमार, विनोद चौधरी, अरविंद बैठा, दिनेश कुमार, देवव्रत मेहता समेत काफी संख्या में महिला समूह की महिलाएं शामिल थीं। सभी ने पंचायत के विभिन्न वार्डों में जाकर तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान करीब ढाई दर्जन घरों से शराब, अर्धनिर्मित जावा महुआ और शराब बनाने के बर्तन बरामद किए गए। मुखिया रामसागर महतो ने बताया कि इससे पूर्व 24 अप्रैल को जागरूकता रैली निकाली गई थी और लोगों को सख्त चेतावनी दी गई थी।

## आंगनबाड़ी सेविका का रिम्स में निधन

**कांडी।** थाना क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र सोनपुरवा की सेविका व अधौरा गांव निवासी चंद्रदेव राम की पत्नी तारा देवी (52 वर्ष) का मंगलवार सुबह 3 बजे रांची के रिम्स अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही थीं। परिजनों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए रिम्स में भर्ती कराया था। तारा देवी 20 अगस्त 1993 को आंगनबाड़ी केंद्र सोनपुरवा में सेविका के पद पर कार्यभार संभाली थीं। उनके निधन से गांव और आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर है। मंगलवार को सतबहिनी झरना तीर्थ स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में काफी संख्या में ग्रामीण, आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविकाएं व सहायिकाएं शामिल हुईं। बाल विकास परियोजना कांडी की महिला पर्यवेक्षिका राणा तब्बसुम भी अंतिम दर्शन को पहुंचीं।


**झारखण्ड सरकार,गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग**

73वीं औपबंधिक सूची
जिलाः–खूँटी

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता का विवरण | काण्ड/वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. आवेदन क्रमांक–100/25<br>2. आवेदक–पौलुस हेमरोम<br>3. पिता–स्व0 जोहन हेमरोम<br>4. ग्राम–कसमार पोस्ट–सोसई कोचाँबा<br>5. प्रखण्ड–अड़की थाना–अड़की<br>6. लिंग–पुरूष आयु–68 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न–दाहिना तरफ गाल में हल्का घाव का निशान। | नहीं | नहीं | कारण :–आवेदक का वर्ष 1994 का झारखण्ड पार्टी का सदस्यता परिचय पत्र सलंग्न है। | 2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्रमांक–101/25<br>2. आवेदक–ऐरिक कुमार सुलेमान तिडू<br>3. पिता–स्व0 रंजन इलियस तिडू<br>4. ग्राम–जुरदाग, पोस्ट–जुरदाग<br>5. प्रखण्ड–कर्रा थाना–कर्रा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–67 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न–अंकित नही है। | राँची कोतवाली थाना काण्ड सं0–38/78 | नहीं | कारण :– दिनांक 15.08.1978 को झारखण्ड अलग राज्य के आंदोलन के कम में निषेधाज्ञा उल्लंघन करने का आरोप। जेल की अवधि–01 माह 21 दिन | 2(viii)(a) |

नोट :– 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।
2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आशय का शपथ पत्र अवश्य रूप से उपलब्ध करावें।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 353616 Home(25-26).D


## स्पीड न्यूज

### दिनेश कुमार यादव ने संभाली गढ़वा डीसी की कमान



**गढ़वा।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2018 बैच के अधिकारी दिनेश कुमार यादव ने मंगलवार को गढ़वा जिले के 33वें उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान उपायुक्त शेखर जमुआर ने उपायुक्त वेश्म में पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया और औपचारिक रूप से प्रभार सौंपा। कार्यालय कक्ष में सभी प्रशासनिक औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद दिनेश कुमार यादव ने नए उपायुक्त के रूप में कार्यभार संभाला। इस अवसर पर उन्होंने जिले के पदाधिकारियों और कर्मियों से परिचय प्राप्त किया। पदभार ग्रहण करने के बाद मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू करना और आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान उनकी प्राथमिकता होगी। मौके पर एसपी दीपक कुमार पांडेय, डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, एसी राज महेश्वरम, डीआरडीए निदेशक रविश राज सिंह, जिला गोपनीय शाखा प्रभारी संजय प्रसाद, जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### बिजली विभाग की लापरवाही से गई चार भैंसों की जान



**सगमा।** धुरकी थाना क्षेत्र के बीरबल पंचायत अंतर्गत बैलिया गांव में एक हृदयविदारक घटना घटी, जब लालमन यादव की चार भैंसें बिजली के प्रवाहित एलटी तार की चपेट में आ गईं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। यह हादसा मोती मिश्रा के कुएं के पास हुआ, जहां भैंसें घास चर रही थीं। घटना की सूचना मिलते ही मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा और पूर्व जिला परिषद सदस्य नंदगोपाल यादव मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार बिजली विभाग को बांस-बली के सहारे चल रहे नंगे तार को बदलने के लिए आवेदन दिया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। घटना के बाद मौके पर पहुंचे लाइनमैन बलराम कुशवाहा ने तत्काल बिजली सप्लाई बंद की, जिससे और बड़ा हादसा टल गया। भैंसों की मौत से लालमन यादव के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है, क्योंकि वह इन्हीं पशुओं पर अपनी आजीविका के लिए निर्भर थे। ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर घोर लापरवाही का आरोप लगाया है और चेतावनी दी है कि यदि मुआवजा नहीं दिया गया तो वे धरना पर बैठेंगे। मौके पर बालेश्वर यादव, कामेश्वर गुप्ता, मणिशंकर विश्वकर्मा, रामदेव प्रसाद समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## हरिजन टोला में पानी की गंभीर समस्या ग्रामीण कुएं का पानी पीने को मजबूर

खबर मन्त्र संवाददाता



**धुरकी।** प्रखंड अंतर्गत पनघटवा गांव के हरिजन टोला में पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। गांव के सुचित कुमार, कमलेश सिंह, उदय सिंह, रामनाथ राम, राजेन्द्र यादव, मनोज सिंह, विजय विश्वकर्मा, प्रेम बियार, दुखदेव भुईयां, चंदन राम, सुनीता कुंवर, बिमला देवी, लीलावती देवी, प्रतिमा देवी, सीता कुंवर, राजदेव सिंह समेत कई ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों पहले लगाए गए चापाकल और जलमीनार सभी खराब हो चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि तत्कालीन विधायक स्व. गिरिवर पांडेय द्वारा एक जलमीनार लगाया गया था, जो वर्षों से खराब है। बाद में पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही द्वारा एक और जलमीनार लगाया गया, लेकिन वह भी एक साल में ही बंद हो गया। अब पूरे टोले में एक भी चालू हैंडपंप नहीं है। मजबूरी में लोग कुएं का पानी पीने को विवश हैं। ग्रामीणों ने बताया कि 15 अप्रैल को सरकार के टोल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज कराई गई थी, लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं हुआ। बीडीओ कार्यालय में जाकर भी कई बार जानकारी दी गई, जेई राजुरंजन और बड़ा बाबू फैयाज आलम से बात हुई, पर हर बार आश्वासन ही मिला कि कल बन जाएगा। ग्रामीणों का आरोप है कि वार्ड सदस्य और मुखिया भी मदद नहीं कर रहे हैं। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि वे तीन बार निजी खर्च पर हैंडपंप रिपेयर करवा चुके हैं, लेकिन सरकार के करोड़ों की योजनाएं कहां जा रही हैं, यह सवाल खड़ा करता है। इस संबंध में पूछे जाने पर बीडीओ सह सीओ जुल्फिकार अंसारी ने बताया कि सभी गांवों और टोलों को चिन्हित कर चापाकल व जलमीनार मरम्मत की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### नीलगाय की चपेट में आई बाइक, मां और बेटा घायल

**मझिआंव।** बरडीहा थाना क्षेत्र के बांकी नदी के समीप बभनी गांव में रविवार देर रात एक दर्दनाक हादसा हो गया, जब नीलगाय की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार तीन लोग बुरी तरह घायल हो गए। घायलों में खरडीहा गांव निवासी जन वितरण प्रणाली दुकानदार राम स्नेही यादव की पत्नी मनोईया देवी, पुत्र वीरेंद्र यादव और छोटा पुत्र रविंद्र यादव शामिल हैं। जानकारी के अनुसार वीरेंद्र यादव अपनी मां को इलाज के लिए रांची ले जाने के लिए रवाना हुए थे।

### गढ़वा की बेटी गीतांजलि ने रचा इतिहास, बनी स्टेट टॉपर



**गढ़वा।** गढ़वा की बेटी गीतांजलि कुमारी ने इतिहास रच दिया है। गीतांजलि ने 10वीं की झारखंड बोर्ड परीक्षा में कुल 500 में 493 अंक लाकर पूरे राज्य में टॉप करने का गौरव हासिल की है। गीतांजलि की इस उपलब्धि पर झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गीतांजलि और उसके पूरे परिवार को बहुत बहुत बधाई दी है। ठाकुर ने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा है कि गीतांजलि ने पूरे गढ़वा का मान बढ़ाया है। उसने हम सबों को गर्व करने का अवसर प्रदान किया है। वह भविष्य में पूरे देश का मान बढ़ाए, ऐसी शुभकामना है। गीतांजलि के पिता उमेष पाल भवनाथपुर प्रखंड के एनपीएस पथलकुदवा में सहायक अध्यापक (पारा षिक्षक) के पद पर कार्यरत हैं। जबकि उसकी मां पन्नी देवी गृहणी हैं। गीतांजलि अपने तीन भाई-बहनां में सबसे बड़ी है। वह इंदिरा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय हजारीबाग की छात्रा है।

### बेटे ने कुदाल से मां को उतारा मौत के घाट

**रंका।** थाना क्षेत्र के खपरो गांव में पारिवारिक विवाद ने खौफनाक मोड़ ले लिया, जब एक बेटे ने बीच-बचाव कर रही अपनी ही मां की कुदाल से हत्या कर दी। मृतका की पहचान 55 वर्षीया बकरीदन बीबी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नजरूल अंसारी का अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर झगड़ा हो रहा था। विवाद बढ़ने पर नजरूल की मां बीच-बचाव करने पहुंची, जिससे गुस्साए नजरूल ने पास में रखे कुदाल से अपनी मां पर वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल बकरीदन बीबी को ग्रामीणों की मदद से रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस निरीक्षक सुभाष कुमार पासवान व थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और आरोपी नजरूल अंसारी को मौके से गिरफ्तार कर लिया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेजा गया।

### गुमला डीसी ने सुनी लोगों की समस्या

**गुमला।** समाहरणालय स्थित सभागार में डीसी प्रेरणा दीक्षित ने जन शिकायत निवारण दिवस पर मंगलवार को आम जनों की समस्या सुनी। इस दौरान डीसी ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्या सुनी तथा समाधान हेतु आवश्यक निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिए गए। जन शिकायत निवारण दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 25 आवेदक अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे। प्राप्त आवेदनों में मुख्य रूप से सड़क, बिजली, पानी, भूमि विवाद, से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रहीं।

## आकाशदीप ने जीता गोल्ड, सुरभि को ब्रॉन्ज मेडल

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** बोकारो जिले के चंदनकेयारी स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित 14वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में गढ़वा जिला के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 1 स्वर्ण और 1 कांस्य पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता का आयोजन झारखंड राज्य एथलेटिक्स संघ व बोकारो जिला एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वावधान में 25 से 26 मई तक हुआ। गढ़वा जिला एथलेटिक्स संघ की 7 सदस्यीय टीम (4 पुरुष, 3 महिला) ने कंचन कुमार के नेतृत्व में भाग लिया। प्रतियोगिता में आकाशदीप ऋषि ने ऊंची कूद में गोल्ड मेडल, जबकि सुरभि कच्छप ने 400 मीटर दौड़ में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया। एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष शिव कुमार पांडेय और सचिव आलोक कुमार मिश्रा ने खिलाड़ियों की सफलता पर हर्ष जताते हुए शुभकामनाएं दीं। श्री मिश्रा ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद जिले के खिलाड़ी लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, जो गर्व की बात है। बधाई देने वालों में ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, विजय केशरी, मदन केशरी, अमृत शुक्ला, राकेश पाल, अनीता दत्त, रेखा चौबे, अजय कांत, सुशील तिवारी, शमशाद अहमद, जगरनाथ राम, कौशलेश तिवारी, अतुल मिश्रा, शंकर पाल, नीलकंठ सिंह, रमेश सिंह, रमाशंकर सिंह, अभिषेक कुमार, लक्ष्मण राम, क्रिकेट संघ के सचिव गुडू सिंह, मनोज संसाई, सतेंद्र यादव, धर्मेंद्र पाल, ओमप्रकाश गुप्ता आदि का नाम शामिल है।

### गुमला : पारिवारिक विवाद में महिला ने की आत्महत्या की कोशिश

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। जब रात के लगभग 9:30 बजे एक महिला ने पारिवारिक झगड़े से आहत होकर आत्महत्या की कोशिश की। जानकारी के अनुसार चैनपुर निवासी बसंती लकड़ा (32 वर्ष), पति भूषण लकड़ा ने चैनपुर थाना के समीप पोस्ट ऑफिस परिसर में एक आम के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। हालांकि राहगीरों की सतर्कता और थाना के सिपाहियों की त्वरित कार्रवाई से महिला की जान बचा ली गई। मौके पर मौजूद लोगों ने देखा कि महिला फांसी के फंदे से झूल रही है, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचित किया गया।


**कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), राँची**
संयुक्त जिला कृषि कार्यालय, कृषि भवन कैम्पस, कॉके रोड, राँची (झारखण्ड)
e.mail - atmaranchi_123@rediffmail.com
किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना

राँची जिला के किसान भाइयों को सूचित किया जाता है कि जिले में कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (DARE), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (ICAR) एवं कृषि एवं किसान कल्याण विभाग (DA&FW) के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक– 29 मई से 12 जून 2025 तक प्री–खरीफ विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन जिले के विभिन्न प्रखण्डों के ग्रामों में किया जा रहा है। जिसकी समय सारणी निम्नरूपेन है :–

विकसित कृषि संकल्प अभियान की तिथिवार रूपरेखा

Team 1

| कृषि विज्ञान केन्द्र, मोराबादी, राँची | Name and Mobile no | Time | Name and Mobile no | Time | Name and Mobile no | Time | Officials from Agriculture Department & ATMA, Ranchi |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कृषि वैज्ञानिक | Dr. Rajesh Kumar 9431361972 | | Dr. Rajesh Kumar 9431361972 | | Dr. Rajesh Kumar 9431361972 | | |
| कृषि वैज्ञानिक | Dr. Bhart Mahto 9955532903 | | Dr. Bhart Mahto 9955532903 | | Dr. Bhart Mahto 9955532903 | | |
| Road map | Village 1 | | Village 2 | | Village 3 | | |
| 29.05.2025 | Ramdaga (Angara) | 10:30 AM | Medhetungari (Angara) | 12:30 PM | Getalsud (Angara) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 30.05.2025 | Tirlakocha (Angara) | 10:30 AM | Bhognabera (Angara) | 12:30 PM | Budhakocha (Angara) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 31.05.2025 | Nagarabera (Angara) | 10:30 AM | Mahuatungari (Angara) | 12:30 PM | Kashitoli (Angara) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 01.06.2025 | Lepsar (Chanho) | 10:30 AM | Ranichancho (Chanho) | 12:30 PM | Harra (Chanho) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 02.06.2025 | Dokad (Angara) | 10:30 AM | Aruabera (Angara) | 12:30 PM | Kamta (Angara) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 03.06.2025 | Misirhotang (Silli) | 10:30 AM | Medinipiska (Silli) | 12:30 PM | Losera (Silli) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 04.06.2025 | Hesalpiri (Burmu) | 10:30 AM | Kharkutoli (Burmu) | 12:30 PM | Soba (Burmu) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 05.06.2025 | Katingdari (Burmu) | 10:30 AM | Bagda (Burmu) | 12:30 PM | Salhan (Burmu) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 06.06.2025 | Pola (Lapung) | 10:30 AM | Sakarpur (Lapung) | 12:30 PM | Tilai (Lapung) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 07.06.2025 | Itachildari (Bero) | 10:30 AM | Lamkana (Bero) | 12:30 PM | Ghaghratikratoli (Bero) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 08.06.2025 | Arid (Burmu) | 10:30 AM | Airud (Burmu) | 12:30 PM | Sosai (Burmu) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 09.06.2025 | Kokre (Bero) | 10:30 AM | Kulli (Bero) | 12:30 PM | Bhandra (Bero) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 10.06.2025 | Harhi (Nagri) | 10:30 AM | Plandu (Nagri) | 12:30 PM | Saher (Nagri) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 11.06.2025 | Bhuiandih (Tamar) | 10:30 AM | Baburamdih (Tamar) | 12:30 PM | Pelkadih (Tamar) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 12.06.2025 | Chakla (Ormanjhi) | 10:30 AM | Sawaiya (Ormanjhi) | 12:30 PM | Baridihi (Ormanjhi) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |

विकसित कृषि संकल्प अभियान की तिथिवार रूपरेखा

Team 2

| कृषि विज्ञान केन्द्र, मोराबादी, राँची | Name and mobile no | Time | Name and mobile no | Time | Name and mobile no | Time | Officials from Agriculture Department & ATMA, Ranchi |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कृषि वैज्ञानिक | Dr. Manoj Kumar Singh 9431357660 | | Dr. Manoj Kumar Singh 9431357660 | | Dr. Manoj Kumar Singh 9431357660 | | |
| कृषि वैज्ञानिक | Dr. Vishakha Singh 6002370830 | | Dr. Vishakha Singh 6002370830 | | Dr. Vishakha Singh 6002370830 | | |
| Road map | Village 1 | | Village 2 | | Village 3 | | |
| 29.05.2025 | Parastoli (Angara) | 10:30 AM | Reshambanadag (Angara) | 12:30 PM | Barwatoli (Angara) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 30.05.2025 | Sarjamdih (Angara) | 10:30 AM | Bandhuadih (Angara) | 12:30 PM | Matkamdih (Angara) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 31.05.2025 | Simratoli (Angara) | 10:30 AM | Gundalitoli (Angara) | 12:30 PM | Chotakigorang (Angara) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 01.06.2025 | Barhu (Kanke) | 10:30 AM | Marwa (Kanke) | 12:30 PM | Uruguttu (Kanke) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 02.06.2025 | Roll (Chanho) | 10:30 AM | Badhaiya (Chanho) | 12:30 PM | Chaliyo (Chanho) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 03.06.2025 | Siram (Burmu) | 10:30 AM | Ulatu (Burmu) | 12:30 PM | Makka (Burmu) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 04.06.2025 | Surid (Burmu) | 10:30 AM | Geswe (Burmu) | 12:30 PM | Mahadevtoli (Burmu) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 05.06.2025 | Kulwe (Burmu) | 10:30 AM | Karanjuatoli (Burmu) | 12:30 PM | Chapatoli (Burmu) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 06.06.2025 | Gurgurjari (Mandar) | 10:30 AM | Bansjari (Mandar) | 12:30 PM | Mahuajari (Mandar) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 07.06.2025 | Sarnatoli (Bero) | 10:30 AM | Hulsi (Bero) | 12:30 PM | Muramu (Bero) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 08.06.2025 | Piprajara (Kanke) | 10:30 AM | Rarha (Kanke) | 12:30 PM | Simalbera (Kanke) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 09.06.2025 | Lundari (Chanho) | 10:30 AM | Taranga (Chanho) | 12:30 PM | Sukarhuttu (Chanho) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 10.06.2025 | Kudlong (Nagri) | 10:30 AM | Hotwasi (Nagri) | 12:30 PM | Tikratoli (Nagri) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 11.06.2025 | Lenkeya (Tamar) | 10:30 AM | Dimra (Tamar) | 12:30 PM | Kuchru (Tamar) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 12.06.2025 | Chandra (Orrmanjhi) | 10:30 AM | Mayapur (Orrmanjhi) | 12:30 PM | Santi (Orrmanjhi) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |

विकसित कृषि संकल्प अभियान की तिथिवार रूपरेखा

Team 3

| कृषि विज्ञान केन्द्र, मोराबादी, राँची | Name andmobile no | Time | Name and mobile no | Time | Name and mobile no | Time | Officials from Agriculture Department & ATMA, Ranchi |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कृषि वैज्ञानिक | Dr. Neha Rajan 9798584969 | | Dr. Neha Rajan 9798584969 | | Dr. Neha Rajan 9798584969 | | |
| कृषि वैज्ञानिक | Dr. Ravindra Kr Singh 7651912885 | | Dr. Ravindra Kr Singh 7651912885 | | Dr. Ravindra Kr Singh 7651912885 | | |
| Road map | Village 1 | | Village 2 | | Village 3 | | |
| 29.05.2025 | Obar (Angara) | 10:30 AM | Badri (Angara) | 12:30 PM | Khaksitoli (Angara) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 30.05.2025 | Kuturlowa (Angara) | 10:30 AM | Putadag (Angara) | 12:30 PM | Sursu (Angara) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 31.05.2025 | Mungadih (Angara) | 10:30 AM | Dimra (Angara) | 12:30 PM | Zaradih (Angara) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 01.06.2025 | Tigranayatoli (Ratu) | 10:30 AM | Pali (Ratu) | 12:30 PM | Bajpur (Ratu) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 02.06.2025 | Ajaigarh (Silli) | 10:30 AM | Budhabera (Silli) | 12:30 PM | Thinthinpakhna (Silli) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 03.06.2025 | Khakhra (Burmu) | 10:30 AM | Baraudi (Burmu) | 12:30 PM | Bhatboreya (Burmu) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 04.06.2025 | Gutru (Burmu) | 10:30 AM | Lawagara (Burmu) | 12:30 PM | Chaingara (Burmu) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 05.06.2025 | Murgi (Burmu) | 10:30 AM | Usku (Burmu) | 12:30 PM | Saram (Burmu) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 06.06.2025 | KargeNayatoli (Mandar) | 10:30 AM | Sevadih (Madar) | 12:30 PM | Jaher (Mandar) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 07.06.2025 | Kathartoli (Bero) | 10:30 AM | Garhatoli (Bero) | 12:30 PM | Sijhua (Bero) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 08.06.2025 | Mathatoli (Chanho) | 10:30 AM | Gutua (Chanho) | 12:30 PM | Choreya (Chanho) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 09.06.2025 | Kuchchu (Angara) | 10:30 AM | Hundarujara (Angara) | 12:30 PM | Hundaru (Angara) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 10.06.2025 | Chipra (Nagri) | 10:30 AM | Patrachauli (Nagri) | 12:30 PM | Sugda (Nagri) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 11.06.2025 | Jojodih (Tamar) | 10:30 AM | Kothadih (Tamar) | 12:30 PM | Baisnadih (Tamar) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |
| 12.06.2025 | Sadma (Orrmanjhi) | 10:30 AM | Dundun (Orrmanjhi) | 12:30 PM | Madkama (Orrmanjhi) | 2:30 PM | BAO, BTM, ATM & VLWs of Concerned Block |

अतः आप सभी किसान भाईयों से निवेदन है कि उपरोक्त तिथिवार ग्रामों में आयोजित होने वाले विकसित कृषि संकल्प अभियान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस अभियान को सफल बनाये एवं राज्य सरकार तथा भारत सरकार द्वारा संचालित कृषि विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ लें।

निवेदक
जिला कृषि पदाधिकारी–सह–
परियोजना निदेशक, आत्मा, राँची

PR 353658 Agriculture(25-26)D

# हार्ड स्टेट बनता भारत

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को प्रसारित अपने मन की बात कार्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख किया, जो भारतीय सेना द्वारा किए गया एक अद्वितीय सैन्य अभियान था. इस अभियान में, भारतीय सेना ने मात्र 22 मिनट में आतंकवादी ठिकानों पर सटीक हमले किए और उन्हें ध्वस्त कर दिया। जब प्रधानमंत्री नवोदित भारत की बात करते हैं तो उनका आशय होता है कि हमारा देश सहिष्णुता, विश्व बंधुत्व और सर्वधर्म समभाव में भरोसा करता रहेगा। इसका एक अर्थ यह भी है कि भारत अब सॉफ्ट स्टेट से हार्ड स्टेट में तब्दील हो रहा है, लेकिन भारतीय मनीषा के आधार पर। यह ध्यान रखना होगा कि सॉफ्ट स्टेट एक ऐसा राज्य होता है जो अपनी आंतरिक और बाहरी सुरक्षा के लिए कमजोर या उदारवादी नीतियों का पालन करता है। ऐसे राज्य अक्सर अपने नागरिकों की सुरक्षा और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए कम सख्त कदम उठाते हैं।

हार्ड स्टेट, दूसरी ओर, एक ऐसा राज्य होता है जो अपनी आंतरिक और बाहरी सुरक्षा के लिए सख्त और दृढ़ नीतियों का पालन करता है। ऐसे राज्य अपने नागरिकों की सुरक्षा और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए कड़े कदम उठाते हैं। आपरेशन सिंदूर के बाद, यह तर्क दिया जा सकता है कि भारत एक सॉफ्ट स्टेट से हार्ड स्टेट की ओर बढ़ रहा है। यह अभियान आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। प्रधानमंत्री का यह कहना भी महत्वपूर्ण है कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत में निर्मित हथियारों, उपकरणों और तकनीक की शक्ति का प्रदर्शन हुआ है। दरअसल,यह अभियान आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को भी दशार्ता है. देश के अनेक शहरों में तिरंगा यात्राएं निकाली गईं और हजारों लोग हाथों में तिरंगा लेकर देश की सेना के प्रति वंदन-अभिनंदन करने निकल पड़े। जाहिर है कि देश एक सशक्त देश बनकर उभर रहा है।




**मेष :** बुद्धि व धन का दुरुपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5

**मिथुन :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8

**कर्क :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8

**सिंह :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9

**कन्या :** अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9

**तुला :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7

**धनु :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8

**मकर :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8

**कुंभ :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8

**मीन :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी। शुभांक-3-5-7


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )


*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# किशोरों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति एक गंभीर चुनौती

**भारतीय** बच्चों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति एवं क्रूर मानसिकता चिन्ताजनक है, नये भारत एवं विकसित भारत के भाल पर यह बदनुमा दाग है। पिछले कुछ समय से स्कूली बच्चों में बढ़ती हिंसा की प्रवृत्ति निश्चित रूप से डरावनी, मर्मांतक एवं खौफनाक है। चिंता का बड़ा कारण इसलिए भी है क्योंकि जिस उम्र में बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास की नींव रखी जाती है, उसी उम्र में कई बच्चों में आक्रामकता एवं क्रूर मानसिकता घर करने लगी है और उनका व्यवहार हिंसक होता जा रहा है। कैथल जनपद के गांव धनौरी में दो किशोरों की निर्मम एवं क्रूर हत्या की हृदयविदारक घटना न केवल उद्वेलित एवं भयभीत करने वाली है बल्कि चिन्ताजनक है। चौदह-पंद्रह साल के दो किशोरों की गला रेतकर हत्या कर देना और वह भी उनके हमउम्र साथियों द्वारा, हर संवेदनशील इंसान को हिला देने वाली डरावनी एवं खैफनाक घटना है, जो किशोरों में पनप रहे हिंसक बर्ताव एवं हिंसक मानसिकता का घिनौना एवं घातक रूप है। जिस उम्र में बच्चों को पढ़ाई-लिखाई और खेलकूद में व्यस्त रहना चाहिए, उसमें उनमें बढ़ती आक्रामकता, हिंसा एवं क्रूरता एक अस्वाभाविक और परेशान करने वाली बात है। जाहिर है दसवीं-ग्यारहवीं के छात्रों की क्रूर हत्या हमारे समाज में बढ़ती संवेदनहीनता को भी दशार्ती है। ऐसी कई अन्य घटनाओं में स्कूल में पढ़ने वाले किसी बच्चे ने अपने सहपाठी पर चाकू या किसी घातक हथियार से हमला कर दिया और उसकी जान ले ली।



अमेरिका की तर्ज पर भारत के बच्चों में हिंसक मानसिकता का पनपना हमारी शिक्षा, पारिवारिक एवं सामाजिक संरचना पर कई सवाल खड़े करती है। जैसाकि घटना से संबंधित तथ्यों में बताया गया कि हत्या में शामिल युवक धनौरी गांव के ही थे और कुछ दिन पहले किशोरों को धमकाने उनके घर आए थे। मारे गए किशोरों पर हत्या आरोपियों ने आरोप लगाया था कि वे उनकी बहनों से छेड़खानी करते थे। निश्चय ही ऐसे छेड़खानी के कथित आरोप को नैतिक दृष्टि से अनुचित ही कहा जाएगा, लेकिन उसका बदला हत्या कदापि नहीं हो सकती। यह दुखद है कि एक मृतक किशोर अरमान पांच बहनों का अकेला भाई था। घटना से उपजी त्रासदी से अरमान के परिवार पर हुए वज्रपात को सहज महसूस किया जा सकता है। उनके लिये जीवनभर न भुलाया जा सकने वाला दुख एवं संत्रास पैदा हुआ है। बड़ा सवाल है कि जिन वजहों से बच्चों के भीतर आक्रामकता एवं हिंसा पैदा हो रही है, उससे निपटने के लिए क्या किया जा रहा है? पाठ्यक्रमों का स्वरूप, पढ़ाई-लिखाई के तौर-तरीके, बच्चों के साथ घर से लेकर स्कूलों में हो रहा व्यवहार, उनकी रोजमर्रा की गतिविधियों का दायरा, संगति, सोशल मीडिया या टीवी से लेकर सिनेमा तक उसकी सोच-समझ को प्रभावित करने वाले अन्य कारकों से तैयार होने वाली उनकी मनःस्थितियों के बारे में सरकार, समाजकर्मी एवं अभिभावक क्या समाधान खोज रहे हैं। बच्चों के व्यवहार और उनके भीतर घर करती प्रवृत्तियों पर मनोवैज्ञानिक पहलू से विचार किए बिना समस्या को कैसे दूर किया जा सकेगा?



- ललित गर्ग

> क्या शिक्षक छात्रों को सदाचारी व नैतिक मूल्यों का जीवन जीने की प्रेरणा देने में विफल हो रहे हैं? हत्या की घटना हत्यारों की मानसिकता पर भी सवाल उठाती है दरअसल, दशकों तक बॉलीवुड की हिंदी फिल्मों ने समाज एवं विशेषत: किशोर पीढ़ी में जिस अपसंस्कृति का प्रसार किया, आज हमारा समाज उसकी त्रासदी झेल रहा है।

बहरहाल, इस हृदयविदारक एवं त्रासद घटना ने नयी बन रही समाज एवं परिवार व्यवस्था पर अनेक सवाल खड़े किये हैं। सवाल नये बन रहे समाज की नैतिकता एवं चरित्र से भी जुड़े हैं। निश्चित ही किसी परिवार की उम्मीदों का यूं कत्ल होना मर्मांतक एवं खौफनाक ही है। लेकिन सवाल ये है कि चौदह-पंद्रह साल के किशोरों पर यूं किन्हीं लड़कियों को छेड़ने के आरोप क्यों लग रहे हैं? पढ़ने-लिखने की उम्र में ये सोच कहां से आ रही है? क्यों हमारे अभिभावक बच्चों को ऐसे संस्कार नहीं दे पा रहे हैं ताकि वे किसी की बेटी व बहन को यूं परेशान न करें? क्यों लड़कियों से छेड़छाड़ की अश्लील एवं कामूक घटनाएं बढ़ रही है। क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था में नैतिक शिक्षा का वह पक्ष उपेक्षित हो चला है, जो उन्हें ऐसा करने से रोकता है? क्या शिक्षक छात्रों को सदाचारी व नैतिक मूल्यों का जीवन जीने की प्रेरणा देने में विफल हो रहे हैं? हत्या की घटना हत्यारों की मानसिकता पर भी सवाल उठाती है कि उन्होंने क्यों सोच लिया कि छेड़खानी का बदला हिंसा एवं क्रूरता से गला काटना हो सकता है? दरअसल, दशकों तक बॉलीवुड की हिंदी फिल्मों ने समाज एवं विशेषतः किशोर पीढ़ी में जिस अपसंस्कृति का प्रसार किया, आज हमारा समाज उसकी त्रासदी झेल रहा है। इसमें दो राय नहीं कि किशोरवय में राह भटकने का खतरा ज्यादा रहता है।

अब तक हिन्दी सिनेमा से समाज के किशोरवय और युवाओं में गलत संदेश गया कि निजी जीवन में छेड़खानी ही प्रेम कहानी में तब्दील हो सकती है। हमारे टीवी धारावाहिकों की संवेदनहीनता ने गुमराह किया है। बॉक्स आफिस की सफलता और टीआरपी के खेल ने मनोरंजक कार्यक्रमों में ऐसी नकारात्मकता एवं हिंसक प्रवृत्ति भर दी कि किशोरों में हिंसक एवं अराजक सोच पैदा हुई। इंटरनेट के विस्तार और सोशल मीडिया के प्रसार से स्वच्छंद यौन व्यवहार का ऐसा अराजक एवं अनियंत्रित रूप सामने आया कि जिसने किशोरों व युवकों को पथभ्रष्ट एवं दिग्भ्रमित करना शुरू कर दिया। आज संकट ये है कि हर किशोर के हाथ में आया मोबाइल उसे समय से पहले वयस्क बना रहा है। जिस पर न परिवार का नियंत्रण है और न ही शिक्षकों का। मन जो चाहे वही करो की मानसिकता वहां पनपती है जहां इंसानी रिश्तों के मूल्य समाप्त हो चुके होते हैं, जहां व्यक्तिवादी व्यवस्था में बच्चे बड़े होते-होते स्वछन्द हो जाते हैं। अर्थप्रधान दुनिया में माता-पिता के पास बच्चों के साथ बिताने के लिए समय ही नहीं बच पा रहा।

आज किशोरों एवं युवाओं को प्रभावित करने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व नये-नये एप पश्चिमी अपसंस्कृति से संचालित हैं। इन पर अश्लीलता और यौन-विकृतियों वाले कार्यक्रमों का बोलबाला है। ऐसे कार्यक्रमों की बाढ़ हैं जिनमें हमारे पारिवारिक व सामाजिक रिश्तों में स्वच्छंद यौन व्यवहार को हकीकत बनाने का खेल चल रहा है। पारिवारिक एवं सामाजिक उदासीनता एवं संवादहीनता से ऐसे बच्चों के पास सही जीने का शिष्ट एवं अहिंसक सलीका नहीं होता। वक्त की पहचान नहीं होती। ऐसे बच्चों में मान-मयार्दा, शिष्टाचार, संबंधों की आत्मीयता, शांतिपूर्ण सहजीवन आदि का कोई खास ख्याल नहीं रहता। भौतिक सुख-सुविधाएं एवं यौनाचार ही जीवन का अंतिम लक्ष्य बन जाता है। भारतीय बच्चों में इस तरह का एकाकीपन उनमें गहरी हताशा, तीव्र आक्रोश और विषैले प्रतिशोध का भाव भर रहा है। वे मानसिक तौर पर बीमार बन रहे हैं, वे आत्मघाती-हिंसक बन रहे हैं और अपने पास उपलब्ध खतरनाक एवं घातक हथियारों का इस्तेमाल कर हत्याकांड कर बैठते हैं। ऑस्ट्रिया के क्लागेनफर्ट विश्वविद्यालय की ओर से किशोरों पर किए गए अध्ययन में पता चला है कि दुनिया भर में 35.8 प्रतिशत से ज्यादा किशोर मानसिक तनाव, अनिद्रा, अकारण भय, पारिवारिक अथवा सामाजिक हिंसा, चिड़चिड़ापन अथवा अन्य कारणों से जूझ रहे हैं। एकाकीपन बढ़ने से वे ज्यादा आक्रामक और विध्वंसक सोच की तरफ बढ़ने लगे हैं। मोबाइल व कथित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बह रहे नीले जहर से किशोर अराजक यौन व्यवहार एवं हिंसक प्रवृत्तियों की तरफ उन्मुख हुए हैं। समझाने वाला कोई नहीं है कि यह रास्ता आत्मघात का है।

## लेटर टू एडिटर

### भविष्य की रणनीति

**भारत** ने कई बार अपनी ताकत का लोहा मनवाया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में की गई एयर स्ट्राइक आज भी लोगों को याद है। पहलगाम हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर आतंकियों का सफाया किया। प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान को चेतावनी दी थी छेड़ेंगे तो छोड़ेंगे नहीं। यह ऑपरेशन अभी जारी है। यदि दुश्मन देश दोबारा कोशिश करेगा, तो भारत और भी कठोर जवाब देगा। अब हमें आतंक के खिलाफ भविष्य की रणनीति मजबूत करनी होगी।

**– राहुल शर्मा, रांची**

### बढ़ती गर्मी

**यूरोपीय** वैज्ञानिकों के अनुसार साल 2024 अत्यधिक गर्म रहा, जो ग्लोबल वार्मिंग का संकेत है। सर्दी का घटता समय और बढ़ता तापमान आने वाले संकट के संकेत हैं। अब चिंता नहीं, बल्कि सामूहिक चिंतन और पर्यावरण संरक्षण के ठोस प्रयासों की आवश्यकता है, नहीं तो परिणाम विनाशकारी होंगे।

**– राजेश कुमार, जमशेदपुर**

## ट्वीट

**मुझे** विश्वास है कि 2047 में आजादी के 100 वर्ष का उत्सव हम विकसित भारत के रूप में मनाएंगे। पाकिस्तान की हर आतंकी गतिविधि प्रॉक्सी वॉर नहीं, बल्कि युद्ध की सोची-समझी रणनीति है। इसका जवाब हमेशा ऑपरेशन सिंदूर की भाषा में ही दिया जाएगा।

**– पीएम मोदी, पीएम**

**झारखण्ड** एकेडमिक काउंसिल (जैक) बोर्ड की मैट्रिक (10वीं) परीक्षा में सफल होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को ढेरों बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। परीक्षा में अपेक्षा के अनुरूप जिन्हें परिणाम नहीं मिल पाया वो निराश न हों, कड़ी मेहनत और परिश्रम करते रहें। उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**

# 'हॉर्ट लैम्प' आप भी लिखिए, भले छोटा लिखिए

सामयिक

**प्रभुनाथ शुक्ल**

**आम तौर** पर सर्वहारा वर्ग की पीड़ा एक जैसी होती हैं, उनकी जाति या धर्म कुछ भी हो। यह पुरस्कार भारतीय भाषाओं के लिए एक संजीवनी है। बुकर पुरस्कार भाषा के नाम पर लड़ने वाले एक सभ्य समाज के लिए साफ संदेश है। अगर भाषा का विभेद होता तो दीपा भस्थी की तरफ से कन्नड़ से अनूदित बानू मुश्ताक की सिर्फ 12 लघुकथाओं के संकलन हॉर्ट लैम्प को बुकर पुरस्कार से सम्मानित नहीं किया जाता। भाषा और साहित्य सीमा से बहुत दूर है। अब तक यह अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार छह भारतीय लेखकों को मिल चुका है। इसके लिए बानू मुश्ताक के साथ दीपा भी बधाई की पात्र हैं, क्योंकि यह उनकी पहली अनूदित कृति है जिसे यह सम्मान मिला है।

बानू मुश्ताक दक्षिण भारतीय लेखिका हैं। बानू मूलरूप से कन्नड़ में अपना लेखन करती हैं। बानू को जो बुकर पुरस्कार मिला है वह कन्नड़ में लिखी उनकी लघुकथा संग्रह से चुनी कुछ लघुकथाओं के अंग्रेजी अनुवाद पर दिया गया है। उन्होंने कुल छह लघुकथा संग्रह, एक उपन्यास, एक निबंध और एक कविता संग्रह लिखा है। उनकी रचनाओं का अनुवाद हिंदी, तमिल, मलयालम और उर्दू में किया गया है। उन्हें इसके अलावा और भी पुरस्कार मिले हैं। बानू लंकेश पत्रिका से भी जुड़ी थीं और उन्होंने बेंगलुरु में ऑल इंडिया रेडियो में भी काम किया।

बानू मुश्ताक (77) की स्कूली शिक्षा की शुरूआत भी कठिन चुनौतियों से हुई यही उनके लेखकीय जीवन की चुनौती बनी। उनका जन्म 1948 में कर्नाटक के मुस्लिम परिवार में हुआ था। शिवमोगा के कन्नड़ मिशनरी स्कूल में पिता के काफी प्रयास के बाद उनका दाखिला भी आठ साल की उम्र में इस शर्त पर हुआ था कि उन्हें छह माह में कन्नड़ को लिखना-पढ़ना आना चाहिए, नहीं तो स्कूल छोड़ना पड़ेगा। बानू एक मुस्लिम परिवार से रहीं जहां स्कूल की शर्त उनके लिए एक चुनौती थी, लेकिन उन्होंने कर दिखाया। मुश्ताक ने 1980 में मुस्लिम समाज में कट्टरता को कम करने के लिए काम किया। उन्होंने मस्जिदों में भी मुस्लिम महिलाओं के प्रवेश की वकालत किया जिसकी वजह से उनके परिवार का सामाजिक बहिष्कार भी हुआ। उन्हें जान से मारने की धमकियां भी मिलीं। हालांकि उन्होंने स्कूलों में मुस्लिम लड़कियों के हिजाब पहनने का समर्थन किया था, जिसका विवाद कर्नाटक के शिक्षा संस्थानों में आज भी मुद्दा है।


बानू मुश्ताक ने मुस्लिम समाज में औरतों और दूसरी समस्याओं को बड़ी गहराई से परखा। ऐसी समस्याओं ने उन्हें प्रभावित किया जिसे उन्होंने कहानी या लघुकथा का आधार बनाया। लिखने का शौक उन्हें बचपन से था, उनकी पहली कहानी 26 साल की उम्र में प्रजामाता में प्रकाशित हुई। इसके बाद लेखन की दुनिया में उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। जिस हॉर्ट लैम्प के लिए उन्हें अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार मिला है उसमें 1990 से 2023 तक की लघुकथाएं हैं। इनमें मुस्लिम समाज की महिलाओं का संघर्ष दिखाया गया है। अनुवादक दीपा भस्थी भी पहली भारतीय हैं जिन्हें यह सम्मान मिला है।

मुश्ताक की कहानियों का अनुवाद साल 2022 में पहली बार दीपा भस्थी ने अंग्रेजी में किया। इसमें उन्होंने हॉर्ट लैंप नाम से कन्नड़ से कुछ चुनी हुई कहानियों का अंग्रेजी में अनुवाद किया, जिन्हें बुकर पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया है। इस पुरस्कार में 50 हजार पाउंड की राशि लेखक को मिलती है। इसमें आधी राशि अंग्रेजी अनुवादक के हिस्से में जाती है। खास यह है कि बुकर पुरस्कार सिर्फ अंग्रेजी कृति या उस भाषा में अनूदित संग्रह को ही मिलता है। भारतीय रुपये में इस पुरस्कार की कीमत 52.95 लाख होती है। मुश्ताक पहली कन्नड़ लेखिका हैं, जिन्हें बुकर पुरस्कार 2025 के लिए चुना गया। यह अनुवादक दीपा भस्थी के लिए भी गर्व का विषय है। बुकर पुरस्कार के निर्णायक मंडल के अध्यक्ष मैक्स पोर्टर ने कहानियों की सराहना की है। उन्होंने कहा है कि हालांकि मुश्ताक की कहानियां स्त्रीवादी विचारधारा की पोषक हैं। पितृसतात्मक व्यवस्था का मुखर विरोध और प्रतिरोध है। लेकिन सबसे अहम बात है कि इसमें स्त्री के दैनिक जीवन के संघर्ष को बेहद उम्दा तरीके से प्रदर्शित किया गया है। यह अपने आपमें सबसे अलग है।अब तक छह पूर्व भारतीय लेखकों को उनकी कृति के लिए अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार मिल चुका है। इनमें वीएस नायपॉल, सलमान रुश्दी, अरुंधती राय, किरण देशाई, अरविंद अडिगा और गीतांजली श्री को हिंदी उपन्यास के लिए 2022 में यह पुरस्कार मिला था। जबकि सबसे पहले 1971 में नायपॉल को मिला मिला था। ऐसी स्थित में कन्नड़ से अंग्रेजी में अनूदित हॉर्ट लैम्प को बुकर मिलना गर्व की बात है।

# परंपरा से पर्यावरण की रक्षा

पर्यावरण

**रतन सिंह**



**मायरा** यानी भात भरने की परम्परा में भी जुड़ा है पर्यावरण प्रेम। भात भरना एक परंपरा है। हमारे देश में बहन की पुत्री या पुत्र की शादी में मायरा भरने की परम्परा सदियों पुरानी है। कोई भी महिला अपने पुत्र या पुत्री की शादी तय होते ही गुड़ की भेली व चावल लेकर मायके जाती है और अपने भाई को देते हुए उसे शादी में आने के लिए आमंत्रित करती है। भाई अपनी आर्थिक स्थिति के अनुसार उपहार आदि लेकर जाता है, इसी को भात भरना या मायरा भरना कहा जाता है। इस अवसर पर बहन शादी में आये अपने भाई का स्वागत करती है और भाई चुनड़ी ओढ़ा कर बहन का सम्मान करता है। एक ओर भाई-बहन का प्रेम है और दूसरी ओर बहन के बच्चों यानी भानजे-भानजियों के प्रति ननिहाल का प्रेम।

राजस्थान या कहीं और के भी कई रिवाज ऐसे हैं जहां परंपरा में पर्यावरण का प्रेम छलकता है। राजस्थान में भाई जब भात लेकर बहन के ससुराल जाता है तब सबसे पहले गांव की सीमा में घुसते ही खेजड़ी के पेड़ को चुनड़ी ओढ़ाता है। उल्लेखनीय है कि भात भरने में सबसे महत्वपूर्ण रस्म बहन को चुनड़ी ओढ़ाना होता है और ठीक यही रस्म गांव की सीमा जिसे स्थानीय भाषा में कांकड बोलते है, में प्रवेश करते ही भाई खेजड़ी के पेड़ को चुनड़ी ओढ़ा कर उसे सम्मान देता है। जो प्रदेश के लोगों के मन में पर्यावरण के प्रति प्रेम और जागरूकता को प्रदर्शित करता है। अर्थात? पेड़ों को सहेजने की प्रथा। राजस्थान में खेजड़ी के पेड़ को पर्यावरण की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण समझा जाता है।

दरअसल, जो भाई खेजड़ी वृक्ष को अपनी बहन के समान समझता है, जाहिर है वह उसका संरक्षण ही करेगा और खेजड़ी वृक्ष का संरक्षण मतलब पर्यावरण का संरक्षण। इस तरह राजस्थान में सदियों पहले यह परम्परा बनाई गई और खेजड़ी के वृक्ष को बहन का दर्जा दिया गया ताकि कोई भी व्यक्ति उसे नुकसान पहुंचाने की न सोचे।

राजस्थान में ऐसी और भी कई परम्पराएं है जो सीधे सीधे पर्यावरण से जुड़ी हैं। प्रसंगवश यहां बता दें कि देश के अन्य हिस्सों में पर्यावरण को बचाये रखने के लिए या पर्यावरण की महत्ता को दशार्ने के लिए ऐसे अनेक रीति-रिवाज हैं जो लोगों को जागरूक करने या धर्म अथवा आस्था से जोड़कर पर्यावरण को संवारने का संकल्प जाहिर करवाते हैं।

साभार : ज्ञानदर्पण डॉट कॉम

राष्ट्रपति भवन में विमर्श करते महामहिम राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति,लोकसभा अध्यक्ष और गणमान्य सदस्य फोटोः अजय सानी



## कार्टून वर्ल्ड



स्पीड न्यूज

## मैट्रिक में बालिका उच्च विद्यालय की छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन



**कुजू।** बालिका उच्च विद्यालय मुरपा की छात्राओं ने झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन का विद्यालय का नाम रौशन किया है। विद्यालय की छात्रा रिया कुमारी 392 अंकों के साथ विद्यालय टापर रहीं। वहीं पूजा कुमारी 379 अंक हासिल कर द्वितीय, वंदना कुमारी 363, नरगिस परवीन 352 व खालिदा जिया 336 अंकों के साथ क्रमशः तृतीय, चतुर्थ व पांचवें स्थान पर रहीं। विद्यालय से कुल 87 छात्राएं परीक्षा में शामिल हुईं थीं। जिसमें 22 ने प्रथम व 40 ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।विद्यालय के प्राचार्य कुलदीप प्रसाद ने सफल छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## पब्लिक हाई स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

कुजू। झारखंड अधिविधं परिषद द्वारा आयोजित दसवीं बोर्ड की परीक्षा में पब्लिक हाई स्कूल कुजू के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रौशन किया है। साथ ही विद्यालय के सागर रजक ने 92.8 प्रतिशत अंक लाकर जिला में सातवां व मुस्कान कुमारी 92.6 प्रतिशत अंक लाकर जिला में आठवां स्थान प्राप्त करने में सफलता हासिल किया है। परीक्षा में विद्यालय के सागर रजक 464 अंक लाकर टॉपर रहे. वहीं मुस्कान कुमारी 463 अंकों के साथ विद्यालय में द्वितीय स्थान पर रही। वहीं श्याम कुमार 91.6, आकांक्षा पटेल 91, रिया कुमारी 90.40, श्वेता कुमारी 88.8, ईशान कुमार नायक 88, बंटी कुमारी 86.60, अभय गोस्वामी 84.8, सुनीता कुमारी, लक्ष्मी कुमारी ईशा कुमारी 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की टॉप 10 में शामिल हुई। प्राचार्य गीतांजलि कुमारी ने बताया कि परीक्षा में विद्यालय से कुल 183 बच्चे शामिल हुए थे। जिसमें प्रथम श्रेणी से 78, द्वितीय श्रेणी से 88 व तृतीय श्रेणी 9 बच्चे सफल रहे। जबकि 5 बच्चे दोबारा परीक्षा देंगे। विद्यालय का ओवरऑल प्रदर्शन 95.6 रहा। उन्होनें बच्चों की सफलता पर बधाई देते हुए उज्जवज भविष्य की कामना की।

## डीडीसी ने की समाज कल्याण की समीक्षा



**रामगढ़।** उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो ने मंगलवार को समाज कल्याण विभाग की समीक्षा। डीडीसी ने पूर्व की बैठक में दिये गये निर्देश के आलोक में किये गये कार्यों की जानकारी सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों एवं महिला परवेक्षिकाओं से ली, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदू प्रभा खलखो ने समाज कल्याण विभाग की प्रगति पीपीटी प्रस्तुत किया । डीडीसी ने पोषण ट्रैकर ऐप में शतप्रतिशत लाभुकों के पंजीकरण एवं उनका आधार सत्यापन का निर्देश दिया, साथ ही बच्चों का वजन माप, गृह भ्रमण,आंगनवाड़ी खुलने से सम्बन्धी आंकड़ा शतप्रतिशत एंट्री करने का सभी सीडीपीओ एवं महिला पर्यवेक्षकाओं को निर्देश दिया। साथ ही कैंप लगाकर आधार अपडेट करने का सख्त निर्देश दिया। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लक्ष्य को शतप्रतिशत पूर्ण करने हेतु सीडीपीओ एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं के स्तर से जो भी पेंडन्सी है 24घंटे के अंदर शून्य करने का निर्देश दिया। आधारभूत सरंचना से सबंधित जैसे भवन, पेयजल, शौचालय का भौतिक सत्यापन तीन दिनों के अंदर करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध कराने एवं भूमि प्रतिवेदन उपलब्ध करने का निर्देश दिया। इसके अलावे सेविका साहियका चयन एवं आयुष्मान कार्ड, चेहरा प्रमाणिकरण, एलएस ऑनबोर्डिंग फॉर आधार किट, गंभीर कुपोषित बच्चों के रेफरल से सबंधी कार्यों को गंभीरता से करने का भी सख्त निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से सभी सीडीपीओ ,महिला पर्यवेक्षिकाओ ,जिला कार्यक्रम पदाधिकारी यूआईडी , कार्यपालक अभियंता विद्युत उपस्थित थे।

## ऑपरेशन सिंदूर में दिखी आत्मनिर्भर भारत की झलक : संजय सेठ

रामगढ़। भाजपा रामगढ़ जिला की ओर से अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर मंगलवार को राधा गोविंद विश्वविद्यालय परिसर में एक गोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शामिल हुए। संजय सेठ ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर की विरासत आज भी प्रासंगिक है। हमें उनके आदर्शों और मूल्यों को अपनाने की आवश्यकता है। अहिल्याबाई होलकर की कहानी महिला सशक्तिकरण की एक प्रेरणादायक उदाहरण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके ही प्रेरणा से भारत को न सिर्फ आत्मनिर्भर बना रहें हैं, बल्कि 18 करोड़ इज्जत घर, उज्ज्वला योजना के तहत 20करोड़ महिलाएं के रसोई में गैस चूल्हा पहुंचा है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजना से आज देश की बेटियां सशक्त हो रही हैं। उन्होंने कहा कि आज सारा देश तिरंगा यात्रा निकाल सेना का अभिनन्दन कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर के मूल्य मंत्र से आज भारत दुनिया के चौथी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन गई है। उन्होंने मोदी के 11 वर्ष के कार्यकाल को लोकमाता रानी अहिल्या बाई होलकर से प्रेरित बताया। कहा कि उन्होंने देश की जनता से जो जो वादे की उन सभी को धरातल पर उतारा है।

# अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त

### खबर मन्त्र का असर, पश्चिमी वन प्रमंडल की टीम ने पकड़ा अवैध कोयला

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग/ चौपारण।** झूठ की चादर जितनी भी बड़ी हो, सच की किरणें उसे चीर ही देती हैं। हजारों टन कोयले की कालिख से रंगे अवैध कारोबार पर आखिरकार कानून की नजर पड़ ही गई। चरही के अवैध कोल डीपू से लदे ट्रक को पश्चिमी वन प्रमंडल की टीम ने धर दबोचा, जिससे यह साबित हो गया कि खबरें यूं ही नहीं छपतीं, उनमें सच्चाई होती है। ये कार्रवाई सिर्फ एक ट्रक की जब्ती की नहीं, बल्कि उस पूरे तंत्र के खिलाफ है जो सच्ची पत्रकारिता करने वालो के खिलाफ साजिशे रचती हैं। अवैध कोयला लदे ट्रक की जब्ती ने कोयला सिंडिकेट की हकीकत उजागर कर दी है। अवैध कोयले की तस्करी के मुद्दे को खबर मन्त्र अखबार ने बखूबी उठाया और न सिर्फ कोयला सिंडिकेट बल्कि उन लोगो के खिलाफ भी मोर्चा खोला जो अपनी ईमान को बिकाऊ बना बैठे थे। ज्ञात हो कि खबर छपते ही चरही कोल बेल्ट में



अफरातफरी मच गई और इस गंदे गठजोड़ की पोल खुलने लगी। पिछले कुछ दिनों में खबर मन्त्र की इस मुहिम से कई अहम जानकारियाँ सामने आईं, जिससे ये साफ हो गया कि किस तरह कोयले का काला कारोबार फल-फूल रहा था। अब जब पश्चिमी वन प्रमंडल की टीम ने ट्रक पकड़ा, तो यह कार्रवाई केवल एक वाहन की जब्ती नहीं, बल्कि भ्रष्ट व्यवस्था के गाल पर एक तमाचा है। खबर मन्त्र की पत्रकारिता ने साबित कर दिया है कि अगर कलम ईमानदार हो, तो वो सत्ता, सिंडिकेट और सिस्टम, तीनों को झुका सकती है। इस कार्रवाई से ईमानदार पत्रकारों में खुशी की लहर है, और उम्मीद है कि आगे भी यह मुहिम बिना रुके जारी रहेगी। काली स्याही से लिखी गई खबरें अब बदलाव का प्रतीक बन चुकी है। इस मामले पर जब खबर मन्त्र संवाददाता ने सहायक वन संरक्षक ए.के. परमार से जानकारी ली तो उन्होंने कहा कि उन्हें गुप्त सुचना मिली थी की 14 चक्का ट्रक अवैध कोयला लेकर बिहार की ओर निकल रही है। टीम गठित कर सिंघानी चौक के पास से उसका पीछा किया गया और पकड़ा गया, ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी ।जब्त ट्रक को चौपारण रेंज कार्यालय लाया गया, जहां कागजातों की जांच के उपरांत संबंधित वाहन के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर वन वाद की प्रक्रिया प्रारंभ की गई।गश्ती दल में प्रभारी वनपाल पंकज कुमार, वनरक्षी बीरेन्द्र कुमार, कृष्णा प्रसाद महतो, गृह रक्षक उमेश कुमार, अशोक कुमार, चालक सुखदेव यादव समेत अन्य वन कर्मी शामिल थे।

# हजारीबाग के शशि प्रकाश सिंह बने 138 वें उपायुक्त

### सरकारी योजनाओं को जमीन तक पहुचाना मेरी प्राथमिकता : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले को उसका नया शीर्ष प्रशासक मिल गया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2017 बैच के तेजतर्रार अधिकारी शशि प्रकाश सिंह ने मंगलवार को जिले के 138वें उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी के रूप में पदभार संभाल लिया। समाहरणालय स्थित उपायुक्त वेश्म में निवर्तमान उपायुक्त नैंसी सहाय ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और जिम्मेदारी सौंपी। प्रभार सौंपने के बाद नैंसी सहाय ने मीडिया से मुखातिब होते हुए अपने कार्यकाल के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि पिछले तीन वर्षों और तीन महीनों की यह यात्रा बेहद खास रही। इस दौरान उन्होंने सफलतापूर्वक चुनावों का संचालन किया, चार बार रामनवमी जैसे बड़े त्योहारों का शांतिपूर्ण आयोजन कराया। उन्होंने जिलेवासियों,




मीडिया और समस्त प्रशासनिक टीम के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और नए उपायुक्त को शुभकामनाएं दीं।

पदभार ग्रहण करने के बाद शशि प्रकाश सिंह ने भी मीडिया से संवाद किया। उन्होंने सबसे पहले मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीन पर उतारना उनकी शीर्ष प्राथमिकता होगी। उन्होंने साफ किया कि विकास, पारदर्शिता और जनहित प्रशासन की बुनियाद होंगे। अब जिले को एक नई दृष्टि और ऊर्जा के साथ नेतृत्व मिलेगा। जनता को उम्मीद है कि नए उपायुक्त भी उसी तत्परता और संवेदनशीलता से जिले की समस्याओं को प्राथमिकता देंगे, जैसी मिसाल पूर्व उपायुक्त नैंसी सहाय ने कायम की थी।

## सहायक निदेशक ने लगाया जनता दरबार

**हजारीबाग।** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार लगा। उपायुक्त के निर्देश पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी सह प्रभारी पदाधिकारी जनशिकायत कोषांग निवेदिता राय ने जनता दरबार का संचालन किया। मौके पर उन्होंने आमजनों की समस्याओं को सुना तथा इसके त्वरित समाधान के निदेश संबंधित अधिकारियों को दिया। इस अवसर पर लगभग एक दर्जन फरियादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन समर्पित किये। जिनमें कटकमसांडी के अंजुम प्रवीन ने उनकी भूमि पर जबरन चहारदीवारी देने का मामला प्रकाश में लाते हुए न्याय की गुहार लगाई, इनके आवेदन को एसडीओ सदर को भेजते हुए जांचोपरांत उचित कार्रवाई का निर्देश दिया गया।

वहीं चौपारण, मचला निवासी की सुलोचना भारती ने आंगनबाड़ी ठेकदार पर फजीर्वाड़ा का आरोप लगाया जिसपर बीडीओ चौपारीण को जांचोपरात कार्रवाई का निर्देश दिया गया। वहीं से बड़कागांव के लखन महतो ने एनटीपीसी भू मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई।

# चौपारण में भारी मात्रा में देसी व विदेशी शराब जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**चौपारण।** चौपारण थाना क्षेत्र में एक बार फिर शराब माफिया के सक्रिय होने के प्रमाण सामने आए हैं। हजारीबाग पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ग्राम परसाटांड़ में मुन्नी लाल यादव के घर भारी मात्रा में अवैध शराब जमा कर तस्करी की तैयारी की जा रही है।

इस सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही के नेतृत्व में छापेमारी हुई। पुलिस जब मुन्नी लाल यादव के घर के पास पहुँची, तो एक युवक बिना नंबर की स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल पर प्लास्टिक की




बोरी में 200 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की गई। पुलिस ने उसके घर की तलाशी ली, जहाँ से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद हुई। बरामद विदेशी शराब में स्टर्लिंग रिजर्व ब्रांड की तीन पेटियाँ मिलीं, जिनमें दो पेटी 375 मिलीलीटर और एक पेटी 750 मिलीलीटर की बोतलें थीं। पुलिस ने विजय कुमार (पिता - जुगल यादव, निवासी - मचरक, थाना फतेहपुर, जिला गया, बिहार) को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ चौपारण थाना कांड संख्या 151/25, दिनांक 27/05/25 के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

छापेमारी दल में थाना प्रभारी अनुम प्रकाश, पुलिस उपनिरीक्षक सुनील राम, सहायक उपनिरीक्षक बलराम महतो, हवलदार गोपाल प्रसाद सिंह एवं सुरेंद्र पांडेय शामिल थे।

## रामगढ़ में दो छात्राओं ने किया ज़िला टॉप

**टेकलाल महतो हाई स्कूल की छात्रा अमृता गुप्ता और एस एस प्लस टू हाई स्कूल की छात्रा सामिया नाज ने लाया 476 अंक**

**कुजू।** रामगढ़ के दो छात्रों ने मैट्रिक में जिला टॉप किया। मांडू प्रखंड के टेकलाल महतो हाई स्कूल धनबेड़वा, सुगिया की छात्रा सोनडीहा निवासी अमृता गुप्ता ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में 476 अंक लाकर जिला में पहला स्थान प्राप्त कर क्षेत्र के नाम रौशन की है। अमृता भविष्य में जेपीएससी परीक्षा पास कर अधिकारी बन राज्य सेवा करने की तमन्ना रखती है।



अमृता अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के गुरुजनों व चालक पिता भीम प्रसाद गुप्ता व गृहिणी माता चंपा देवी को देती हैं। उन्होंने ईमानदारी पूर्वक किए गए निरंतर प्रयास को सफलता का मूलमंत्र बताया है। वहीं एस एस प्लस टू हाई स्कूल की छात्रा सामिया नाज ने 476 अंक लाकर रामगढ़ जिला में प्रथम स्थान प्राप्त कर पूरे जिला का नाम रौशन की है। सामिया नाज ने कुल 476 अंक प्राप्त किया।

# पवन क्रूस स्कूल के छात्रों ने लहराया परचम

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पवन क्रूस विद्यालय पटेलनगर भुरकुंडा ने एक बार फिर से अपनी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का परिचय देते हुए जैक 10वीं बोर्ड की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। स्कूल के सभी 104 छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। परीक्षा में 94.6 प्रतिशत अंक लाकर नव्या कुमारी विद्यालय की टॉपर छात्रा बनने का गौरव पाया है।

वहीं 94.4 प्रतिशत अंक के साथ आईशा प्रवीण द्वितीय और 93.8 प्रतिशत अंक लाकर जानवी राज विद्यालय की थर्ड टॉपर की सूची में शामिल हुईं। वहीं अनुष्का कुमारी 93.6, अंजली कुमारी 92.6, तौसीफ रजा 92.2, रानी कुमारी 90.8, वैष्णवी शर्मा 90.6, प्रियांशी टुडू और सुनिधि कुमारी 89.8 प्रतिशत अंक लाकर



नव्या, आईशा, जानवी, अनुष्का, अंजली, तौसीफ, रानी, वैष्णवी, प्रियांशी, सुनिधि

विद्यालय के टॉप टेन की सूची में शामिल हैं। छात्र-छात्राओं की सफलता पर विद्यालय की सचिव सिस्टर अग्नेस, प्रधानाध्यापिका सिस्टर सुमन्ती, खेल प्रशिक्षक मो. कमरूद्दीन सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

**गांधी उच्च विद्यालय का उत्कृष्ट प्रदर्शन, पाकिजा बनी टॉपर**

मैट्रिक में महात्मा गांधी उच्च विद्यालय देवरिया भुरकुंडा के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। परीक्षा में विद्यालय के 217 विद्यार्थी शामिल हुए थें। इसमें 103 प्रथम श्रेणी, 94 द्वितीय श्रेणी और 14 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। जबकि 6 विद्यार्थी

- **मैट्रिक में शत प्रतिशत रिजल्ट 104 छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण**
- **94.6 प्रतिशत अंक लाकर नव्या कुमारी बनी विद्यालय की टॉपर**

मॉरजिनल हुए हैं। विद्यालय का रिजल्ट 97.23 प्रतिशत रहा। विद्यालय की पाकिजा परवीन 92.40 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बनी है। वहीं जास्मीन परवीन 86.40 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय और संजित बैठा 80.40 प्रतिशत अंक लाकर टॉप थ्री की सूची में शामिल होने का गौरव पाया है। संस्कार कुमार 80.20, विक्की कुमार 80, अनिशा राणा 79.4, अंकित मांझी 77.4, अंजली कुमारी 76.4, रानी कुमारी 75.2, रोहित कुमार व राणा प्रताप कुमार 74.80 प्रतिशत अंक लाकर टॉप टेन की सूची में शामिल हैं।

विधायक रोशन लाल चौधरी, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, जिप उपाध्यक्ष रीता देवी ने छात्रों को दी बधाई।

एक नजर में

## जैक 10वीं में इंदिरा गांधी विद्यालय की बेटियों ने झारखंड का नाम किया रोशन



**हजारीबाग ।** जब बात झारखंड की बेटियों की उड़ान की होती है, तो हजारीबाग की एक आवाज सबसे पहले गूंजती है इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय की। इस बार भी, इस स्कूल की छात्राओं ने जो कारनामा किया है, वह केवल परीक्षा में अंक लाने का नहीं, बल्कि पूरे राज्य में बेटियों की ताकत दिखाने का ऐलान है। जैक 10वीं बोर्ड के नतीजे आते ही हजारीबाग में जश्न का ऐसा नजारा दिखा, जैसे कोई त्योहार मन रहा हो। 2025 के जैक मैट्रिक रिजल्ट्स ने यह साबित कर दिया कि हजारीबाग की बेटियाँ सिर्फ.पढ़ाई में नहीं, मेहनत, अनुशासन और लगन में भी अव्वल हैं। इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय, हजारीबाग ने राज्यभर में फिर से इतिहास रच दिया है। गीतांजलि, इसी स्कूल की होनहार छात्रा, 493 अंकों के साथ पूरे राज्य की टॉपर बनी हैं। उनकी सफलता सिर्फ अंक नहीं, संघर्ष और सपने की जीत है। गीतांजलि की सफलता कोई संयोग नहीं थी। उसके पीछे था सालों की तैयारी, शिक्षकों का समर्पण और स्कूल का वातावरण। स्कूल की ही रितु कुमारी, अमृता गुप्ता और पूजा कुमारी ने 491 अंक लाकर संयुक्त रूप से राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त किया। शिवानी कुमारी ने 489 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर कब्जा जमाया। और रुकिए, यहीं बात खत्म नहीं होती। श्रिया कुमारी और साक्षी कुमारी ने 488 अंकों के साथ चौथा स्थान, और वर्षा कुमारी, तनिष्का कुमारी व कोमल कुमारी ने 487 अंक पाकर पांचवां स्थान हासिल किया। इसे केवल एक परीक्षा की जीत न समझिए, यह उस सोच की जीत है जो बेटियों को आगे बढ़ने का हक देती है। यह उन माता-पिताओं, शिक्षकों और प्रशासन की मेहनत का फल है जिन्होंने लड़कियों की शिक्षा को ह्यमिशनह्न बना दिया।

## दारू सरस्वती हाई स्कूल की टॉपर बनीं पायल



दारू। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की 2025 की 10वीं परीक्षा में दारू प्रखंड के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर शिक्षा में प्रखंड का मान बढ़ाया है। टॉप पर रहीं सरस्वती हाई स्कूल, दारू की पायल कुमारी, जिन्होंने 466 अंक (93.20प्रतिशत) हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर संयुक्त रूप से मेढकुरी हाई स्कूल की ज्योति कुमारी और महेशरा हाई स्कूल की माही कुमारी रहीं, दोनों ने 464 अंक (92.80प्रतिशत ) अर्जित किए। तीसरे स्थान पर सरस्वती हाई स्कूल के ही अजीत प्रजापति रहे, जिनके 461 अंक (92.20प्रतिशत) रहे। पायल और अजीत, दोनों की प्रारंभिक शिक्षा ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल से हुई थी, जिसने उनके शैक्षिक आधार को मजबूत किया। महेशरा हाई स्कूल की राधा कुमारी ने 458 और करिश्मा गोस्वामी ने 451 अंक प्राप्त किए। मेढकुरी स्कूल के अभिमन्यु कुमार (458) और रानी कुमारी (450) ने भी बेहतर प्रदर्शन किया। पुनाई के अपग्रेडेड हाई स्कूल से मो. माजउल ने 458 अंक पाकर स्कूल टॉपर बने। इस तरह दारू प्रखंड के छात्रों की मेहनत और शिक्षकों की लगन ने इस साल शिक्षा के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान रचा है।

## कवालू में वन संरक्षण को लेकर बनी नयी समिति

दारू। रामदेव खरिका पंचायत के कवालू गांव में वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति की बैठक राजकीय मध्य विद्यालय परिषद के प्रांगण में हुई। इसकी अध्यक्षता सुशील कुमार सिंह ने की और संचालन प्रभात सिंह ने किया। इस दौरान सर्वसम्मति से सुंदरलाल यादव को समिति का अध्यक्ष, ममता देवी को उपाध्यक्ष और सिकंदर कुमार उर्फ छोटू सिंह को सचिव चुना गया। बैठक में वनों की लगातार हो रही कटाई और इससे वन्यजीवों के गांव की ओर पलायन जैसे गंभीर मुद्दों पर चर्चा हुई। वनरक्षी कुंदन कुमार ने कहा कि वन ही जीवन है, और हमें जंगलों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। उपाध्यक्ष ममता देवी ने बताया कि ये क्षेत्र घने सदाबहार वनों से घिरा है, जहाँ भरपूर वर्षा होती है और जैवविविधता समृद्ध है। सचिव सिकंदर कुमार सिंह ने कहा कि पेड़ों की कटाई से न केवल पारिस्थितिकी असंतुलित होती है, बल्कि जंगली जानवरों का जीवन भी प्रभावित होता है। समिति ने जंगलों को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। इस मौके पर वनरक्षी असलम अंसारी, प्रभारी वनपाल मुकेश कुमार, समाजसेवी, ग्रामीण महिलाएं और पुरुष बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## माउंट ओलिवेट स्कूल का शानदार प्रदर्शन

बरही। झारखंड अधिविध परिषद रांची की ओर से आयोजित 10 वीं बोर्ड की परीक्षा में गुड़ियों में संचालित माउंट ऑलिवेट स्कूल ने बेहतर प्रदर्शन किया है। 10वीं बोर्ड की परीक्षा में माउंट ऑलिवेट स्कूल की ओर से 30 बच्चे ने दसवीं बोर्ड की परीक्षा में सम्मिलित हुए थे , जिसमें सभी 30 बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं । इनमें अनूप मोदी सर्वाधिक 463 अंक लाकर विद्यालय का टॉपर होने का अवसर प्राप्त किया है । विद्यालय के प्राचार्य विजय यादव ने बताया कि उनके विद्यालय में सभी बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं । इनमें अनूप मोदी 463 ,रौनक कुमार 456, सलमान अंसारी 453 ,आकांक्षा कुमारी 450, रानी कुमारी 450, अंजन कुमार यादव 446, अंशु कुमारी 442, दीपक कुमार यादव 441 ,अंकित राज 440 ,आशीष कुमार शर्मा 434 ,शिव शंकर कुमार 432 ,अंकित कुमार पंडित 432 ,धीरज कुमार 431 ,गोलू कुमार 430, लक्ष्मण कुमार 427 ,प्रीति कुमारी 425, मोनिका कुमारी 424, पंकज कुमार 427 ,सुभाष कुमार यादव 420, सूरज कुमार 419, जवाहर पासवान 416 ,रवि कुमार यादव 411 ,शिवानी कुमारी 410 ,रोबिन कुमार यादव 407 ,सचिन कुमार राणा 406, लक्ष्मी कुमारी 404 ,दीपा कुमारी 403 ,काजल कुमारी 402, नीलम कुमारी 400, अभिषेक कुमार यादव 399 अंक लाकर सफलता हासिल की है।

## भक्ति जागरण का विधायक ने किया उद्घाटन

बरही। पंचमाधव पंचायत अंतर्गत जरहिया गांव में चल रहे श्री श्री 1008 शिव शक्ति महायज्ञ के पांचवें दिन भव्य जागरण का उद्घाटन किया गया। बरही विधायक मनोज कुमार यादव उपस्थित हुए। इसके अलावा जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, प्रमुख मनोज रजक, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, स्थानीय मुखिया नीलम देवी, उपमुखिया बिनोद यादव, अध्यक्ष मनोहर यादव और मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप मौजूद रहे। अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर जागरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जागरण में रामगढ़ से आई विश्वकर्मा म्यूजिकल ग्रुप की टीम ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके साथ ही विधायक मनोज कुमार यादव ने भी भजन-गीत गाकर लोगों को भावविभोर कर दिया। विधायक मनोज यादव ने इस अवसर पर कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारा और श्रद्धा को मजबूत करते हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को इस महायज्ञ में शामिल होने और पुण्य लाभ अर्जित करने का आह्वान किया। मौके पर संरक्षक सह मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, अध्यक्ष मनोहर यादव, उपाध्यक्ष आकाश भारती, सुभाष यादव, विजय यादव, सिकंदर यादव, कोषाध्यक्ष प्रदीप गोपाल, नरेश यादव, बिरेन्द्र यादव, अवधेश यादव, सचिव सुनील यादव, अरुण यादव और महेंद्र यादव समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। जागरण के दौरान पुजारी शशिभूषण, महेंद्र यादव, राजेन्द्र यादव, भातु महतो, विकास कुमार, छोटेलाल यादव और सरयू यादव ने पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की गरिमा को और भी बढ़ाया।

## झामुमो ने जाति जनगणना के पहले सरना धर्म कोड लागू करने की मांग को लेकर दिया धरना, कहा

# सरना धर्म कोड लागू होने तक जारी रहेगा आंदोलन

- **झामुमो जिलाध्यक्ष बीरेंद्र पाण्डेय के नेतृत्व में झामुमो नेताओं ने जिला मुख्यालय के समक्ष किया धरना-प्रदर्शन**

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**कोडरमा।** झामुमो जिलाध्यक्ष बीरेंद्र पाण्डेय के नेतृत्व में जिले के झामुमो नेताओं ने जिला मुख्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया। इसके पूर्व एक रैली उर्मिला चौधरी के आवास के समीप से निकाली गयी, जो कोडरमा बाजार होते हुए समाहरणालय पहुंच कर सभा में तब्दील हो गई। वहीं सभा को सम्बोधित करते हुए नेताओं ने सरना धर्म कोड लागू होने तक आंदोलन जारी रखने का संकल्प लिया। वहीं धरना-प्रदर्शन में केंद्रीय समिति सदस्य गंगा यादव, संजय पाण्डेय, बैजनाथ मेहता, रामेश्वर मुर्मू, रवींन्द्र शांडिल्य, संजय साजन, उमेश राम, अशोक सिंह, अशोक कुमार, मो. नौशाद, मो. खलील, गुड़िया देवी, विश्वनाथ राय, चन्द्रदेव यादव, उमेश यादव, कमशेवर भारती, गणेश राय सहित बड़ी संख्या में झामुमो के नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। वहीं जिलाध्यक्ष ने कहा कि केंद्र की सरकार ने साजिश रचकर जनगणना प्रपत्र से अन्य वाला कॉलम को हटाया है, अब हम पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन के नेतृत्व में अलग सरना धर्म कोड की लड़ाई लड़ेंगे और जीतेंगे। वहीं उन्होंने कहा कि जिस तरह से महागठबंधन की मांग के सामने झुकते हुए मोदी सरकार जातीय जनगणना कराने को बाध्य हुई, उसी तरह सरना धर्म कोड लागू करना होगा।

**भाजपा आदिवासियों का हिन्दुकरण करना चाहती है : गंगा यादव**

केंद्रीय समिति सदस्य गंगा यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता सरना-सनातन एक है की बात कर आदिवासियों का हिन्दुकरण करना चाहती है। दरअसल भाजपा का ध्यान आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन पर है। उसे वह अपने उद्योगपति मित्रों में बांटना चाहती है।

**अलग सरना धर्म कोड लागू हो : गोपाल यादव**

केंद्रीय समिति सदस्य गोपाल यादव ने भाजपा को आदिवासी विरोधी बताते हुए कहा कि राज्य में महागठबंधन की सरकार ने विधानसभा से पारित कराकर अलग सरना धर्म कोड का प्रस्ताव राज्यपाल के पास भेजा था, लेकिन भाजपा इस पर चुप्पी साधे बैठी है। वहीं केंद्रीय समिति सदस्य संजय पाण्डेय ने कहा कि जब तक केंद्र सरकार अलग सरना धर्म कोड की मांग पर घुटने नहीं टेक देती, तब तक पार्टी जिला, प्रखंड और पंचायत स्तर पर आंदोलन जारी रखेगी।

**पसंद का धर्म मानना हमारा मौलिक अधिकार : संजय साजन**

झामुमो जिला जिला प्रवक्ता संजय साजन ने कहा कि हमारी मांग सरना धर्म कोड है, जिन राज्यों में आदिवासियों का कोई और नाम से धर्म है, वहां उस हिसाब से आदिवासियों के लिए कोड हो क्योंकि यह उनका मौलिक अधिकार है।

**आदिवासियों के अस्तित्व की लड़ाई : पवन माइकल कुजूर**

सरना धर्म कोड को लेकर पवन माइकल कुजूर ने कहा कि जब जनगणना प्रपत्र से धर्म वाले कॉलम से अन्य को हटा दिया गया है तो फिर आदिवासी समुदाय क्या करेगा? इस धर्म में वह अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगा। वहीं उमेश राम ने कहा कि आंदोलन के दम पर अलग सरना धर्म कोड लेकर रहेगी। वहीं उन्होंने कहा कि हम संविधान की बात करते हैं, सामूहिकता और मेल-जोल की बात करते हैं, लेकिन यह भाजपा और उसके नेताओं को यह पसंद नहीं है, उन्हें मनुवादी और मनुस्मृति पसंद है।

**हर हाल में लागू हो सरना धर्म कोड : बैजनाथ मेहता**

बैजनाथ मेहता ने कहा कि इतना आंदोलन तेज करेंगे कि जातीय जनगणना की तरह केंद्र सरकार को सरना धर्म कोड लागू करना ही होगा। वित्त मंत्री ने चुनौती दी कि भाजपा में दम है तो 15 दिन के अंदर बिहार में जातीय जनगणना शुरू करे। वहीं रवींन्द्र शांडिल्य ने कहा कि भाजपा और उनके नेताओं को आदिवासियों के विकास से कोई लेना-देना नहीं है, वह सिर्फ वोट की राजनीति करते हैं। वहीं राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि जब तक जातीय जनगणना में अलग सरना धर्म कोड नहीं होगा, तो राज्य के अनुसूचित जनजाति के 40-43 लाख लोग उस फार्म पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे। वहीं धरना के उपरांत राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सुरेंद्र वर्मा, प्रदीप चौधरी, अशोक सिंह, रियासत अंसारी, विश्वनाथ राय, अशरफ अंसारी, चंद्रदेव यादव, उमेश यादव, इरफान अंसारी, श्याम देव यादव, छोटू यादव, कामेश्वर भारती, दीपक विश्वकर्मा, मंटू वर्मा, धीरज कुमार, मनीष कुमार पांडे, मो. नौशाद, महावीर राणा, देवानंद कुशवाहा, गणेश राय, निर्मला देवी, गुड़िया देवी, बेबी देवी, सुखराम दिलीप मुंडा, सुदामा दास, सरजू मुंडा, संजय कुमार, समसुल अंसारी समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### चतरा जिले के 39वें उपायुक्त के रूप में श्रीमती कीर्तिश्री ने पदभार ग्रहण किया

- **शिक्षा एवं आजीविका सृजन, महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में कुछ नया करने का उद्देश्य : उपायुक्त**



**चतरा।** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में जिले के 39वें उपायुक्त के रूप में नव पदस्थापित उपायुक्त कीर्तिश्री ने स्वतः पदभार ग्रहण किया। उन्होंने सरकार की प्राथमिकता को अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि सरकार और प्रशासन दोनों जनता के लिए है। आगे उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से शत प्रतिशत पात्र लाभुकों को लाभान्वित करना और स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आजीविका सृजन, महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में कुछ नया करने का उद्देश्य है। इससे पहले नव पदस्थापित उपायुक्त कीर्तिश्री के चतरा जिला आगमन पर उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज समेत मौके पर उपस्थित अन्य अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।

### बीडीओ ने प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक कर काम में तेजी लाने का दिया निर्देश



**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को प्रखंड कर्मियों के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने बैठक की। जहां संचालित योजनाओं के कार्यों को बेहतर गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने का निर्देश बीडीओ ने कर्मियों को दिया है। इसमें बताया गया कि अबुआ आवास में पेंडिंग कार्य जल्द से जल्द पूरा करायें। वहीं पेमेंट भी जितना जल्द हो लाभुकों को देने का प्रयास करें। ताकि आवास जल्द तैयार हो और बरसात में लाभुकों को आवास को लेकर कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। मौके पर उपस्थित बीपीओ रामकुमार सिंह, पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय, चितरंजन शर्मा, उज्जवल कुमार सिंह, कनीय अभियंता सचिनदत शर्मा, रोजगार सेवक निर्मल दांगी, प्रदीप कुमार, सत्येंद्र कुमार वर्मा, पार्वती देवी, शालिनी भारती, फरहद नाजमी, अभिनंदन कुमार व अन्य उपस्थित थे।

### जंगली हाथियों ने जमकर मचाया उत्पात, कई घरों को तोड़े व रखे अनाज को किया चट



**चतरा।** सिमरिया प्रखंड के कसारी पंचायत स्थित सीधापतरा और पन्नवाटांड़ गांव में सोमवार की देर रात्रि जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया है। जिसमें सीधा पतरा गांव निवासी मुकेश उरांव के और पन्नवाटांड़ गांव निवासी माघे गंझू के घर को बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया है। मुकेश उरांव के घर में रखे लगभग 4 क्विंटल चावल, 70 किलो मक्का, 20 केजी अरहर जबकि मांगे गंझू के घर में रखे 2 क्विंटल चावल, 70 किलो मक्का, 50 केजी आलू अन्य खाद्य सामग्री को तहस नहस कर बर्बाद कर दिया है। भुक्तभोगियों ने कहा कि हमलोगों के बीच खाने-पीने को लेकर समस्या उत्पन्न हो गई है। भुक्तभोगियों ने अंचल अधिकारी को आवेदन देकर मुआवजे की मांग की है।

### पुलिस ने फरार चल रहे अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तेहार



**हंटरगंज/चतरा।** न्यायालय के निर्देश पर पुलिस ने छह वर्ष से फरार चल रहे अभियुक्त के घर मंगलवार को इश्तेहार चिपकाया है। लातेहार जिला बालूमाथ थाना के पुलिस अवर निरीक्षक अमित कुमार रविदास के नेतृत्व में टीएसपीसी नक्सली संगठन के प्राथमिक अभियुक्त चतरा जिला के हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत पांडेपुरा पचमो निवासी ननकु यादव का पुत्र बलवंत जी उर्फ छोटू कुमार के घर पहुंचकर न्यायालय के आदेश पर ग्रामीणों के समक्ष उनके घर में जाकर दीवार पर इश्तेहार चिपकाया। वहीं उनके परिजनों को बताया कि उक्त अभियुक्त को न्यायालय में एक माह के अंदर आत्मसमर्पण करना है। ऐसा नहीं करने पर उनके विरुद्ध आगे की कानूनी कार्रवाई करते हुए कुर्की जब्ती की जाएगी। बताते चलें कि यह अभियुक्त बालूमाथ थाना से छह वर्ष से ऊपर से फरार चल रहे हैं। मौके पर सशस्त्र पुलिस बल के जवान मौजूद रहे।

### बलुरी मुखिया ने निभाया सामाजिक सरोकार, थाना में आये फरियादियों को मिलेगा शुद्ध पेयजल



**हंटरगंज/चतरा।** मदद करने के लिए दिल बड़ा होना चाहिए। इस कहावत को चरितार्थ करने वाला उदाहरण हंटरगंज प्रखण्ड के बलूरी पंचायत मुखिया रूबी देवी में देखने को मिला है। मुखिया रूबी देवी के सौजन्य से हंटरगंज थाना परिसर में आए फरियादियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए मंगलवार को आरओ लगाया गया। जिसका उद्घाटन बलूरी मुखिया प्रतिनिधि सतेंद्र सिंह और औरू मुखिया प्रतिनिधि सह पूर्व बीस सूत्री उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार सहित थाना के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। उद्घाटन के दौरान मुखिया प्रतिनिधि सतेंद्र सिंह ने बताया कि थाना परिसर में आए फरियादियों की सुविधा को ध्यान में रखकर ये व्यवस्था की गई है। स्वच्छता और उत्तम स्वास्थ्य के लिए शुद्ध पेयजल मिले इसे लेकर आरओ लगाया गया है। वहीं हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि आरओ नहीं होने की वजह से पीने के पानी को लेकर समस्या थी। हालांकि थाना के द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था की गई थी। बताते चलें कि यहां रोजाना फरियादियों का आना-जाना लगा रहता है। इनके लिए शुद्ध पेयजल की उपलब्धता को लेकर थाना प्रभारी गंभीर दिखे और इसकी जानकारी जनप्रतिनिधियों से साझा किए, जिसका फलस्वरूप आज देखने को मिला।

### खरीफ मौसम में उन्नत कृषि और फसलों को कीटों से बचाव के लिए दिया गया प्रशिक्षण




**कोडरमा।** आत्मा द्वारा मंगलवार को जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले के कृषकों को खरीफ मौसम में उन्नत षि और फसलों को कीटों से बचाव, उत्पादकता में वृद्धि लाने आदि से सम्बंधित विस्तृत जानकारी दिया गया। वहीं आत्मा के परियोजना निदेशक सह जिला कृषि पदाधिकारी रविशंकर बर्णवाल ने कृषकों के हित में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गयी। वहीं केवीके चंचला कुमारी द्वारा धान और मक्का की उन्नत खेती के लिए किस प्रकार की मिट्टी में किस तरह के बीजों का इस्तेमाल करना चाहिए, जिससे ज्यादा से ज्यादा पैदावार हो सके, इस पर विस्तृत जानकारी दिया। वहीं विषय वस्तु विशेषता केवीके नूपुर चौधरी द्वारा बीज बोने से पहले बीजोपचार की विधि की जानकारी दिया गया। मौके पर देवरूप घोष, बीटीएम, एटीएम, कृषक मित्र आदि मौजूद थे।

### मॉडर्न पब्लिक स्कूल में छात्राओं के लिए स्वास्थ्य और स्वच्छता पर कार्यशाला का आयोजन



**कोडरमा।** मॉडर्न पब्लिक स्कूल में छात्राओं के लिए स्वास्थ्य और स्वच्छता पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन विद्यालय की वरिष्ठ महिला शिक्षिकाओं, अनुराधा सिंह और लक्ष्मी द्वारा किया गया। कार्यशाला में छात्राओं को स्वास्थ्य और स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। शिक्षिकाओं ने छात्राओं को बताया कि कैसे वे अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता को अपनाकर अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकती हैं। कार्यशाला में छात्राओं ने बहुत उत्साह और रुचि दिखाई और उन्होंने अपने सवालों के जवाब भी पूछे। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं को स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और उन्हें अपने जीवन में स्वच्छता को अपनाने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार ने इस कार्यशाला के आयोजन के लिए शिक्षिकाओं को धन्यवाद दिया और कहा कि यह कार्यशाला छात्राओं के लिए बहुत उपयोगी होगी। इस कार्यशाला के आयोजन से छात्राओं को अपने स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने में मदद मिलेगी। वहीं निदेशिका संगीता शर्मा ने कहा कि आज के समय में इस तरह के आयोजन से छात्राओं में जागरूकता फैलेगी और वो दूसरी छात्राओं को भी जागरूक करेंगी। इस कार्यशाला के सफल आयोजन में पूरे विद्यालय परिवार की भूमिका सराहनीय रही।

### मैट्रिक परीक्षा परिणाम में कोडरमा राज्य भर में प्रथम स्थान पर रहा



**कोडरमा।** झारखंड एकेडमिक कॉउन्सिल द्वारा मंगलवार को मैट्रिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। घोषित परिणाम में कोडरमा जिला राज्य भर में प्रथम स्थान पर रहा, जहां कोडरमा के 97831 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए। वहीं वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में कुल 12680 छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए, जिसमें कुल 12405 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए एवं कुल 275 छात्र-छात्राएं अनुत्तीर्ण हुए हैं। कोडरमा जिला का रिजल्ट 97.831 प्रतिशत होते हुए पूरे राज्य में प्रथम स्थान पर है। वहीं वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में 7671 छात्र-छात्राओं ने फर्स्ट, 4324 छात्र-छात्राओं ने सेकेंड और 410 छात्र-छात्राओं ने थर्ड स्थान प्राप्त किया। वहीं उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने परीक्षा में सफल होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं उन्होंने कहा कि इस सफलता में शिक्षा विभाग के पदाधिकारी, कर्मी और शिक्षक बधाई के पात्र हैं। उनके प्रयास से छात्र-छात्राओं ने वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है।

### जैन धर्म के 16वें तीर्थंकर देवाधिदेव 1008 श्री शांतिनाथ भगवान का निर्वाण महोत्सव मना



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** जैन धर्म के 16वें तीर्थंकर देवाधिदेव 1008 श्री शांतिनाथ भगवान का निर्वाण महोत्सव ज्येष्ठ कृष्ण चतुर्दशी को दिगंबर जैन के दोनों मंदिर में मनाया गया। वहीं प्रातः श्री दिगंबर जैन बड़े मंदिर में देवाधिदेव 1008 शांति नाथ भगवान के जन्म तप मोक्ष कल्याणक दिवस पर 1008 शांतिनाथ भगवान की विशाल प्रतिमा पर प्रथम कलश का सौभाग्य राकेश-प्रीति जैन छाबड़ा एवं शांति धारा सुरेश-नरेंद जैन झांझरी, सुरेंद्र सौरभ काला के परिवार को प्राप्त हुआ। वहीं समाज के प्रेम-सुरेश जैन झांझरी ने मुनि श्री के चरणों में मोक्ष कल्याणक पर्व के अवसर पर निर्वाण लड्डू चढ़ाया, इसके साथ 1008 शांति विधान का आयोजन किया गया। जिसमें श्री फल चढ़ाने का सौभाग्य श्रेष्ठी सरिता, सौरभ जैन काला और दीप प्रज्वलित का सौभाग्य सुशील-शोभा जैन पांड्या को प्राप्त हुआ। वहीं कोडरमा के गायक सुबोध-आशा जैन गंगवाल द्वारा पूजन कराया गया। वहीं मुनि श्री 108 भावसागर जी मुनिराज ने अपने प्रवचन में बताया कि आप अपने जीवन में कुछ न कुछ नियम जरूर बनायें और मन को धर्म में लगायें, बच्चे को शुरू से ही नियम संयम का पाठ पढ़ायें, ताकि आगे जाकर अपने जीवन में संयम पालन कर अपने जीवन को उत्तम बना सकें। मौके पर राज कुमार अजमेरा, नवीन जैन सहित कई लोग मौजूद थे।

# करमा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र 226 में बच्चों को बासी खिचड़ी और अंडा देने के मामले में हुई कार्रवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- **परियोजना पदाधिकारी ने सेविका और सहायिका को चयनमुक्त करने की अनुशंसा की**

**कोडरमा।** प्रखण्ड के करमा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 226 में बीते 21 मई को बच्चों को बासी खिचड़ी और अंडा देने के मामले में आरोपी सेविका और सहायिका पर बड़ी कार्रवाई की गई, सीडीपीओ डॉ रेखा रानी ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी से केंद्र की सेविका और सहायिका को चयनमुक्त करने की अनुशंसा करने की अनुशंसा की है।

सीडीपीओ ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि बीते 21 मई को करमा मध्य स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 226 के पोषक क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा सेविका और सहायिका पर बच्चों को बासी खिचड़ी और सड़ा अंडा खिलाने का आरोप लगाया था। घटना की जानकारी मिलते ही बीडीओ और सीडीपीओ ने मामले की जांच की। जांच के दौरान पाया गया कि उक्त तिथि को आंगनबाड़ी केंद्र में कुल 11 बच्चे उपस्थित थे और सभी बच्चों को खिचड़ी और अंडा दिया गया था, जिसमें से 3-4 बच्चे के परिजन बच्चों को उल्टी और दस्त होने की शिकायत किये थे। हालांकि किसी भी बच्चे को अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत नहीं पड़ी।

वहीं सीडीपीओ ने बताया कि जांच में बासी खिचड़ी और एक सप्ताह पूर्व खरीदा गया अंडा मिला, जिसके बाद डीएसडब्ल्यूओ के निर्देश के आलोक में पुनः 22 मई को महिला पर्यवेक्षिका अंजू कुमारी के साथ केंद्र का निरीक्षण किया गया। जिसमें पाया गया कि उक्त सभी मामले सही हैं, केंद्र की सेविका और सहायिका के बीच आपसी विवाद के कारण इस तरह की घटना घटी, जांच में दोनों की लापरवाही सामने आयी। वहीं सीडीपीओ ने कहा कि केंद्र की सेविका और सहायिका के बारे में लगातार शिकायतें मिल रही थीं, चेतावनी देने के बावजूद भी उनकी कार्यशैली में कोई बदलाव नहीं हुआ, पूरे मामले की जानकारी उपायुक्त को दी गयी है। वहीं उपायुक्त ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए दोनों आरोपियों को चयनमुक्त करने का निर्देश दिया। उपायुक्त के निर्देश के आलोक में दोनों को चयनमुक्त करने की अनुशंसा करते हुए कार्रवाई के लिए विभाग को भेजा गया।

# जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने 30 प्रतिष्ठानों में चलाया छापामारी अभियान

- **तम्बाकू उत्पादों के बेचने के आरोप में 5 प्रतिष्ठानों पर लगाया जुर्माना**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चन्द्र गुग्गी और तम्बाकू नियंत्रण सेल के जिला परामर्श दीपेश कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को जयनगर और कोडरमा के विभिन्न क्षेत्रों में अवस्थित 30 प्रतिष्ठानों में छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान 5 दुकानों में तम्बाकू उत्पाद से सम्बंधित पदार्थों को बेचने के आरोप में कोटपा एक्ट 2003 के तहत आर्थिक जुर्माना वसूला गया। साथ ही जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी श्री गुग्गी ने इन दुकानदारों को सख्त हिदायत दी कि शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में किसी भी प्रकार का तम्बाकू या इससे बने उत्पादों की बिक्री व इस्तेमाल पर प्रतिबंध है। नियमों का उल्लंघन करने पर भविष्य में सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं कई दुकानदारों को जल्द से जल्द फूड लाइसेंस लेने, प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई रखने आदि का निर्देश दिया। इसके अलावे आठ प्रतिष्ठानों के पास एफएसएसएआई लाइसेंस नहीं होने पर तत्काल नोटिस जारी कर लाइसेंस लेने का निर्देश दिया। मौके पर हिमांशु कुमार व तम्बाकू नियंत्रण सेल के अन्य कर्मी मौजूद थे।

### फरार चल रहे चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**जयनगर (कोडरमा)।** पुलिस ने विभिन्न क्षेत्रों में छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान फरार चल रहे चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इसमें कांड संख्या 93/22 के बीरेंद्र साव एवं राजेंद्र साव गड़गी, कांड संख्या 70/24 के रामदेव पासवान कटिया एवं कांड संख्या 21/25 के मनोज राम पिपचो निवासी को जेल भेजा गया।

### किसान मौनसून व बारिश को देखते हुए धान का बिचड़ा लगाने की तैयारी में लगे



**जयनगर (कोडरमा)।** रोहणी नक्षत्र 25 मई से प्रवेश के साथ किसानों की दिनचर्या बदल गयी है और उनका काम बढ़ गया है। किसान मौनसून व बारिश को देखते हुए धान का बिचड़ा लगाने की तैयारी में लग गये हैं। खरीफ फसल को लेकर किसान सक्रिय हो गये हैं, मौसम भी काफी अनुकूल चल रहा है, हालांकि उन्हें भारी बारिश का इंतजार है। वहीं मौसम की नमी के कारण अब खेतों की जुताई आसान हो गयी है, मौसम के बदलाव के कारण तापमान में भी गिरावट आया है। वहीं खेतों में नमी देख किसानों के चेहरे पर रौनक लौट रही है। ऐसे में किसानों को क्या और कैसे करना चाहिए, इसे लेकर कृषि विशेषज्ञ ने किसानों को कई टिप्स दिये हैं। कृषि विज्ञान केंद्र एग्रोफोरेस्टी पदाधिकारी रूपेश रंजन ने मॉनसून को देखते हुए किसानों को सलाह दिया है। वहीं उन्होंने बताया है कि अभी के समय में खेतों की गहरी जुताई करें और कुछ समय के लिए खेत को खुला छोड़ दें, ताकि जमीन के अंदर के कीड़े-मकौड़े धूप में मर जायें, खेतों की गहरी जुताई फायदमेंद है। बारिश के पहले खेतों में मेड़बंदी जरूर करें, ताकि खेत की मिट्टी न बहे और खेत बारिश का पानी सोख लें।

### दिबौर प्रीमियर लीग सीजन टू की शुरुआत



**कोडरमा।** जिले के मेघातरी पंचायत में जूनियर दिबौर प्रीमियर लीग सीजन टू (2025) हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेघातरी के विशुनीटीकर ग्राउंड में अंडर-16 के बच्चों का क्रिकेट मैच का आगाज किया गया। वहीं उद्घाटन मैच दिबौर सुपर किंग व दिबौर दबंग के बीच हुआ। जिसमें दिबौर दबंग की टीम विजेता रही। इस मैच में मैन ऑफ द मैच अंकित कुमार रहे। बताते चलें कि मैच का आयोजन मेघातरी पंचायत के उपमुखिया जीतू थापा द्वारा कराया जा रहा है। मैच के आयोजन में आदर्श, सन्नी, अस्मित, आदित्य, प्रिंस, राजा, गोल्डी का मुख्य भूमिका रही। मौके पर मधुकर राजा, मुन्ना कुमार, प्रकाश कुमार, संजय सिंह, कारू, मुबारक, गुड्डू, रवि क्षेत्री समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# ग्रिजली कॉलेज में समर कैंप का समापन

- **राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने गोद लिए गांव इंदरवाटांड़ के बच्चों का तीन दिनों तक खूब मनोरंजन कराया**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा तीन दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। कैंप के प्रथम दिन महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गांव इंदरवाटांड़ के बच्चों के लिए पूल पार्टी एवं विभिन्न गेम्स का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के बच्चों ने उक्त अवसर का भरपूर लुत्फ उठाया। वहीं कैंप के द्वितीय दिन गोद लिए गांव के बच्चों हेतु आर्ट एंड क्राफ्ट का आयोजन महाविद्यालय स्वयं सेवक रंजीत कुमार, लक्ष्मी कुमारी, रवीना कुमारी एवं बिपिन सचदेव द्वारा किया गया। जिसमें बच्चों ने रचनात्मक एवं कलात्मक कौशल का प्रयोग कर कागज और रंगों की सहायता से सुंदर एवं मनोरम कलाकृति व चित्रकारी को प्रस्तुत किया। कैंप के तृतीय दिन महाविद्यालय द्वारा बच्चों को करनजीत सलूजा द्वारा निर्मित प्रेरणादायक एवं शिक्षाप्रद चैन कुली की मेन कुली मूवी को दिखाया गया, जिसे देखकर बच्चों ने खूब मनोरंजन किया। तीनों दिन बच्चों को महाविद्यालय द्वारा पॉपकॉर्न, स्नैक्स, ड्रिंक्स, कुरकुरे चॉकलेट्स आदि प्रदान किया गया।

वहीं उप निदेशिका डॉ संजीता कुमारी ने कहा कि समर कैंप के आयोजन से बच्चों में मानसिक, शारीरिक एवं बौद्धिक विकास होता है तथा अध्ययनरत बच्चों का मानसिक तनाव कम होता है और वे स्वस्थ होते हैं।

वहीं प्राचार्या डॉ. मृदुला भगत ने कैंप के उद्देश्य एवं महत्ता पर प्रकाश डाला। मौके पर मनीष कुमार सिन्हा, मनीष कुमार सिंह, संजीत कुमार, सीताराम यादव, चुन्नु कुमार, सौरभ शर्मा, खुशबू कुमारी, डॉ पूजा कुमारी, अनिल दास रवि प्रसाद, दीपक कुमार, आलोक कुमार, रोहित कुमार, अमित कुमार, नंदनी कुमारी, बलराम कुमार यादव, ओशो अंशुमन, कुणाल कुमार, अन्नाश्री समेत सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारी मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### बेहतर कार्य करने के लिए प्रखंड संसाधन केंद्र रायडीह की टीम सम्मानित



गुमला। जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां ने मंगलवार को झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला अंतर्गत सभी प्रखंड के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं लेखापाल के साथ समीक्षा बैठक की। जिला परियोजना कार्यालय से इस बैठक में अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ज्योति खलखो, सहायक अभियंता शमशाद अली, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी रोज मिंज, फील्ड मैनेजर रामचंद्र कुमार सिंह आदि शामिल हुए। डीएसई ने शिक्षा विभाग अंतर्गत चल रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा की एवं शैक्षणिक व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में ग्रीष्मावकाश उपरांत स्कूल खुलते ही पाठ्य पुस्तक वितरण तत्काल सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ बेंच डेस्क उपलब्धता, पेयजल एवं शौचालयों तथा जर्जर भवन की स्थिति की समीक्षा की गई। स्कूल रुआर अंतर्गत विद्यालय से बाहर बच्चों के नामांकन की समीक्षा करते हुए प्रत्येक माह 25 तारीख को पीटीएम की बैठक आयोजित कर विद्यालयवार गुगल लिंक भरने के निर्देश दिए गए। शिक्षा के सभी क्षेत्रों में बेहतर कार्य हेतु डीसी द्वारा प्राप्त स्वीकृति के आलोक में प्रखंड संसाधन केंद्र रायडीह की टीम को ऑफ द मंथ के अवार्ड से सम्मानित करते हुए रायडीह प्रखंड की शिक्षा विभाग की टीम को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो दिया गया। इसके साथ ही अच्छे कार्यों हेतु कामडारा प्रखंड के बीपीओ लाल चंद्र शेखर नाथ शाहदेव, लेखापाल सूफिया खान तथा डुमरी बीपीओ तपेश्वर साहू को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

### अवैध बालू के खिलाफ सीओ व थानेदार ने की छापामारी

बसिया। बालू के अवैध कारोबार कों लेकर बसिया प्रशासन पूरी तरह शख्त हैं। सोमवार कों सीओ नरेश मुंडा एवं थानेदार युधिष्ठिर कुमार प्रजापति के नेतृव में गुप्त सुचना के आधार पर कारवाई करते हुए कोयल नदी के किनारे स्थित कोनसकेली डुमरटोली गांव के समीप से अवैध रूप से डंप किए गए 3500 सीएफटी बालू जब्त किया। इसे लेकर बसिया थानें में मामला दर्ज कराया गया हैं। आवेदन में कहा गया हैं कि अवैध रूप से नदी से बालू चोरी करने वाले एवं डंप कर अवैध कारोबार करने वाले दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए।

### 91.4 प्रतिशत अंक लाकर प्रतिभा पाठक बनी विद्यालय टॉपर






घाघरा। जैक मैट्रिक परीक्षा का परीक्षा फल मंगलवार को प्रकाशित किया गया। जिसमें प्रखंड के कई विद्यार्थियों ने बेहतर अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। चिल्ड्रेन एकेडमी प्लस टू स्कूल रहे की प्रतिभा पाठक 91.4 प्रतिशत, नंदनी कुमारी 90.20 प्रतिशत, सृष्टि उरांव 85 प्रतिशत, विपिन कुमार साहू 81.8 प्रतिशत, सुहानी गोप 81.4 प्रतिशत, देवराम टाना भगत 81.4 प्रतिशत, प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय घाघरा की प्राची कुमारी 92.40 प्रतिशत, शीतल कुमारी 90.4 प्रतिशत, संत जुड्स प्लस टू स्कूल नवडीहा की काजल कुमारी 92.5 प्रतिशत, नीतू उरांव 88 प्रतिशत, निशा उरांव 85.5 प्रतिशत, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर का पिंटू उरांव 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यार्थियों ने विद्यालय का नाम रोशन किया है।

### खड़ी बस को ट्रक ने मारी टक्कर आधा दर्जन यात्री घायल

घाघरा। घाघरा प्रखंड मुख्यालय स्थित चाहट होटल के समीप सड़क हादसा में आधा दर्जन लोग घायल है। जानकारी के अनुसार लोहरदगा की ओर से बॉक्साइट ट्रक घाघरा आ रही थी। इसी दौरान चाहत होटल के समीप यात्री बस खड़ी थी। आगे से आ रहे गाड़ी के लाइट से अनियंत्रित होकर खड़ी बस को ट्रक ने ठोंक दिया। जिससे लगभग आधा दर्जन लोग घायल है। जानकारी के अनुसार मैकलुस्कीगंज से रायगढ़ सरसिमा बस जा रही थी। घायलों में रायगढ़ सरसीमा निवासी सागर करे, शिव प्रसाद, संतरा रवि, हबील टोप्पो, प्रमिला, मधु, नूनी बाई घायल है। सभी को घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। इलाज के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### मोटरयान निरीक्षक ने चलाया वाहन जांच अभियान, 50 हजार की हुई वसूली

गुमला। पुलिस अधीक्षक गुमला के निर्देशानुसार मोटरयान निरीक्षक रोबिन अजय सिंह, प्रदीप कुमार तिर्की एवम सड़क सुरक्षा के द्वारा करमडीपा में बाइक जांच अभियान चलाया गया। जिसमें सभी बाइक वाहनों से कागजात से संबंधित त्रुटियों को जांच किया गया। ज्ञात हो की आवश्यक दस्तावेज जैसे हेलमेट, इंसुरेंस, ड्राइविंग, लाइसेंस, पोलूशन नहीं लेकर यात्रा करने तथा वाहन से संबंधित कागजात प्रस्तुत नहीं करने पर जुर्माना वसूला गया। यह जांच अभियान शाम 04:30 बजे से शाम 05:30 बजे तक चलाया गया। जांच की इस प्रक्रिया मे दण्ड राशि वाहन से संबंधित आवश्यक कागजात नहीं प्रस्तुत करने पर 35 वाहनों से 50,000 रुपये की वसूली गई।

### युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया कॉर्डिनेटर बनाये गये बेनाम उरांव



गुमला। युवा कांग्रेस सोशल मीडिया के राष्ट्रीय चेयरमैन मनु जैन ने पत्र जारी कर सिसई विधानसभा युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया कॉर्डिनेटर बेनाम उरांव को गुमला जिला युवा कांग्रेस सोशल मीडिया कॉर्डिनेटर नियुक्त किया है। मौके पर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अभिनव भगत ने कहा बेनाम बेनाम उरांव पहले से विधानसभा सोशल मीडिया के पद पर रहकर कांग्रेस पार्टी के नीति सिद्धांत को जन जन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। औजिला गुमला जिला अध्यक्ष आजाद अंसारी ने कहा है इनकी सक्रियता को देखते हुए जिला सोशल मीडिया का कॉर्डिनेटर बनाए गए हैं।

## बरसात से पहले बिजली की समस्याओं के समाधान का चैंबर ने की मांग

**चैंबर कॉमर्स की बैठक संपन्न**




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** चेंबर ऑफ कॉमर्स की बैठक सोमवार की रात बस पड़ाव स्थित चैंबर कार्यालय में चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में कई एजेंडों पर चर्चा हुई और सर्वसम्मति से पारित भी किया गया। सर्वप्रथम सचिव बबलू वर्मा के द्वारा पूर्व बैठक की सम्पुष्टि की गई और किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। बैठक में बिजली विभाग से संपर्क करके बरसात शुरू होने से पहले नगर में बिजली की व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर विशेष चर्चा हुई। अध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि जिस रोड में भी बिजली के तार जर्जर हैं। उसे ठीक करने की आवश्यकता है और ट्राली ट्रांसफार्मर जो पूर्व में अभी मांग की गई थी। विभाग से उसके बारे में भी जानकारी ली जाएगी। वहीं डुमरडीह स्थित उर्मि चौक के पास बिजली विभाग द्वारा एक स्वीच लगाया गया था। जिसे बंद कर दिया गया है। कार्यकारिणी सदस्य विकास सिंह ने यह जानकारी देते हुए कहा उस स्वीच को तुरंत चालू करा दिया जाए। गुमला सदर अनुमंडल पदाधिकारी से मिलने पर चर्चा हुई। इसपर निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कहा कि डीएसपी रोड एसएस हाई स्कूल रोड, बड़ा दुर्गा मंदिर रोड और बैंक कॉलोनी रोड को दुरुस्त करने के लिए और जशपुर रोड स्थित सब्जी बाजार है उसे तुरंत अपनी जगह पर वापस भेजने की मांग की जाएगी। पूर्व अध्यक्ष हिमांशु केसरी ने कहा कि जितने भी स्ट्रीट लाइट हैं जो काम नहीं कर रहे हैं उन्हें ठीक करने की मांग की जाएगी। रेजगारी उपलब्ध कराने के संबंध में निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने बताया कि एचडीएफसी बैंक से मौखिक बात हो चुकी है। चेंबर की तरफ से एक पत्र देकर रोजगारी सिक्का 10 और 20 के नोट उपलब्ध कराने की मांग की जाएगी।

शहर में बड़ी गाड़ियों के एंट्री पर नियंत्रण पर चर्च हुई। अनिकेत कुमार ने कहा कि ट्रक व बस किसी भी समय शहर में अचानक से घुस जाते हैं। इसके लिए जो समय निर्धारित हुआ है उसे सुचारु करने की मांग की जाएगी। थाना चौक के पास जो स्लैब टूटा हुआ है जिससे कभी भी कोई अनहोनी हो सकती है उसे ठीक करने की मांग की जाएगी। नगर परिषद पदाधिकारी सह प्रशासक से मिलने पर चर्चा हुई।

## नगर परिषद द्वारा पीसीसी पथ की ढलाई में गड़बड़ी, लोगो ने की जांच की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** नगर परिषद के द्वारा शहरी क्षेत्र में हर मोहल्ले में बेहतर पहुंच पथ बनाने को लेकर शहर के हर वार्ड की गलियों में आम जनता की सुबिधा के लिए पीसीसी पथ का निर्माण किया जा रहा ताकि स्थानीय निवासियों को घर तक पहुंच पथ उपलब्ध हो सके। परन्तु कार्य कर रहे संवेदको के द्वारा पथ निर्माण में सड़क निर्माण के मानकों को ताक में रखकर कार्य किया जा रहा है जिससे सड़क की गुणावता प्रभावित हो रही है। यही नहीं ढलाई के बाद पानी तक पटवन नहीं किया जा रहा है। वार्ड संख्या 5 में प्रगति महिला मण्डल के सामने से लेकर सोमा भगत के घर तक बन चुकी सडक में संवेदक के द्वारा सडक का निर्माण तो किया गया किन्तु उसमे सड़क की मोटाई बढ़ाने के लिए इटों की खड़ी सोलिंग कर उसके ऊपर लगभग ढाई इंच की ढलाई कर सोलिंग ईंटो को ढक कर उसकी मोटाई 6 इंच से ज्यादा कर दिखाई गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नवनिर्मित सड़क को देखने पर ऐसा प्रतीत होता है की संवेदक ने अच्छी सडक का निर्माण किया है। यही हाल इसी वार्ड में बन रही एक ओर पीसीसी सडक का है जो वार्ड 5 में ही प्रकाश साहू की गली में पियूष वर्मा के घर से दिनेश वर्मा के घर के पीछे तक हुआ है यहाँ नाली का निर्माण भी किया गया किन्तु नाली के बेस में एक छड़ डालकर ढलाई की गई है। वही गली में सडक निर्माण में कुछ दुरी तक सुखी गट्टी डालकर उसके ऊपर सीमेंट और पानी डालकर पीसीसी पथ का ढलाई किया गया है। निवासियों के द्वारा जब इस तरह के निर्माण का बिरोध किया तो संवेदक के द्वारा आनन -फानन में गुणवत्ता में थोड़ा सुधार कर सड़क को जल्द से जल्द पूरा किया गया। लोगों ने दोनों पीसीसी निर्माण में हुई अनियमितता की जांच की मांग की है।

लोहरदगा के डीसी के रूप में डॉ कुमार ताराचंद ने किया पदभार ग्रहण, कहा

## केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतरना हमारी प्राथमिकता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पदभार ग्रहण करते डीसी।**

**लोहरदगा।** जिले के 42वें डीसी के रूप में डॉ कुमार ताराचंद ने मंगलवार को विधिवत पदभार ग्रहण किया। समाहरणालय स्थित डीसी कार्यालय में निवर्तमान डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्णा ने उन्हें औपचारिक रूप से कार्यभार सौंपा।

इस अवसर पर दोनों अधिकारियों का बुके देकर स्वागत और सम्मान किया गया। डॉ वाघमारे को इस मौके पर विदाई भी दी गई। पदभार ग्रहण करने के बाद डॉ कुमार ताराचंद ने मीडिया से बातचीत में कहा कि लोहरदगा झारखंड का एक अति पिछड़ा और छोटा जिला है, लेकिन यहां की कृषि पृष्ठभूमि इसकी ताकत है। उन्होंने कहा की हमारा प्रयास होगा कि कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखते हुए कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मूलभूत क्षेत्रों में केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जाए। डॉ ताराचंद ने बताया कि प्रशासन की प्राथमिकता जिले में विकास की गति को और तेज करने की होगी ताकि लोहरदगा का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने स्थानीय जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि पारदर्शिता और जनसरोकार को केंद्र में रखते हुए प्रशासनिक कार्यों को गति दी जाएगी।

कार्यभार हस्तांतरण समारोह में जिला प्रशासन के कई अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। सभी ने नए डीसी को बधाई दी और आशा जताई कि उनके नेतृत्व में लोहरदगा विकास के नए आयाम गढ़ेगा।

## दो बार प्रधानमंत्री पुरस्कार से सम्मानित महत्वपूर्ण जिला है गुमला : प्रेरणा दीक्षित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नवपदस्थापित डीसी ने संभाला कार्यभार**



**निवर्तमान डीसी से कार्यभार लेती नवपद स्थापित डीसी प्रेरणा दीक्षित।**

**गुमला।** नवपदस्थापित डीसी प्रेरणा दीक्षित ने गुमला जिले के नये डीसी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। निवर्तमान डीसी कर्ण सत्यार्थी ने उन्हें विधिवत पदभार सौंपा। पदभार ग्रहण के अवसर पर निवर्तमान बोकारो कर्ण सत्यार्थी ने अपने कार्यकाल के अनुभव साझा करते हुए कहा कि गुमला जिले में उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मिलकर टीम भावना से कार्य किया। उन्होंने कहा कि गुमला की प्राकृतिक सुंदरता, स्वच्छ वातावरण और यहां के नागरिकों का सरल व सौम्य स्वभाव उन्हें हमेशा याद रहेगा। उन्होंने कहा कि गुमला के साथ उनका एक आत्मीय रिश्ता बन गया है और यहां के लोगों से उन्हें परिवार जैसा स्नेह प्राप्त हुआ। यह एक भावुक क्षण है, लेकिन प्रशासनिक व्यवस्था के तहत नई जिम्मेदारी निभाना आवश्यक है। नवपदस्थापित डीसी प्रेरणा दीक्षित ने कहा कि गुमला जिला उनके लिए एक महत्वपूर्ण दायित्व है, क्योंकि यह जिला लगातार दो वर्षों से प्रधानमंत्री पुरस्कार प्राप्त कर चुका है। उन्होंने कहा कि यह जिले के अधिकारियों, कर्मचारियों और जनता के संयुक्त प्रयास का परिणाम है। दीक्षित ने बताया कि वे पूर्व में संचालित योजनाओं को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाएंगी। इसके साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण एवं विशेष रूप से आदिवासी समुदाय के समग्र विकास पर विशेष ध्यान देंगी। उन्होंने कहा कि गुमला जिले की विशिष्टता और उपलब्धियों को और बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता होगी। कार्यभार ग्रहण के पश्चात नव डीसी ने जिले के सभी वरीय अधिकारियों से औपचारिक भेंट की और विभिन्न विभागों की वर्तमान स्थिति एवं प्राथमिकताओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे टीम भावना के साथ कार्य करें, ताकि जिले का चहुंमुखी विकास सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर डीडीसी, परियोजना निदेशक आईटीडीए, एसडीओ सदर, एसडीओ चैनपुर, एसडीओ बसिया व विभिन्न विभागों के पदाधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### कड़ी मशक्त के बाद एनडीआरएफ ने नदी से लापता युवक का निकाला शव



जारी। प्रखंड के लावा नदी मैं नहाने के दौरान पानी की तेज बहाव में बहे किशोर योगेश थापा की शव मंगलवार को कड़ी मशक्त के बाद एनडीआरएफ की टीम ने निकाल लिया। हालांकि शव तलाशने में एनडीआरएफ टीम का भी पसीना छूट गया और शव नहीं मिलने पर टीम वापस जाने के लिए तैयारी कर रही थी। इसी बीच नदी पुल के पिलर के पास योगेश थापा का शव स्थानीय ग्रामीणों ने देखा। ग्रामीणों की आवाज करते ही एनडीआरएफ टीम के सदस्यों की नजर नदी पर शव पर पड़ी। इसके बाद एनडीआरएफ टीम के सदस्य नदी पर छलांग लगाकर शव को बाहर निकाला। ज्ञात हो कि सोमवार को योगेश थापा दो अन्य लोगों के साथ नदी में नहाने के लिए गया था। इस दौरान नदी में उतरते ही योगेश पानी के तेज बहाव में बह गया था। जबकि दो लोगों को बचा लिया गया था। इधर नदी से शव निकाले जाने के बाद परिजनों का परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। वही शव को देखने के लिए नदी तट पर ग्रामीणों की भारी भीड़ लगी हुई थी।

## हथियार के साथ तीन युवक गिरफ्तार, भेजे गये जेल

**लूटपाट की योजना बनाते हुए पकड़े गये**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** गुमला पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर तीन युवकों को हथियार के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार अभियुक्तों में दुल्हनिया निवासी 25 वर्षीय प्रदीप लकड़ा, 24 वर्षीया मनीष पन्ना व 22 सत्यनारायण उरांव के नाम शामिल हैं। पुलिस ने गिरफ्तार युवकों के पास एक देसी कथा व दो जिंदा गोली बरामद किया है। मंगलवार को एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक गुमला को गुप्त शिक्षा मिली थी कि कचरा गड्ढा टंकी के समीप कुछ वक्त बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए जुटे हैं। सूचना पर तत्काल टीम का गठन किया गया। गठित टीम जब छापामारी करने दुन्दरिया कचरा गड़ढा के पास कुछ तो एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसे साथ गए सरस्वती बल के जवानों ने पकड़ा। पकड़े गए युवक ने पुलिस को बताया कि दो युवा के बगल के कमरे में छिपे हुए हैं। जिसके बाद पुलिस ने उन दोनों युवकों को भी गिरफ्तार कर लिया। जिनके पास से एक देसी कथा वह दो जिंदा गोली बरामदट किया गया। गिरफ्तार युवकोंने बताया कि लूटपाट को लेकर वह हथियार के साथ योजना बना रहे थे। छापामारी अभियान थाना प्रभारी महेंद्र करमाली, पुअनि अमर शुक्ला, पुनीत कुमार व सअनि सुमित कुमार एवं जवान शामिल थे।

### शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के शत प्रतिशत विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से हुए उत्तीर्ण



लोहरदगा। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) झारखंड बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट प्रकाशित हुआ। शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के कक्षा दशम में कुल 137 भैया बहन शामिल हुए। जिसमें अन्वेषा मुखर्जी 95%, तन्मय शेखर 92.6%, रवि कुमार गुप्ता 91.6%, अंश कुमार पांडे 91.4%, रणवीर कुमार सिंह 89.4%, एकलव्य पाण्डेय 88%, निधि कुमारी 87.8%, दिव्यांशी प्रिया 87.6%, अंकित कुमार 86.4% एवं समृद्धि गुप्ता 86% ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रौशन किया। शत प्रतिशत परिणाम के साथ सभी भैया-बहन प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। इस अवसर पर गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, उपाध्यक्ष विनोद राय, परीक्षा विभाग मधुमिता शर्मा एवं आचार्यगण ने भैया-बहनों को ढ़ेर सारी शुभकामनाएं दी। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल एवं सचिव अजय प्रसाद विद्यालय में उपस्थित होकर सभी भैया-बहन एवं आचार्यगण को शुभकामनाएं एवं बधाई दिए। प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा कि भैया-बहनों की मेहनत शिक्षकों का मार्गदर्शन और अभिभावकों का सहयोग प्राप्त हुआ एवं धन्यवाद के पात्र है। परीक्षा विभाग प्रमुख मधुमिता शर्मा, राजीव सिंह, अनीता देवी, जोधन सिंह, दिनेश सिंह, अमन कुमार सभी ने मिलकर विद्यालय के अच्छे परिणाम पर सभी भैया-बहनों को शुभकामनाएं देने का कार्य किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### विश्वकल्याणार्थ रुद्रमाहायज्ञ के सफल संचालन को लेकर समिति के अध्यक्ष ने सभी का जताया आभार



कैरो। प्रखंड के उतका में बीते दिनों पूर्व आयोजित 16 मई से 24 मई तक आयोजित नौ दिवसीय विश्वकल्याणार्थ रुद्रमहायज्ञ के सफल समापन को लेकर कार्यक्रम के अध्यक्ष विपिन कुमार सिंह कार्यक्रम में सहयोग करने वालों के प्रति आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि इस महायज्ञ को सफल बनाने में सभी तरह के सहयोगी आर्थिक, मानसिक, शारिरिक, प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोगी, भंडारा संभालने वाले, यजमान, भक्त, दर्शक व यज्ञ में चाहे जिस किसी भी रूप से सहयोग करने वालों के प्रति आभार प्रकट करते हुए बधाई और शुभकामना दिया। उन्होंने कहा है कि महायज्ञ में हर तरह की सहयोग की अपेक्षा होती है तब जाकर यज्ञ सम्पन्न होता है। ऐसे में इस महायज्ञ में भी चाहे जहां रहकर और जिस स्तर पर भक्तों का सहयोग मिला है उसके लिए हम सभी को बधाई और धन्यवाद देते हैं, और आशा करते हैं कि जहां भी भक्ति और सामाजिक कार्य हो वहां मदद करने की शक्ति ईश्वर को प्रदान करें। इस यज्ञ में गांव से लेकर दूसरे दूसरे जिला और विदेशों में भी रहने वाले भक्तों ने अपना अपना सहयोग दिया और इसी का परिणाम है कि हर दिन उपस्थित सैकड़ो भक्तों को भव्य भंडारा, प्रवचन, रासलीला का आनंद उठाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। चाहे गांव के छोटे छोटे बच्चे हों या बुजुर्ग सभी ने यज्ञ को सफल करने में अपना बहुमूल्य समय दिया और तन मन धन से शामिल रहें हैं।

## सरना धर्म कोड व आदिवासी अधिकारों की रक्षा की मांग को लेकर झामुमो का प्रदर्शन

**खबर मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** समाहरणालय मैदान में झामुमो ने सरना धर्म कोड को लागू करने की मांग को लेकर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व झामुमो जिला सचिव अनिल उरांव ने किया। अनिल उरांव ने कहा कि सरना धर्म कोड हमारी आस्था, संस्कृति और पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह कोई नई मांग नहीं है, बल्कि वर्षों से उठती रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इस मुद्दे पर अब तक ठोस कदम नहीं उठा पाई है, लेकिन अब आंदोलन को और मजबूत किया जाएगा जब तक यह कोड लागू नहीं होता। झामुमो नेत्री नीरू शांति भगत ने बताया कि पूरे राज्य में एक साथ यह प्रदर्शन हो रहा है, जो यह दशार्ता है कि यह मांग सिर्फ राजनीतिक नहीं बल्कि पूरे आदिवासी समुदाय की आवाज है। रामचंद्र गिरी ने केंद्र की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब तक सरना धर्म कोड लागू नहीं होता, जातीय जनगणना को रोकना चाहिए। धरना से यह साफ संदेश दिया गया कि सरना धर्म कोड को लागू किए बिना आंदोलन खत्म नहीं होगा।

## देवनद दामोदर महोत्सव गंगा दशहरा कार्यक्रम को लेकर बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** दामोदर बचाओ आंदोलन लोहरदगा की बैनर तले देवनद दामोदर महोत्सव गंगा दशहरा कार्यक्रम के निमित्त राम स्वारथ साहू की अध्यक्षता में सलगी में बैठक संपन्न हुई। संरक्षक ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि चूल्हा पानी जो दामोदर नदी का उद्गम स्थल है लोहरदगा जिला का ऐतिहासिक धरोहर है इसे हर हाल में हमें संजो कर रखना है। गंगा दशहरा के अवसर पर 5 जून को कार्यक्रम के निमित सिंह ने प्रशासन से आग्रह किया है कि मेला स्थल तक जाने के लिए के सड़क मरमती, साफ सफाई के साथ सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे ताकि दर्शनार्थियों को किसी तरह का कष्ट ना हो। गंगा दशहरा कार्यक्रम में लोहरदगा जिला, गुमला जिला, रांची जिला ,लातेहार जिला के सैकड़ो लोग चुल्हा पानी में स्नान कर लोहड़ी बाबा का दर्शन के लिए हर वर्ष आते हैं। जिला संयोजक बाल कृष्णा सिंह ने कहा, 5 जून को प्रताः 9:00 बजे से चूल्हा पानी में नदी पूजन, हवन, आरती के साथ-साथ भंडारा का भी आयोजन हर वर्ष होता है।

## गुरुकुल शांति आश्रम में 7 दिवसीय युवा चरित्र निर्माण शिविर का हुआ भव्य समापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**इनकी रही उपस्थिति:** कार्यक्रम में लाल नवल नाथ, शिव शंकर सिंह, श्री चंद प्रजापति, संजय पोद्दार, सुनील गुप्ता, संजय गोयल, सरोज प्रजापति, मनोज दास, राम सवारत साहू, लाल ओंकार नाथ शाहदेव, दिलीप कुमार, सतीश जायसवाल, ओम प्रकाश सिंह, प्रवीण भारती, डॉ योगेश प्रजापति, प्रदीप साहू, पप्पू साहू, रामकुमार भगत, अमित साहू, मिथिलेश प्रजापति, रविंद्र दता, दीपक आर्य, राम स्वागत साहू, सीताराम शर्मा, बालमती देवी, दुखहरण साहू, लाल उपेंद्रनाथ शाहदेव, चमर राम, अभय भारती, भास्कर सिन्हा, महादेव आर्य, अर्जुन आर्य, खुशी भारती, मनोज, आलोक आर्य, योगेंद्र आर्य, कृष्ण आर्य, शिवराज व सदस्य मौजूद रहे।

**लोहरदगा।** गुरुकुल शांति आश्रम एवं प्रांतीय आर्यवीर झारखंड प्रदेश के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित सात दिवसीय युवा चरित्र निर्माण शिविर का भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में लगभग 300 प्रशिक्षित आर्यवीर दल द्वारा विभिन्न राष्ट्र गीतों के साथ मार्च पास्ट करते हुए परेड का अवलोकन आगत अतिथियों का कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वरूप राष्ट्रीय स्वयंसेवक के प्रांतीय संघ संचालक लाल सच्चिदानंद अग्रवाल, सम्मानित विशिष्ट अतिथि में हिंडाल्को के सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची आर्य समाज मंदिर के पदाधिकारी राजेंद्र कुमार आर्य विशेष रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षित ने कुशलता के साथ शारीरिक दक्षता सूर्य नमस्कार लाठी चालान तलवार चालन, दंड बैठक, मुद्गर चालन, गले से छड मोड कर सभी को मंत्र मुक्त कर दिया एवं ताली बजाने को मजबूर कर दिया। साथ ही साथ सुमन कुमार आर्य द्वारा विभिन्न तरीके से एक पर एक कर्तव्य दिखाते हुए तीरंदाजी का अनोखा स्वरूप प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। गले से छड मोड़ने में में भी धनेश्वर आर्य ने बेहतर प्रदर्शन कर सभी का आशीर्वाद एवं ताली बजाने को मजबूर किया। मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजेंद्र कुमार आर्य ने कहा कि यह कम समय में श्रेष्ठतम आयोजन में महसूस कर रहा हूं और बहुत ही अनुशासन के साथ सभी ब्रह्मचारी श्रेष्ठ प्रदर्शन किए। जो यहां सभी के सामने दिख रहा है शांति आश्रम बेहतर सेवा समाज के लिए एवं युवाओं को राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव का अलख जगा रही है। लाल सच्चिदानंद अग्रवाल ने सभी को आशीर्वाद दिया एवं शांति आश्रम एवं आर्यवीर दल द्वारा ऐसे कार्यक्रम आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। हिंडालको सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार ने सभी प्रशिक्षण आर्थियों को बेहतर भविष्य एवं अनुशासन प्रिय होने की शुभकामनाएं। आमसेना उड़ीसा के आचार्य कुंज देव मनीषी ने सभी का मार्गदर्शन करते हुए आर्यवीर दल एवं गुरुकुल शांति आश्रम द्वारा क्षेत्र में किया जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए सराहना की। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुदर्शन भगत ने भी उपस्थित बच्चों एवं प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए प्रशिक्षण में आने एवं दैनिक जीवन में चारित्रिक बौद्धिक एवं दिए गए प्रशिक्षण को अपनाने पर बल दिया।

## गुमला : एनसीसी कैडेटों के बीच सड़क सुरक्षा को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**गुमला।** कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला में एनसीसी कैडेटो चल रहे दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में मंगलवार को क्रेडिट के बीच सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है। जिसे अपनी व यातायात नियमों का उपयोग कर रहे अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है। सड़क सुरक्षा के सदस्यों ने वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग नहीं करने की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने अपील किया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें और सीट बेल्ट का प्रयोग करने हेतु परिवार एवं विद्यार्थियों को प्रेरित करें। जागरूकता अभियान के क्रम में यातायात नियम का कड़ाई से पालन करने के लिए सभी विद्यार्थियों के बीच शपथ ग्रहण करवाया गया। सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा के टीम द्वारा विद्यार्थियों को आए दिन हो रहे सड़क दुर्घटनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए सड़क दुर्घटनाओं से कैसे बचा जाए और दुसरों को बचाया जाये इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं मोटरवाहन जनित सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की सहायता करने के उद्देश्य से गोल्डेन आवर में अस्पताल पहुचाने में वाले नेक व्यक्ति को प्रोत्साहित करने हेतु दो हजार रुपए मात्र नगद के साथ प्रशस्ति पत्र प्रदान करने की योजना लागू है। कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा प्रबंधक कुमार प्रभाष, सूचना प्रौद्योगिकी सहायक मंटू रवानी, रोड इंजिनियरिंग ऐनलिस्ट प्रणय कांशी एवं 46 झारखंड बटालियन केपीबी शर्मा व विभिन्न विद्यालय के एनसीसी कैडेट उपस्थित थे।

# ग्रामीण क्षेत्र की छात्रा नेहा रानी ने 96.6 प्रतिशत लाकर बनी जिला टॉपर

- दसवीं का रिजल्ट हुआ जारी शत प्रतिशत रहा लातेहार जिले का रिजल्ट
- लातेहार के टॉप 10 में कुल 17 में 13 लड़किया ने मारी बाजी
- लातेहार के टॉप टेन में 10 सरस्वती विद्या मंदिर के बच्चों ने किया बेहतर


लातेहार जिला के टॉपर नेहा रानी को मिठाई खिलाते माता पिता।


जिला में द्वितीय टॉपर को मिठाई खिलाती माता।


बुलबुल कुमारी जिला में तीसरा टॉपर।

खबर मंत्र संवाददाता

**लातेहार।** JAC बोर्ड ने 10वीं का रिजल्ट 27 मई को जारी किया गया। जहां पूरे जिले भर में टॉप 10 की सूची में शामिल होने वाले छात्र छात्राएं शामिल हैं। जिसमें जिला के प्रोजेक्ट हाई स्कूल बारियातू के नेहा कुमारी ने 96.6 प्रतिशत अंक लाकर पूरे जिले में टॉप की है। वहीं द्वितीय स्थान प्रोजेक्ट हाई स्कूल सासंग के आलिया तबस्सुम 96.4% अंक लाकर द्वितीय स्थान प्राप्त की है। उत्क्रमित हाई स्कूल झाबर बालूमाथ की बुलबुल कुमारी 96.2% अंक लाकर तृतीय स्थान, सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार की कुमारी कोमल सिंह 96% अंक लाकर चौथा स्थान, अपग्रेडेड हाई स्कूल सरयडीह बरवाडी की चंदा कुमारी 95.2% अंक लाकर पांचवा स्थान, प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल बालूमाथ की छात्रा श्रुति 95% एवं सरस्वती विद्या मंदिर की छात्रा प्राची गुप्ता 95% अंक लाकर छठा स्थान प्राप्त की है वही सरस्वती विद्या मंदिर के सूर्य राज हामिया खातून, शीतल कुमारी ने 94.8% अंक लाकर सातवां स्थान प्राप्त किया है। वही प्रोजेक्ट हाई स्कूल शासंग की छात्रा सिंपी कुमारी 94.6%, सरस्वती विद्या मंदिर के दीपा रानी 94.6% अंक श्रेया कुमारी 94.6% अंक लाकर आठवां स्थान वही सरस्वती विद्या मंदिर के कृष राज 94.2%, माही कुमारी 94.2% अंक लाकर नया स्थान वही दिव्या सिंह 94% अंक लाकर दसवां स्थान प्राप्त की है। नमन कुमार 94% अंक लाकर पूरे जिले में टॉप 10 की सूची में शामिल है। शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार ने सभी सफल छात्र व छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होने छात्रों से एक लक्ष्य निर्धारित कर अध्ययन करने की सलाह दी, साथ ही कहा कि बिना परिश्रम के सफलता नहीं मिलती है, इसलिए हर हाल में परिश्रम आवश्यक है।

## मजदूर की बेटी बनी प्रखंड टॉपर


बुलबुल।


श्रुति 2।


मंयक 3।


गुणवंती कुमारी


मानसी कुमारी


उमेश पासवान।

खबर मंत्र संवादाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ में झारखंड अधिविध परिषद द्वारा जारी मैट्रिक की परीक्षा में एक मजदूर की बेटी ने प्रखंड टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। प्रखंड टॉपर बुलबुल कुमारी पिता संतोष साहू ने 96.6% अंक लाकर अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। बुलबुल कुमारी ने उच्च विद्यालय झाबर से अपनी पढ़ाई की थी। उसने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता-पिता व गुरुजनों को दिया है। बुलबुल कुमारी के पिता गुजरात में मजदूरी का कार्य करते हैं। वही श्रुति कुमारी 95% अंक लाकर प्रखंड में दूसरे स्थान पर रही। श्रुति कुमारी के पिता जीवन कुमार अनुपम बालूमाथ बीआरसी में सीआरपी के पद पर कार्यरत हैं। श्रुति ने प्रोजेक्ट इंदिरा गांधी बालिका उच्च विद्यालय से पढ़ाई की थी। वहीं तीसरे स्थान पर मयंक कुमार ने 93.6%अंक प्राप्त किया वह उच्च विद्यालय बालूमाथ का छात्र है। वहीं चौथे सलीका हसीन 93.2% उच्च विद्यालय बालूमाथ, पांचवें स्थान पर गुणवंती कुमारी 92.2%, मानसी कुमारी 92.2, संस्कृति कश्यप 92.2%,छठे स्थान पर उमेश पासवान 92% अनिशा कुमारी 92%सातवें स्थान पर किरण कुमारी 91.8% आठवें स्थान पर रिया कुमारी 90.4% नवें स्थान पर आरती कुमारी 90% एवं दसवें स्थान पर नीतू कुमारी 89.8% अंक प्राप्त किया। वही बच्चों के इस सफलता पर विद्यालय के शिक्षको ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य का कामना किया है। बधाई देने वालो में शिक्षक निर्मल सिन्हा, शिवपूजन कुमार सिंह, संजय पाठक, राजकुमार सिंह, सुमंत उरांव, वीरसी कुमारी, सीमा कुमारी,चंदन दास, बिमला कश्यप, रूबी बानो, पंकज सिंह, अनिल कुजूर, संदीप कुजूर, राजीव पांडे, सुरेंद्र सिंह, मो.अरशद, अवनीकांत पाठक, विवेक कुमार, उपेंद्र दास समेत कई शिक्षकों के नाम शामिल है।

## जैक बोर्ड की परीक्षा में चंदवा की बेटियों ने मारी बाजी

### प्रोजेक्ट प्लस टू हाई स्कूल की आलिया तबस्सुम ने जिले में दूसरा स्थान प्राप्त करने के साथ राज्य के टॉप मेरिट लिस्ट में भी बनाई जगह

- प्रखंड टॉप 10 में प्रोजेक्ट प्लस 2 हाई स्कूल सासंग का दबदबा


प्रखंड टॉपर आलिया।


प्रखंड में द्वितीय स्थान आने वाली सिंपी को मिठाई खिलाते पिता।


प्रखंड थर्ड टॉपर शाहजहां परवीन।


प्रखंड में चौथे स्थान पर आए आदित्य के साथ माता- पिता।


सयुक्त टॉपर चौथे स्थान पर राखी कुमारी।

खबर मंत्र संवाददाता

**चंदवा।** झारखंड अधिविध परिषद रांची के द्वारा मंगलवार को दसवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। इस वर्ष जारी दसवीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में प्रोजेक्ट प्लस 2 हाई स्कूल सासंग के विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का परचम लहराया। विद्यालय की छात्रा आलिया तबस्सुम पिता अब्दुल मनान अंसारी ने 96.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रखंड टॉपर होने के साथ जिला टॉप 10 में द्वितीय स्थान एवं स्टेट मेरिट लिस्ट में भी अपना नाम दर्ज कराया। विद्यालय की एक और छात्रा सिंपी कुमारी पिता अरुण प्रसाद ने 94.40 अंक प्राप्त कर प्रखंड में दूसरा एवं जिला टॉप 10 में 8 वां स्थान प्राप्त किया। वहीं शाहजहां परवीन पिता मो. शकील अंसारी ने 93.40 अंक प्राप्त कर प्रखंड में तीसरा स्थान, जुली कुमारी पिता कामेश्वर कुमार मेहता ने 92.6 अंक प्राप्त कर खीस्त राजा विद्यालय के छात्र आदित्य कुमार पिता राजेश कुमार के साथ संयुक्त रूप से प्रखंड में चौथा स्थान प्राप्त किया है। सासंग की ही छात्रा राखी कुमारी पिता दिलीप सिंह ने 91.60 अंक प्राप्त किया हैं। वही विद्यालय बार टॉप विद्यार्थियों की बात की जाए तो प्लस टू उच्च विद्यालय चंदवा से जयंत कुमार ठाकुर पिता प्रदीप कुमार ठाकुर 87.8 प्रतिशत अंक, बालिका उच्च विद्यालय से सोनम परवीन 80.60 प्रतिशत अंक, जस्टिस एलपीएन शाहदेव से सचिन लोहरा पिता कुलसा लोहरा 90.40 प्रतिशत अंक, श्री श्री उग्रतारा उच्च विद्यालय नगर से विवेक कुमार गुप्ता पिता रणजीत गुप्ता 84.40 प्रतिशत अंक, पीएम श्री कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय से राधा कुमारी पिता केदार सिंह 82.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर होने का गौरव हासिल किया। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता के श्रेय अपनी कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्ग दर्शन एवं माता पिता व अभिभावकों से आशीर्वाद को दिया है। प्रखंड टॉपर आलिया तबस्सुल के पिता अब्दुल मनान अंसारी वर्तमान समय में सड़क दुर्घटना में घायल है, माता रिजवाना रूही सिलाई कढ़ाई कर जीविका चलाती हैं। बेटी की सफलता से पूरा परिवार प्रफुल्लित है। वहीं प्रखंड में सेकंड टॉपर आने वाली सिंपी कुमारी के पिता अरुण प्रसाद गांव में चना ठेला चलाकर जीवकोपार्जन चलते हैं। बेटी की सफलता के बाद वे गर्व महसूस कर रहे हैं। आलिया व सिंपी के प्रखंड में प्रथम अद्वितीय स्थान प्राप्त करने के साथ जिला टॉप 10 में अपना स्थान बनाने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज कुमार यादव एवं विद्यालय परिवार ने इन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## रिटायर्ड पारा शिक्षक की पुत्री नेहा रानी मैट्रिक मे किया जिला टॉप


नेहा रानी को मुखिया के द्वारा पेन डायरी देते।


मंयक प्रसाद सोनी के माता पिता मिठाई खिलाते हुए।


विवेक कुमार।

खबर मंत्र संवादाता

**बारियातू।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल रांची द्वारा जारी मैट्रिक परीक्षाफल में बारियातू परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय की छात्रा नेहा रानी पिता रिटायर्ड पारा शिक्षक अशोक कुमार हैं। नेहा रानी 96.6 प्रतिशत अंक लाकर जिला टॉपर बनकर अपने परिवार विद्यालय व प्रखंड क्षेत्र का नाम रौशन की। उच्च विद्यालय फुलसू के छात्र विवेक कुमार पिता शिवनारायण प्रजापति ने 92.8 प्रतिशत लाकर प्रखंड में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि उत्क्रमित उवि टोंटी हेसला के छात्र मयंक प्रसाद सोनी पिता संजय प्रसाद सोनी ने 92.4 प्रतिशत लाकर प्रखंड मे तृतीय स्थान प्राप्त किया है। बारियातू गृह प्रखंड के नेहा रानी जिला व प्रखंड़ टॉपर रही। उपरोक्त तीनो छात्र छात्रा ने अपने प्रदर्शन से काफी खुश है। दूरभाष पर बताया कि यह सफलता मुझे मध्य विद्यालय परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय व कोंचींक सेंटर के सभी शिक्षकों एंव माता बेली देवी पिता अशोक कुमार के मदद से मिली है। सभी के आशीर्वाद के साथ विज्ञान मे गणित की पढ़ाई कर मैं इंजीनियर बन कर देश की सेवा करना चाहती हूं। द्वितीय स्थान पर रही उत्क्रमित उवि फुलसू के छात्र विवेक कुमार व तृतीय स्थान पर रहे उत्क्रमित उच्च विद्यालय टोंटी हेंसल के छात्र मयंक प्रसाद सोनी से बात करने पर बताया कि मेरा सफलता का श्रेय माता पिता एवं सभी शिक्षकों को जाता है। मैं आगे साइंस मे गणित की पढ़ाई कर देश कि सेवा करेंगे। मैट्रिक मे जिला टॉपर रहे नेहा रानी की सूचना पाकर साल्वे पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष राजीव भगत नेहा के घर पहुंच टॉपर बने नेहा को मिठाई खिलाकर आशीर्वाद दिया एवं पेन डायरी देकर उज्जवल भविष्य की कामना की। मुखिया भगत ने कहा कि अशोक सर मेरे भी शिक्षक रहे हैं। इन्हीं का आशिर्वाद है की बेटी जिला टॉपर बनी और मैं भी साल्वे पंचायत का मुखिया बना हूँ।

## सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र छात्राओं ने मारी बाजी पूरे राज्य में टॉप 10 की सूची में जगह बनाए


कुमारी कोमल सिंह


शितल कुमारी


हामियां खातून

खबर मंत्र संवाददाता

**लातेहार।** जिले में जैक मैट्रिक परीक्षा 2025 की परीक्षा में सरस्वती विद्या मंदिर का शत प्रतिशत परिणाम रहा है। विद्यालय के 118 छात्र छात्राओं ने मैट्रिक की परीक्षा में भाग लिया। जिसमें विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हो कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। कुमारी कोमल सिंह ने 96% अंक लाकर पूरे राज्य में चौथा स्थान व विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त की है। प्राची गुप्ता 95% अंक लाकर राज्य में छठा स्थान व विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त की है, सूर्य राज 94.8%, हामियां खातून 94.8%, शीतल कुमारी 94.8% अंक लाकर राज्य में सातवां स्थान एवं विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त की है, दीपा रानी 94.6%, श्रेया कुमारी 94.6% अंक लाकर राज्य में आठवां स्थान व विद्यालय में चतुर्थ स्थान प्राप्त की है, कृष राज 94.2%, माही कुमारी 94.2% अंक लाकर राज्य में नावा स्थान व विद्यालय में पांचवा स्थान, दिव्या सिंह 94% अंक लाकर राज्य में दसवां स्थान एवं विद्यालय में छठा स्थान प्राप्त की है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी सफल छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की उन्होंने छात्रों से एक लक्ष्य निर्धारित कर अध्ययन करने की सलाह दी साथ ही कहा कि बिना परिश्रम के सफलता नहीं मिलती इसलिए हर हाल में परिश्रम आवश्यक है।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, बरवाडीह की छात्राओं का परचम

## मैट्रिक परीक्षा 2025 में सभी छात्राओं ने मारी बाजी


अंशु कुमारी।


रंगीता कुमारी।


काजल कुमारी।

खबर मंत्र संवादाता

**बरवाडीह।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, बरवाडीह ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का लोहा मनवाया है। वर्ष 2025 की मैट्रिक परीक्षा में विद्यालय की सभी 71 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल कर शिक्षा के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय की यह उपलब्धि जहां शिक्षकों की मेहनत और समर्पण को दशार्ती है, वहीं छात्राओं की लगन और अनुशासन का प्रतिफल भी है। परीक्षा में शामिल 71 नियमित छात्राओं में से कोई भी छात्रा पिछड़ी नहीं, जिससे विद्यालय में हर्ष का माहौल है। विद्यालय की टॉप थ्री छात्राओं ने अपने प्रदर्शन से सबको गौरवान्वित किया। जिसमें अंशु कुमारी ने 442 अंक प्राप्त कर 88.40% के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। रंगीता कुमारी ने 434 अंक (86.80%) हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं काजल कुमारी ने 426 अंक (85.20%) प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की इस अभूतपूर्व सफलता पर वार्डेन संगीता कुमारी साथ-साथ शिक्षिका रूपम कुमारी, यशी कुमारी, पुनम कुमारी, गौशिया खानम, जुविता मिंज और ऑपरेटर मुकेश कुमार व अभिभावकों ने छात्राओं को शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही सभी छात्राओं को आगे की शिक्षा में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रेरणा दी गई है। यह परिणाम न केवल विद्यालय बल्कि पूरे प्रखंड के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है।

## मवेशी को बचाने के क्रम में बाइक से गिरकर महिला की मौत, एक घायल, रिम्स रेफर

खबर मंत्र संवादाता



**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के अलकडीहा ग्राम में मंगलवार की शाम मोटरसाइकिल से गिरकर एक महिला की मौत हो गई। वहीं बाइक चालक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार डॉली देवी 35 वर्ष पति संजय पासवान ग्राम टंडवा जिला चतरा निवासी बाइक से बहन बेटा विवेक पासवान 18वर्ष संजय पासवान ग्राम पदमा जिला हजारीबाग निवासी के साथ शादी समारोह में शामिल होने बारियातू ग्राम जा रही थी। इसी दौरान अलकडीहा ग्राम के समीप मवेशी को बचाने के क्रम में बाइक अनियंत्रित हो गया। जिससे नीचे गिरकर महिला की मौत हो गई। वहीं युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से महिला एवं घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां संजय सिद्धार्थ द्वारा जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल विवेक पासवान को बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया।

## सुहागिनों ने की वट सावित्री व्रत का पूजा



**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को सुहागिनों ने वट सावित्री व्रत वट वृक्ष की पूजा अर्चना की। प्रखंड क्षेत्र के कई स्थानों में वटवृक्ष के समक्ष सैकड़ों सुहागिनों महिलाओं ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा अर्चना कर अपने अपने पति की लंबी आयु के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु की कामना के लिए वट सावित्री की पूजा कर पति से आशीर्वाद लिया।

## पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास एवं सासंद कालीचरण सिंह का होटवाग मे किया गया भव्य स्वागत


पूर्व सीएम क्रार्यकार्ताओं से मिलते हुए।

**लातेहार।** पलामू से रांची जाने के क्रम मे पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास एवं चतरा सासंद कालीचरण सिंह का मां वैष्णवी फ्यूल सेंटर होटवाग मे पूर्व जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष राजधानी यादव के नेतृत्व मे भाजपा कार्यकर्ताओ ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं का हाल-चाल लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओ की पार्टी है आप सबो की बदौलत झारखंड मे पुनः भाजपा की सरकार बनानी है। सासंद कालीचरण सिंह ने कहा कि मै कार्यकर्ताओ के हर सुख दुख मे साथ हु। भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज सिंह, जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिंहा, नीलम देवी, गोविंद प्रसाद, अमलेश सिंह, रघुवीर यादव, मंटू प्रसाद, परशुराम लोहरा, मुकेश पाण्डेय, ध्रुव पाण्डेय, बंशी यादव, सतेंद्र यादव, डॉ विनोद यादव, राजधानी यादव, लक्ष्मण कुशवाहा, ईश्वरी सिंह, संतोष यादव, मनदीप प्रसाद, गणेश सिंह, नेपाल यादव, अवधेश चंद्रवंशी, ठाकुर दयाल यादव, प्रद्युमन यादव, सुजीत यादव, सूर्यदेव सिंह, महेंद्र सिंह, तेतर सिंह, प्रकाश सिंह सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## डीवीसी तुबेद कोयला खान ने सीएसआर के तहत बेंच और डेस्क का किया वितरण


डीवीसी द्वारा वितरण किया गया बेंच डेस्क।

**लातेहार।** डीवीसी तुबेद कोयला खान ने सीएसआर पहल के तहत ज्ञान प्रकाश मिडिल स्कूल लाथ को बेंच और डेस्क प्रदान किए। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने और कक्षा के बुनियादी ढांचे में सुधार करने के लिए डीवीसी ने अपने कॉपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) प्रयासों के तहत विद्यालय को बेंच और डेस्क के 50 सेट वितरित किए। इस पहल का उद्देश्य छात्रों के लिए अधिक अनुकूल शिक्षण वातावरण बनाना है। डीवीसी टीम ने व्यक्तिगत रूप से फर्नीचर सौंपने के लिए स्कूल का दौरा किया। डीवीसी द्वारा यह कार्य ट्राइबल डेवलपमेंट प्लान के तहत किया गया। डीवीसी तुबेद कोयला खान के वरिष्ठ महाप्रबंधक अरबिंद कुमार ठाकुर ने बताया कि डीवीसी अपने सीएसआर के माध्यम से लोगों के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है कउन्होंने बताया कि हर बच्चे को पढ़ाई के लिए एक आरामदायक जगह मिलनी चाहिए कनई वितरित बेंच और डेस्क न केवल आराम को बढ़ाते हैं बल्कि कक्षा में मुद्रा और ध्यान में भी सुधार करते हैं। उन्होंने इस कार्य पर खुसी व्यक्त किया हैकछात्रों को बेहतर सीखने और पढाई के लिए अच्छा वातावरण विकसित करने में मदद मिलेगी कइस मौके पर उप महाप्रबंधक (खनन) दीपक कुमार, प्रबंधक (खनन) बिरेन्द्र कुमार, प्रबंधक (वित्त) उमेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## चंदवा: पेबर ब्लॉक लदा ट्रक पलटा बाल-बाल बचे चालक उपचालक

**चंदवा।** एनएच 75 रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर लुकुईया के समीप सोमवार की देर शाम बारह चक्का ट्रक सड़क किनारे बड़े गढ़े में अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में ट्रक चालक व उपचालक बाल बाल बच गये। चालक ने बताया कि रांची मनातू से पेबर ब्लॉक लोड कर डाल्टेनगंज जा रहा था, इसी क्रम में चंदवा के लुकुईया के समीप सड़क किनारे एक बड़े गढ़े में ट्रक का टायर चले जाने से उक्त वाहन पलट गई।

## चंदवा: शौच करने गई महिला की सर्पदंश से मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत रोल गांव में सोमवार की सुबह शौच के लिए बाहर गई मान्ती देवी पति कुलसा लोहरा को जहरीले सर्प ने डंस लिया। सर्पदंश के बाद मान्ती देवी की तबीयत बिगड़ने लगी, जिसके बाद परिजन उसे लेकर मंगलवार को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचे, यहां डॉक्टरो ने इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। कागजी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद मृतका के शव को अंत्यपरीक्षण हेतु सदर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन किसी कारणवश सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम नहीं हो पाया, जिसके बाद शव को रिम्स रांची ले जाया गया, यहां मृतका के पोस्टमार्टम की प्रक्रिया की जा रही थी। इधर मान्ती देवी के असामयिक मौत के बाद परिवार में दुःखो का पहाड़ टूट गया है व बच्चों का रो रोकर बुरा हाल है। विदित हो कि मृतका का पुत्र सचिन लोहरा मंगलवार को जारी हुए जैक बोर्ड की परीक्षा में जस्टिस एलपीएन शाहदेव प्लस 2 उच्च विद्यालय रोल में विद्यालय टॉप किया है।

# सरना धर्म कोड मांग को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

### जब तक सरना धर्म कोड लागू नहीं की जाती है तब तक जनगणना नहीं कराने दिया जायेगा बैद्यनाथ राम

- आदिवासियों को उनकी विशिष्ट धार्मिक परंपराओं, रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और बढ़ावा देने में मदद करेगा लाल मोती नाथ शाहदेव

खबर मंत्र संवाददाता


लातेहार डीसी को झामुमों के नेतागण ज्ञापन सौंपतें हुए।


कार्यक्रम को सम्बोधित करते पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम।

**लातेहार।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के बैनर तले मंगलवार को समरनालय परिसर में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने किया। धरना प्रदर्शन में सरना धर्म कोड का मांग किया गया। वहीं जिला अध्यक्ष ने जानकारी दी की आगामी 4 जून को मंगल बाजार टांड़ से एक विशाल रैली निकाली जाएगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झामुमो के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा कि भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पूरे देश में जनगणना कराने का निर्णय लिया है। झारखंड सरकार के द्वारा सरना धर्म कोड व आदिवासी धर्म कोड विधेयक को झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र द्वारा पारित कर राज्यपाल के माध्यम से केंद्र सरकार को अनुमोदन के लिए भेजा था। लेकिन आज पांच साल बीत जाने के उपरांत भी केंद्र सरकार ने इस पर कोई निर्णय नहीं लिया है। उन्होने कहा कि जब तक सरना धर्म कोड या आदिवासी धर्म कोड लागू नहीं कीजती है तब तक जनगणना नहीं कराने दिया जायेगा। श्री राम आगे कहां की भाजपा हमेशा से ही आदिवासी समुदाय के प्रति दोहरी मानसिकता रखती है। भाजपा कहती कुछ और करती कुछ और है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार जनगणना के फार्म में हिंदू, मुस्लिम व इसाई आदि धर्म का कॉलम है, उसी प्रकार सरना या आदिवासी का भी कॉलम होना चाहिए। श्री राम ने कहा कि सरना धर्म कोड लागू कराने की मांग को ले कर पूरे प्रदेश के जिला मुख्यालय में में एक साथ 27 मई को धरना प्रदर्शन किया रहा है। जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने कहा कि सरना धर्म कोड एक विशेष धार्मिक कोड है, जो आदिवासी समुदायों की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को मान्यता देने के लिए प्रस्तावित है। यह कोड आदिवासियों को उनकी विशिष्ट धार्मिक परंपराओं, रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और बढ़ावा देने में मदद करेगा। लेकिन केद्र की सरकार इसे लागू नहीं करना चाहती है। झारखंड की सरकार ने 11 नवंबर 2020 को ही विशेष सत्र में आदिवासियों के सरना धर्म कोड को लागू करने की मांग का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया था। यह प्रस्ताव केंद्र सरकार के पास मंजूरी के लिए भेजा गया था, लेकिन इसपर अब तक निर्णय नहीं हुआ है। खास बात यह कि जनगणना में सरना आदिवासी धर्म के लिए अलग कोड दर्ज करने का यह इस प्रस्ताव झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राजद की संयुक्त साझेदारी वाली सरकार ने लाया था। जिसका राज्य की प्रमुख विपक्षी पार्टी बीजेपी के विधायकों ने भी समर्थन किया था। इसे साल 2020 में ही विधानसभा से पारित कर केंद्र सरकार को भेजा है। मौके परजिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरूण कुमार दुबे, शमसुल होदा, इमरान खान, विनोद उरांव, सुशील कुमार, सुदामा प्रसाद, प्रभात कुमार, अंकिंत पांडेय व विशाल कुमार समेंत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## रामचन्द्र सिंह ने किया केड़ में विकास की नई इबारत का शिलान्यास


जलाशय योजना का शिलान्यास करते विधायक।

**बरवाडीह।** केड़ पंचायत के इतिहास में मंगलवार का दिन स्वर्णाक्षरों में दर्ज हो गया, जब राज्य के उत्कृष्ट विधायक एवं झारखंड विधानसभा के सभापति रामचन्द्र सिंह ने मलय जलाशय योजना का विधिवत शिलान्यास किया। पूजा-अर्चना के साथ सम्पन्न इस कार्यक्रम में जल संरक्षण और कृषि सशक्तिकरण की दिशा में एक नई शुरूआत की गई, जिससे क्षेत्र के सैकड़ों किसानों और ग्रामीणों को भविष्य में प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। मलय जलाशय योजना के तहत न सिर्फ क्षेत्रीय जल संकट को दूर करने का प्रयास होगा, बल्कि कृषि आधारित आजीविका को भी मजबूती मिलेगी। शिलान्यास समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम जनता की भारी उपस्थिति रही, जिसने कार्यक्रम को एक जनउत्सव में तब्दील कर दिया।

# बीएसएल में एम्प्लोयी ऑफ द मंथ अवार्ड में 8 कर्मचारी विशिष्ट योगदान हेतु हुए पुरस्कृत

**सीजीएम अंजनी शरण ने कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस सफलता में कर्मचारियों के साथ-साथ उनके परिवार का भी काफी योगदान है**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र में कर्मठ कर्मियों को विभिन्न प्रकार से प्रोत्साहित करने का प्रयास लगातार जारी है। इसी कड़ी में मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में वर्ष 2025 के अप्रैल माह के लिए बोकारो स्टील प्लांट के बेस्ट एम्प्लोयी ऑफ द मंथ अवॉर्ड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कुल आठ कर्मचारियों को उनके कार्य में विशिष्ट योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया। इस समारोह में सीजीएम -मानव संसाधन अंजनी कुमार शरण के साथ संबंधित विभागों के सीजीएम विभागाध्यक्ष सहित वरीय अधिकारी तथा पुरस्कार प्राप्त करने वाले कार्मिक तथा उनके परिवार के सदस्य उपस्थित थे। सीजीएम शरण ने कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस सफलता में कर्मचारियों के साथ-साथ उनके परिवार का भी काफी योगदान है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को अपने रोज के कार्यों के अलावा नित नई चुनौतियों को स्वीकार कर उनका समाधान खोजना चाहिए तथा विकास की गति को बनाए रखना चाहिए। विश्व इस्पात बाजार एक कठिन परिस्थितियों से गुजर रहा है और आप सभी के योगदान से हम लोग इस चुनौती को पार करेंगे और बोकारो स्टील प्लांट को एक नई ऊंचाई तक ले जायेंगे। कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन एजीएम- मानव संसाधन सिबिल सिंह ने किया।

# हर हाल में सरना कोड लागू करना होगा : प्रेमनंदन

**जिला मुख्यालय में झारखंड मुक्ति मोर्चा का प्रदर्शन**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** पूर्ण निर्धारित कार्यक्रम के तहत झारखंड मुक्ति मोर्चा के बैनर चले शहीद स्तंभ परिसर में धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला अध्यक्ष प्रेमनंदन कुमार के नेतृत्व में आयोजित धरना प्रदर्शन में सैकड़ो आदिवासी महिला एवं पुरुषों के अलावा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। मोटे तौर पर कहा जाए तो बहुत दिन और बाद किसी मुद्दे को लेकर झामुमो की ओर से प्रदर्शन के दौरान तेवर दिखा है। इतना ही नहीं राजनीति से दूर रहने वाली आदिवासी महिलाएं सरना कोड के मसले पर ढोल नगाड़े और मांदर के बीच रोड शो करते हुए धरना स्थल सहित स्तंभ पर पहुंची। इस दौरान कार्यकर्ताओं के साथ-साथ समर्थकों एवं महिलाओं की ओर से वीर शिबू सोरेन जिंदाबाद और हेमंत सोरेन जिंदाबाद के नारों से शहीद स्तंभ परिसर बुलंद किया गया। धरना स्थल पर जिला अध्यक्ष प्रेमनंदन कुमार ने संवाददाताओं से कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार सभी जिलों में सरना धर्म को संविधान में मान्यता दिलाने की मांग को लेकर विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। सरना धर्म को अलग कोड के रूप में मान्यता देने की मांग की और आदिवासी पहचान, संस्कृति तथा धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए केंद्र सरकार से ठोस कदम उठाने की अपील की जा रही है। प्रदर्शन के दौरान कई वक्ताओं ने सरना धर्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे आदिवासी समाज की आत्मा बताया। इस मौके पर स्थानीय कार्यकताओं, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने भी भाग लिया और इसे एक ऐतिहासिक कदम बताया जो आदिवासी समुदाय के अधिकारों की रक्षा की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन जिला सचिव वासुदेव सोरेन की ओर से किया गया। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे। जिला अध्यक्ष ने बताया कि धरना प्रदर्शन के बाद महामहिम के नाम ज्ञापन डीसी को सौपा जायेगा।

## एक नजर में

### बोकारो के नये डीसी अजय नाथ झा से है नयी उम्मीदें



बोकारो। बोकारो के 35वें उपायुक्त बने झारखंड कैडर 2012 बैच के आईएएस अजय नाथ झा इससे पूर्व आदिवासी कल्याण विभाग में और उससे पहले झारखंड सरकार के जनसंपर्क विभाग में उपनिदेशक भी रह चुके हैं। 2020 में उन्हें आईएएस अधिकारी के रूप में प्रोन्नति दी गई और वे आयुक्त रैंक पर पदस्थापित हुए। सूत्रों के अनुसार झा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा नेतरहाट आवासीय विद्यालय से प्राप्त की और तत्पश्चात दिल्ली विवि के हिंदू कॉलेज से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने सार्वजनिक सेवा के करियर की शुरूआत बिहार सरकार के साथ की थी तथा झारखंड राज्य के गठन के बाद उन्हें झारखंड कैडर में स्थानांतरित कर दिया गया।

### डीवीसी चंद्रपुरा प्रबंधन द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत प्लांट में पौधरोपण



बोकारो/चंद्रपुरा। डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के प्रबंधन और इसके पर्यावरण प्रबंधन और प्रदूषण नियंत्रण विभाग द्वारा यहां के पावर प्लांट के भीतर पौधारोपण मंगलवार को किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान विजया नन्द शर्मा वरिष्ठ महाप्रबंधक-मानव संसाधन डॉ डीसी पांडेय वरिष्ठ महाप्रबंधक पीके मिश्रा सहित डीवीसी के कई वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर शर्मा ने कर्मियों को संबोधन में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण का कार्यक्रम सभी शुभ आयोजनों पर किया जाना चाहिए। डॉक्टर डीसी पांडेय ने कहा कि हर व्यक्ति को साल में कई पौधा रोपण किया जाना और उसका संरक्षण किए जाने से सभी जीव जंतु को लाभ मिलेगा। वरिष्ठ महाप्रबंधक पीके मिश्रा ने मानव जीवन के उत्थान के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधा लगाने का आग्रह किया। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक राजीव कुमार दीपक कुमार वरिष्ठ प्रबंधक सत्येंद्र कुमार राजीव तिवारी राजकुमार चौधरी अक्षय कुमार मनीष कुमार आदि कई लोगों ने पौधारोपण किया।

### कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन ढोरी में समर कैंप प्रारंभ



बेरमो। मंगलवार से समर कैंप की शुरूआत हो गई। इस शिविर के दौरान भैया बहनों को आर्ट एंड क्राफ्ट, भोजन विधि एवं निर्माण, पेंटिंग, बास्केटबॉल, एथलीट, कराटे, इंडियन और क्लासिकल म्यूजिक और डांस, योग आदि जैसी गतिविधियां आयोजित होगी। इस समर कैंप की शुरूआत प्रभारी प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार महतो द्वारा दीप प्रज्वलित करके हुई। इस मौके पर विद्यालय के सचिव धीरज कुमार पांडे ने कहा समर कैंप का उद्देश्य खेल भावना जगाने के साथ-साथ उन्हें प्रोत्साहित करना और उनकी छिपी हुई प्रतिभा को निकालना है। उन्हें स्कूल में पढ़ने के दौरान ही आत्मरक्षा के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास से जोड़ना है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार महतो ने समर कैंप के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम प्रमुख शैलबाला कुमारी ने समर कैंप के महत्व एवं भूमिका पर प्रकाश डाला। समर कैंप का आयोजन सुबह 7:00 से 11:00 तक होगा। इस आयोजित कैंप में बच्चों ने पहले दिन विभिन्न प्रकार की गतिविधियों को सिखा। बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। पहले दिन ही 154 छात्राएं समर कैंप में शामिल हुए। यह समर कैंप 27 मई से 31मई तक चलेगा। लंबे समय के बाद भैया बहनों को समर कैंप में हिस्सा लेने का मौका मिला है इससे छात्राओं में काफी उत्साह देखने को मिला। इस समर कैंप में विभिन्न गतिविधियों को सीखाने के लिए आचार्य में प्रदीप कुमार महतो, नित्यानंद मिश्रा, मंतोष प्रसाद, शैलेंद्र कुमार सिंह, शिवपूजन सोनी, राजेंद्र पांडे, कुमार गौरव, दीदी जी मे शैलबाला कुमारी, विभा सिंह, वीणा कुमारी, संजू ठाकुर, सीमा, प्रीति प्रेरणा सिंह आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### मैट्रिक जिला टॉप 10 में कसमार के छात्रों ने मारी बाजी



बोकारो/कसमार। झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा जारी 10वीं की बोर्ड परीक्षा में बोकारो टॉप 10 में कसमार के पांच छात्रों ने बाजी मारी। राजकीय क्षेत्र नाथ प्लस टू उच्च विद्यालय हरनाद के सरताज राजा ने जिले में चौथा स्थान आनंदमार्ग आवासीय विद्यालय खैराचातर की छात्रा कुमकुम कुमारी ने जिले में पांचवां स्थान आनंद मार्ग आवासीय विद्यालय खैराचातर के दीपमय महतो ने सातवां स्थान प्लस टू उच्च विद्यालय कसमार के प्रिंस कुमार ने आठवां स्थान वही राजकीय क्षेत्रनाथ प्लस टू उच्च विद्यालय हरनाद की आनंदिता कुमारी ने जिले में दसवां स्थान प्राप्त किया है। कड़ी मेहनत और लगन से पढ़ाई करने वाले इन विद्यार्थियों ने न सिर्फ अपने स्कूल का नाम रोशन किया बल्कि पूरे परिवार और जिले को भी गर्व महसूस कराया। विद्यालय की प्राचार्या और शिक्षक गण इनकी मेहनत और समर्पण की सराहना करते हैं। विद्यालय प्रशासन ने इस सफलता को स्कूल के लिए गर्व की बात बताया।

### ईश्वरी बाबू समाज सेवा में अग्रणी थे : आशीष

बेरमो। कोयलांचल के प्रसिद्ध मजदूर नेता स्वर्गीय ईश्वरी प्रसाद सिंह का 35वां पुण्यतिथि पुत्र अजय कुमार सिंह के आवासीय कार्यालय पर मनाया गया। श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ नेता वेदव्यास चौबे ने कहा ईश्वरी बाबू क्षेत्र में हमेशा हर सामाजिक कार्यों में अपनी बड़ी भूमिका का निर्वाह करते थे। समाज को हमेशा सही दिशा और मार्गदर्शन देने का कार्य किये। ट्रेड यूनियन में इन्होंने ईमानदारी के बल पर अपनी एक अलग पहचान बनाई। श्रमिक नेता एवं स्व सिंह के पुत्र अजय कुमार सिंह ने कहा पिता से मिली प्रेरणा सामाजिक कार्यों के लिए प्रेरित करती है। पिता का सपना शिक्षा को बढ़ावा देकर सभ्य तथा मजबूत समाज का निर्माण हो हमेशा उनकी सोच रहती थी। शिक्षा के लिए कई स्कूल के निर्माण में अपने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह की थी। अपने पैतृक गांव से लेकर कथारा में भी शिक्षा को लेकर स्कूल का निर्माण एवं व्यवस्था में बड़ी भूमिका का निर्वाह किए थे। सदैव उनके मार्गदर्शन पर चलकर दबे कुचले असहाय का आवाज बना पसंद करता हूं। इस अवसर पर पुत्र राम तपस्या सिंह विजय कुमार सिंह पौत्र स्वयं सिंह पुत्रवधू ममता देवी अर्चना सिंह ममता सिंह पौत्री शगुन सिंह आशीष, चंद्रशेखर सूर्यकांत त्रिपाठी देवाशीष आश नरेंद्र त्रिपाठी अरुण सिंह प्रवीण सिंह कमल कान्त सिंह सविता सिन्हा संतोष सिन्हा संतोष राम गोड अर्जुन करमाली शामिल थे।

### पेज एक का शेष : राष्ट्रपति ने बांटे पद्म पुरस्कार

**पद्म विभूषण :** दुव्वुर नागेश्वर रेड्डी- चिकित्सा, शारदा सिन्हा (मरणोपरांत)- कला, जगदीश सिंह खेहर- सार्वजनिक मामले, ओसामु सुजुकी - व्यापार और उद्योग, कुमुदिनी रजनीकांत लखिया- कल (मरणो प्रांत), क्ष्मीनारायण सुब्रमण्यम-कलाा, एमटी वासुदेवन नायर (मरणोपरांत) - साहित्य और शिक्षा।
**पद्म भूषण :** ए सूर्य प्रकाश- साहित्य और शिक्षा (पत्रकारिता), अनंत नाग- कला, जतन गोस्वामी-कला, जोस चाको पेरियाप्पुरम- चिकित्सा, कैशाश नाथ दीक्षित - पुरातत्व, एन कुप्पुस्वामी चेट्टी - व्यापार और उद्योग, पंकज पटेल- व्यापार और उद्योग, पंकज उधास (मरणोपरांत) - कला पीआर श्रीजेश- खेल, रामाहादुर राय साहित्य और शिक्षा (पत्रकारिता), साध्वी ऋतंभरा सामाजिक कार्य, शेखर कपूर - कला, विनोद धाम - विज्ञान और इंजीनियरिंग, विवेक देवरॉय (मरणोपरांत)- साहित्य और शिक्षा, सुशील मोदी (मरणोपरांत) सार्वजनिक मामले, मनोहर जोशी (मरणोपरांत)- सार्वजनिक मामले, नंदमुरी बालकृष्ण - कला, शोभना चंद्रकुमार - कला, अजित कुमार- कला
**पद्मश्री :** अरिजीत सिंह-कला, आर अश्विन- खेल, अशोक सराफ- कशा, अश्विनी भिड़े-देशपांडे- कशा, ातूश ागम - कशा, हरविंदर सिंह -खेल, जसपिंदर नरूला-कला, नीरजा भटला- चिकित्सा, भीम सिंह भावेश - कल, पी. दत्तचनमूर्ति- कला, गोकुल चंद्र दास - कला, मारुति भुजंगराव चितमपल ली - साहित्य और शिक्षा, शेखा एजे अल - योग, किशोर कुणाल (मरणोपरांत)-सामाजिक कार्य, चंद्रकांत सोमपुरा - कला, अनिल कुमार -साहित्य और शिक्षा, अरुणोदय साहा- साहित्य और शिक्षा, अरविंद शर्मा-साहित्य और शिक्षा, चंद्रकांत शेठ- साहित्य और शिक्षा, ल गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ - साहित्य और शिक्षा, गीता उपाध्याय- साहित्य और शिक्षा, हृदय नारायण दीक्षित - साहित्य और शिक्षा, जगदीश जोशीला- साहित्य और शिक्षा, केएल कृष्णा -साहित्य और शिक्षा, नागेंद्र नाथ रॉय- साहित्य और शिक्षा, नितिन नोहरिया-साहित्य और शिक्षा, प्रतिभा सत्पथी -साहित्य और शिक्षा, रामदरश मिश्रा -साहित्य और शिक्षा, सीनी विश्वनाथन - साहित्य और शिक्षा, शीन काफ निजाम- साहित्य और शिक्षा, स्टीफन नैप - साहित्य और शिक्षा, सैयद ऐनुल हसन - साहित्य और शिक्षा, तुषार दुर्गेशभाई शुक्ला -साहित्य और शिक्षा, वदिराज राघवेंद्राचार्य पंचमुखी - साहित्य और शिक्षा, अरुंधति भट्टाचार्य -व्यापार और उद्योग।

## स्पीड न्यूज

### मैट्रिक परीक्षा परिणाम में सोनू कोचिंग के छात्रों का शानदार प्रदर्शन




बेरमो। चलकारी स्थित सोनू कोचिंग सेंटर के विद्यार्थियों ने मैट्रिक परीक्षा परिणाम में लहराया परचम। विध्या रानी ने 84.2 फीसदी अंक लाकर अपने स्कूल सरस्वती विद्या मंदिर जरीडीह बाजार में सेकंड स्कूल टॉपर बनी। विध्या रानी चलकरी बस्ती रविदास टोला की रहने वाली है। पिता मुकेश्वर रविदास, मां अनीता देवी ने विध्या की सफलता से खुश होकर उन्होंने कहा की विध्या ने कोचिंग, विद्यालय के साथ साथ परिवार का नाम भी रोशन किया। वही इस कोचिंग के नवीन कुमार 80.4 फीसदी और विमल रविदास 80.4 फीसदी अंक लकार प्रथम श्रेणी हासिल किया। सोनू कोचिंग के 32 विद्यार्थियों में 29 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी हासिल किया।

### हत्यारोपी शिक्षक को विभाग ने किया निलंबित



गोड्डा/ठाकुरगंगटी। थाना क्षेत्र अंतर्गत राजकीयकृत मध्य विद्यालय माल मंडरो में पदस्थापित प्रभारी प्रधानाध्यापक सुभाष ठाकुर नामक शिक्षक को बोआरीजोर पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। बताते चले की आरोपी शिक्षक ने मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के फुलोलक्ष्मी गांव निवासी ग्राम प्रधान तालू मुर्मू का 02 लाख रुपये की सुपारी देकर जमीन विवाद में मास्टर माइंड शिक्षक ने ग्राम प्रधान की हत्या करा दी थी। जिसे लेकर बोआरीजोर थाना में हत्या का मुकदमा दर्ज प्रधान की पत्नी के द्वारा करायी थी। शिक्षा विभाग को शिक्षक की गिरफ्तारी की सूचना मिलने पर विभाग ने कार्रवाई करते हुए आरोपी शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

### धनबाद रेलवे मंडल के प्रबंधन से मिल भाजपा नेता ने उठाये कई मांग



बेरमो। धनबाद रेलवे मण्डल के निर्वतमन प्रबंधक महोदय कमल किशोर सिन्हा से भाजपा नेता विक्रम पाण्डेय उनके कार्यलय में मुलाकात कर धनबाद रेलवे मण्डल के प्रबंधक के रूप में उनके योगदान हेतु बधाई दिया। उनके कार्याकल में धनबाद रेवले मण्डल में बहुत कार्य हुआ इसके लिए उन्हें बहुत-बहुत धन्यवाद व आभार तत्पश्चात धनबाद रेलवे मण्डल के नए प्रबंधक श्री मिश्रा से पदभार ग्रहण करने पर उन्हें पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत व सम्मानित किया। इस दौरान धनबाद रेलवे मण्डल अंतर्गत विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर रेलवे सुविधाएं बढ़ाने हेतु मांग पत्र सौंपा, जिस पर उन्होंने यथाशीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया तथा डीआरएम साहब से मुलाकात कर गोमो-बरकाकाना रेलखंड पर फूसरो और बेरमो स्टेशन के बीच रेलवे की जमीन पर होने वाले अतिक्रमण पर चर्चा कर पिछले 70 -60 वर्षो से रेलवे के निकट बसे लोगो को हटाने से पहले बसाने की मांग की । मौके पर साथ में उपस्थित थे भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलीप गोस्वामी जी, पुर्व मण्डल अध्यक्ष सुनील मण्डल जी एंव अन्य।

## गोड्डा जिला में नये उपायुक्त ने ग्रहण किया पदभार, कहा

# जरूरतमंदों तक पहुंचायेंगे सरकारी योजनाओं का लाभ



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** जिला दंडाधिकारी सह डीसी अंजली यादव ने मंगलवार को कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग झारखण्ड की अधिसूचना के आलोक में डीसी गोड्डा का पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के पश्चात डीसी ने समाहरणालय के कार्यालय कक्ष में उपस्थित जिले के वरीय पदाधिकारियों से परिचय लिया एवं एक साथ मिलकर जिले के विकास के लिए कार्य करने की बात कही। उन्होंने जिले के विकास कार्यों को आगे ले जाने एवं सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने को लेकर सभी विभागों के पदाधिकारियों को आपस में समन्वय बनाते हुए प्राथमिकता के आधार पर ससमय कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। नए डीसी ने कहा कि जिले के विकास योजनाओं को निर्धारित समय सीमा में पूरा कराना है ताकि योजनाओं का लाभ आम लोगों को मिल सके। उन्होंने कहा कि पारदर्शी एवं जवाबदेही के साथ जनता के कार्यों को पूरा करना ही प्रशासन की पहली प्राथमिकता होगी। डीसी अंजली यादव ने कहा कि गोड्डा ने विकास मामले में पहले से कई कीर्तिमान स्थापित किए है। उन्होंने निवर्तमान डीसी जिशान कमर की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके कार्यों को आगे भी कायम रखेंगे। इस मौके पर निवर्तमान डीसी जिशान कमर ने उन्हें आगामी काल के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी ने नए डीसी को पुष्पगुच्छ भेंट कर गोड्डा जिला में स्वागत किया एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान डीडीसी स्मिता टोप्पो, अपर समाहर्ता प्रेमलता मुर्मू, अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी रितेश जयसवाल, सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी अभय कुमार झा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्रवण राम, भू-अर्जन पदाधिकारी रितेश जयसवाल, नगर प्रशासक आशीष कुमार सहित अन्य पदाधिकारीगण एवं समाहरणालय संवर्ग के कर्मी मौजूद रहे।

# आदिवासी हिन्दू था है और रहेगा : बिमल मरांडी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष सह सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय के सीनेट के सदस्य विमल मरांडी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि आदिवासी हिन्दू था, हिन्दू है और रहेगा।इसमें झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस को राजनीति करने का कोई हक नहीं। कांग्रेस और झामुमो को अपने गिरेबान पर झांक कर देखना चाहिये,जब केन्द्र में कांग्रेस की सरकार थी उस समय के केन्द्रीय जनजाति मंत्रालय के मंत्री ने भाजपा सांसद सुदर्शन भगत के सरना धर्म कोड के सवाल पर उन्होंने जो जवाब दिया था उसको याद करने की आवश्यकता है। आज जो लोग सरना धर्म कोड पर अपना राजनीति कर रहे हैं वही लोग सरना धर्म कोड को असंवैधानिक और अवैध बताकर इंकार कर दिया था। आज झारखंड मुक्ति मोर्चा को कांग्रेस कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करने की आवश्यकता है। मरांडी ने कहा कि कांग्रेस ने ये भी कहा था कि सरना धर्म कोड एक क्षेत्रीय मांग है जो एक असंवैधानिक है। आज किसी हैसियत से झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस सरना धर्म कोड की मांग कर रहे हैं। श्री विमल मरांडी ने कहा कि कांग्रेस और झामुमो आदिवासी को बरगलाने में लगे हैं। आज आदिवासी झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस की हर नीति को समझ चुके हैं। झारखंड सरकार को अगर सरना धर्म कोड के प्रति हमदर्दी है तो जब वे नीति आयोग के बैठक में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट कर सरना धर्म कोड की मांग क्यों नहीं किया ये सोचने वाली विषय है।

# गोड्डा : ललमटिया सामूहिक दुष्कर्म मामले का डालसा ने लिया संज्ञान



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** बीते दिनों ललमटिया में हुए गैंगरेप मामले में डालसा द्वारा संज्ञान लिया गया है। इस बाबत डालसा के सचिव दीपक कुमार के निर्देश पर सोमवार को अधिकार मित्रों की एक टीम को जांच के लिए भेजा गया था। वहीं डालसा टीम के अधिकार मित्रों को पूरे मामले की जानकारी लेने को कहा गया है, ताकि पीड़िता के पूरे मामले की जांच कर मुआवजा की दिशा में उचित कार्रवाई की जा सके। सचिव द्वारा टीम में शामिल अधिकार मित्रों को कहा गया कि वे पूरे मामले की सही तरीके से पड़ताल करें और पीड़ित को तत्काल कानूनी सहायता प्रदान करने सहित मुआवजा आदि दिलाने की दिशा में पहल करें। बताया कि इन मामलों को लेकर डालसा पूरी तरह से संवेदनशील है। अधिकार मित्रों को इस प्रकार के मामले में गंभीरता से पहल करने को कहा गया है। मालूम हो कि शनिवार को राजाभीठा थाना क्षेत्र की एक आदिवासी महिला के साथ चाकू का भय दिखाकर एक विशेष समुदाय के दो युवकों द्वारा जंगल में ले जाकर बारी-बारी से गैंगरेप किया गया था, इसके बाद दूसरे दिन मामले को लेकर हंगामा हुआ। एक आरोपी को तो ग्रामीणों ने ही पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया और थाना परिसर में हंगामा भी किया। हालांकि पुलिस ने आरोपी सादिक अंसारी को जेल भेज दिया है, दूसरे आरोपी की खोजबीन की जा रही है। मालूम हो कि सुंदरपहाड़ी के घटियारी में भी जनवरी फरवरी माह में यौन शोषण की शिकार पहाड़िया युवती को मौत के घाट उतार दिया गया था जिसमें नशापान कराकर युवती की हत्या की गयी थी। इस मामले में पुलिस ने दो मुस्लिम युवकों को पकड़ कर जेल भेजा था।

# सीकेएस ने मनाया महिला सम्मान समारोह दिवस




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** भारतीय मजदूर संघ से संबंद्ध सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ ढोरी ने मंगलवार को महिला सम्मान समारोह दिवस मनाया। महिला सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य रूप से ढोरी क्षेत्र के महाप्रबंधक रंजय कुमार सिन्हा सहित सीसीएल महिला कर्मी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष कुलदीप एवं संचालन क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह द्वारा किया गया।

उक्त मौके पर सीसीएल सीकेएस के कार्यसमिति सदस्य सह अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ पेंशन सेल सदस्य रवीन्द्र कुमार मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वही कार्यक्रम का शुरूआत भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक श्रधेय दतोपंत ठेंगड़ी जी तथा मां भारती एवं विश्वकर्मा भगवान जी के मूर्ती पर माल्याअर्पण तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया। साथ ही रवींद्र कुमार मिश्रा, संत सिंह, विनय कुमार सिंह एवं कुलदीप तथा सभी शाखा से आए हुए अध्यक्ष तथा सचिव ने सभी अतिथियों को अंग वस्त्र पुष्प-गुच्छ एवं मोमेंटो देकर स्वागत किया। वही कुमारी माला ने कहा कि आज भारतीय मजदूर संघ प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से महिला सम्मान समारोह मना रही है। आज के दिन हमलोग अपने मातृव शक्ति का सम्मान कर समाज में मातृव शक्ति की आंतरिक अनुभूति को समाज के बीच भारतीय मजदूर संघ के द्वारा अवगत कराया जाता है कि आज की महिला किस प्रकार देश विदेश एवं अपने घर मे परचम लहरा रही है। वही रवीन्द्र मिश्रा ने कहा कि मातृव शक्ति की अनेको रूप है और हमारे विकाशील देश मे हर क्षेत्र में हमारी मातृव शक्ति देश, विदेश अपने गृहस्थ जीवन मे परचम लहरा रही है आज हमारे देश की महिलाएं हर क्षेत्र में पुरूषों के साथ कंधे से कंधे मिलाकर परचम लहरा रही है।

मौके पर प्रेमलता देवी, सुजाता मुखर्जी, सुमिति कुमारी, किरण देवी रेखा सिंह, बसंती देवी, ज्योति, बशन्ति देवी, सरिता देवी, सीमा देवी, सूती, देवकी देवी, नीरा देवी, लक्ष्मी देवी, कमली देवी, अनिता देवी,इंडिया देवी, लकी वाला देवी, पारो देवी, सुनीता गुनिया, रीना, अंजली, यशोदा, काजल देवी, रिका कुमारी, नुनुचंद महतो,सुबीर मुखर्जी, प्रतोष कुमार रॉय, प्रशांत मिश्रा, अरविंद ठाकुर, भुनेश्वर, बिरेन्द्र गुप्ता, सोमनाथ मिश्रा, शरद कुमार, संदीप ओरांव, पंकज कुमार आदि उपस्थित रहे।

# एसकेएमयू के वाणिज्य विभाग में नवनामांकित छात्रों का स्वागत समारोह का हुआ आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर वाणिज्य विभाग में नवनामांकित छात्र-छात्राओं का भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं वीर सिदो और कान्हू मुर्मू की तस्वीर पर माल्यार्पण से हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभागाध्यक्ष दीपक कुमार ने कहा कि पीजी की यह यात्रा केवल पाठ्यक्रमों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह छात्रों को व्यावहारिक जीवन, सामाजिक जिम्मेदारियों और भविष्य के करियर के लिए तैयार करने का भी एक सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर शिक्षक डॉ बिनोद मुर्मू ने कहा कि पीजी की पढ़ाई एक सुनहरा अवसर है। जिसे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपनाना चाहिए। उन्होंने छात्रों को पढ़ाई और आत्मविकास में अपनी ऊर्जा केंद्रित करने की सलाह देते हुए उनके भविष्य निर्माण की नींव बताया। शिक्षक डॉ ज्ञान चंद, अमृत होरो और टीपू कुमार ने भी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए समय प्रबंधन, टीमवर्क एवं सतत सीखने की आदत को अपनाने पर बल दिया। कार्यक्रम में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के साथ वरिष्ठ छात्र-छात्राओं में जागेश्वर सोरेन, नेहा प्रवीण, आदित्य चिराग, रतन राज, सुषमा, अनिमा, मुशर्रफ कमाल, क्रिस्टीना, बिमला, बबली, शफिया सिद्दीका, आनंद, अभिषेक, अर्चा, सुलेमान, विजय, संदीप, दिनेश, अन्नू टुडू, लीना प्रिया, संध्या, सुभान, जनार्धन, काजल आदि की सक्रिय सहभागिता रही। अंत में उपरोक्त प्रदर्शन के आधार पर अनु को मिसेज फ्रेशर और अजित हांसदा को मिस्टर फ्रेशर चुना गया।

# महिलाओ की निजी स्वच्छता से संबंधित कार्यशाला का आयोजन





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के अवसर पर मंगलवार को डीवीसी बोकारो थर्मल प्रबंधन की ओर से ग्राम बरई के पंचायत भवन में महिलाओ की निजी स्वच्छता से संबंधित एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें डीवीसी अस्पताल एवं सीएसआर का योगदान रहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं उपमहाप्रबंधक (स्वास्थ्य) डॉक्टर संगीता रानी उपस्थित रही । उन्होंने महिलाओं को निजी स्वच्छता एवं मासिक धर्म से संबंधित समस्याओं के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम की शुरूआत उप प्रबंधक एस ए अशरफ के स्वागत भाषण के साथ हुई। कार्यक्रम का संचालन भंडार विभाग के शाहिद इकराम ने किया। कार्यक्रम में डीवीसी के कृष्णा कुमार, शिवचरण इत्यादि उपस्थित रहे। पंसस शांति देवी, स्वास्थ्य सहिया एवं पंचायत से जुड़े अन्य लोग भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में डीवीसी की ओर से किशोरीयों के बीच सेनेटरी नेपकिन का वितरण किया गया।

## स्पीड न्यूज

### जीडीपी में बुजुर्गों ने दिया 3 % योगदान

नयी दिल्ली। वित्त वर्ष 2023-24 में बुजुर्गों ने भारतीय अर्थव्यवस्था में तीन प्रतिशत का योगदान दिया है। एक अध्ययन के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय बुजुर्गों ने 68 अरब डॉलर का श्रम योगदान दिया है जो भारत के वास्तविक सकल घरेलू उत्पादन (जीडीपी) का तीन प्रतिशत है। ये बुजुर्ग प्रतिवर्ष लगभग 14 अरब घंटे पारिवारिक देखभाल और 2.6 अरब घंटे सामुदायिक कार्यों में देते हैं। यदि इच्छुक बुजुर्गों को पुनः कार्यबल में शामिल किया जाए तो भारत की जीडीपी में 1.5 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है।

### बक्सर में आरजेडी नेता की हत्या

पटना। बिहार के बक्सर जिले में निर्माणाधीन थर्मल पावर प्लांट के पास सोमवार देर रात आरजेडी लेबर सेल के नेता अर्जुन यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना चौसा थाना क्षेत्र में हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तीन अज्ञात बाइक सवारों ने थार एसयूवी में सवार अर्जुन यादव का पीछा किया। प्लांट के गेट से थोड़ी ही दूरी पर आरजेडी नेता जब लस्सी खरीदने के लिए एक दुकान पर रुके, तभी बाइक सवार बदमाशों ने उन पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश भाग गए।

### पटना एम्स के जूनियर डॉक्टर कोरोना संक्रमित

पटना। राजधानी पटना में कोरोना ने दस्तक दे दी है। मंगलवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) पटना के एक जूनियर डॉक्टर की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इसके अलावा दूसरे मरीज भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के 30 वर्षीय वैज्ञानिक हैं। एक अन्य मरीज की जानकारी भी स्वास्थ्य विभाग के रिकॉर्ड में दर्ज की गई है। इसके बाद शहर में कोरोना संक्रमितों की संख्या अब बढ़कर तीन हो गई है।

### मणिपुर में पांच उग्रवादी गिरफ्तार

इंफाल। मणिपुर में सुरक्षाकर्मियों ने पिछले 24 घंटों के दौरान तीन अलग-अलग घटनाओं में पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि सुरक्षा बलों ने काकचिंग जिले के सुगनू पुलिस थानांतर्गत चाजिंग खुनौ इलाके से एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया।

### चीन के कर्ज के जाल में फंसे 75 गरीब देश

नयी दिल्ली। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के तहत लिए गए ऋणों के कारण 75 सबसे गरीब देशों को वर्ष 2025 में रिकॉर्ड 25 अरब डॉलर का कर्ज चुकाना पड़ेगा, जिनमें पाकिस्तान जैसे देश भी शामिल हैं जिन्हें अकेले 22 अरब डॉलर चुकाने हैं। ऑस्ट्रेलिया के लोवी इंस्टीट्यूट की ओर से जारी अध्ययन के मुताबिक, इन ऋणों की भारी भरपाई विकासशील देशों की स्वास्थ्य, शिक्षा और जलवायु वित्तपोषण क्षमताओं को कमजोर कर रही है। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि कर्ज चुकाने का यह दबाव इन देशों को गंभीर आर्थिक और सामाजिक संकट की ओर धकेल सकता है।

### सुकमा में 18 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा। छत्तीसगढ़ के सुकमा में मंगलवार को 39 लाख के इनामी एक महिला सहित 18 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधीक्षक ने इसकी पुष्टि की है। छत्तीसगढ़ शासन की नक्सलवादी आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति और नियद नेल्ला नार योजना तथा अति संवेदनशील अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार सुरक्षाबलों के कैम्प स्थापित होने दबाव के फलस्वरूप नक्सली संगठन में सक्रिय 39 लाख रुपए के इनामी एक महिला सहित 18 नक्सलियों ने सुकमा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आत्मसमर्पण कर दिया है। मौके पर सुकमा एसपी किरण चव्हाण व अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे।



### 61वीं पुण्यतिथि पर सोनिया ने जवाहरलाल नेहरू को दी श्रद्धांजलि

नयी दिल्ली। दिल्ली स्थित शांति वन में पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 61वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने श्रद्धांजलि अर्पित की। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पूर्व पीएम पंडित जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर शेयर कर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर उन्हें सादर नमन।

# नकल के लिए अकल चाहिए

## ओवैसी ने पाकिस्तानी आर्मी चीफ मुनीर की खोली पोल

एजेंसी

नयी दिल्ली। एआईएमआईएम चीफ और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तानी आर्मी चीफ असीम मुनीर और पाकिस्तान पीएम शहबाज शरीफ पर तंज कसा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख असीम मुनीर को बेवकूफ जोकर कहा। उन्होंने कहा कि एक हाई-प्रोफाइल कार्यक्रम के दौरान भारत के ऑपरेशन सिंदूर के जवाब में शुरू किए गए ऑपरेशन बुनियान अल-मरसूस की नकली फोटो पकड़े देखा। बता दें असीम मुनीर ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ कोऑपरेशन बुनियान अल-मरसूस की एक तस्वीर गिफ्ट की, जो असल में 2019 की चीनी सैन्य ड्रिल की फोटो थी। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और विदेश मंत्री इशाक डार सहित टॉप राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व ने भाग लिया था। ओवैसी ने इस बात के लिए तंज करते हुए कहा कि पाकिस्तान को गंभीरता से नहीं लेना चाहिए। ये लोग एक असली तस्वीर तक नहीं दे सकते। नकल करने के लिए भी अकल चाहिए, और इन नालायकों को अकल भी नहीं है। कुवैत में भारतीय समुदाय के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि ये बेवकूफ जोकर भारत के साथ मुकाबला करना चाहते हैं। उन्होंने 2019 की चीनी सेना की ड्रिल की एक फोटो दी और दावा किया कि यह भारत पर जीत है। वे एक सही फोटो भी गिफ्ट में नहीं दे सकते। ओवैसी ने पाकिस्तानी नेताओं की आलोचना : जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद से



**मुनीर ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ कोऑपरेशन बुनियान अल-मरसूस की एक तस्वीर गिफ्ट की, जो 2019 की चीनी सैन्य ड्रिल की तस्वीर थी**

सांसद ओवैसी ने भारत पर आतंकी हमलों में भूमिका के लिए पाकिस्तानी नेताओं की आलोचना की है। बता दें ऐसा पहली बार नहीं है, जब पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ अपने सैन्य अभियानों के बारे में गलत जानकारी फैलाने की कोशिश की है। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने 15 मई को देश की वायुसेना की प्रशंसा करने के लिए ब्रिटेन स्थित अखबार के एक लेख की फर्जी तस्वीर का इस्तेमाल किया।

# आतंकवाद के कांटे को निकालकर रहेंगे : मोदी

## 1947 में कटनी चाहिए थीं जंजीरें, लेकिन काट दी गयीं भुजाएं

एजेंसी

गांधीनगर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि वह आतंकवाद के कांटे को निकालकर रहेंगे। मोदी ने गुजरात के अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन यहां महात्मा मंदिर में 5536 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं पिछले दो दिनों से गुजरात में हूं, सोमवार को मैं वडोदरा, दाहोद, भुज, अहमदाबाद में था और आज सुबह गांधीनगर आया। मैं जहां भी गया, ऐसा लग रहा है देशभक्ति का ज्वार, गर्जना करता सिंदूरिया सागर, लहराता तिरंगा और सभी के हृदय में मातृभूमि के लिए अपार प्रेम था। यह सिर्फ गुजरात में नहीं, हिंदुस्तान के कोने-कोने में है। हर हिंदुस्तानी के दिल में है। उन्होंने कहा कि शरीर कितना ही स्वस्थ क्यों न हो, लेकिन अगर एक कांटा चुभता है, तो पूरा शरीर परेशान रहता है। हमने तय कर लिया है, उस कांटे को निकाल के रहेंगे। 1947 में जब मां भारती के टुकड़े हुये कि कटनी चाहिए थीं जंजीरें, लेकिन काट दी गयीं भुजाएं। देश के तीन टुकड़े कर दिये गये। उसी रात पहला आतंकवादी हमला कश्मीर में हुआ। मां भारती का एक हिस्सा आतंकवादियों के बलबूते पर मुजाहिदीनों के नाम पर पाकिस्तान ने हड़प लिया। मोदी ने कहा कि अगर उसी दिन इन मुजाहिदीनों को



**मां भारती का एक हिस्सा आतंकवादियों के बलबूते पर मुजाहिदीनों के नाम पर पाकिस्तान ने हड़प लिया**

मौत के घाट उतार दिया गया होता और सरदार वल्लभ भाई पटेल की इच्छा थी कि जब तक पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर वापस नहीं आता, तब तक सेना रुकनी नहीं चाहिए। लेकिन उनकी बात मानी नहीं गयी। मुजाहिदीन लहू चख गये थे। यह सिलसिला 75 साल से चला आ रहा है। 75 साल तक हम झेलते रहे। जब पाकिस्तान के साथ युद्ध तक नौबत आयी, तो तीनों बार भारत की सैन्य शक्ति ने पाकिस्तान को धूल चटाई और पाकिस्तान समझ गया कि लड़ाई में वह भारत से जीत नहीं सकता। इसीलिये उसने प्रॉक्सी वॉर (छद्म युद्ध) चालू किया, सैन्य प्रशिक्षित आतंकवादी भारत भेजे जाते हैं।

## केंद्रीय कैबिनेट की बैठक आज

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक बुधवार सुबह 11:00 बजे प्रधानमंत्री आवास पर होगी। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसलों पर चर्चा हो सकती है। पीएम मोदी दो दिवसीय गुजरात दौरे पर हैं। यहां वह कई कार्यक्रमों में हिस्सा ले रहे हैं। गुजरात दौरे के बाद वह दिल्ली लौटेंगे और बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में हिस्सा लेंगे।

कैबिनेट नोट के अनुसार, भारत में लैपटॉप, मोबाइल, सर्वर, मेडिकल डिवाइस, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा उपकरण और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग के तेजी से विकास के साथ सेमीकंडक्टर की मांग बढ़ रही है, यह नई यूनिट प्रधानमंत्री मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण को और आगे बढ़ाएगी। इस मंजूरी के तहत कोयला लिंकेज को 'विंडो-I' में अधिसूचित कीमत पर केंद्रीय और राज्यों को दिया जाना है। वहीं, कोयला लिंकेज को 'विंडो-II' में अधिसूचित कीमत से प्रीमियम पर उत्पादन इकाइयों (जेनको) को दिया जाता है।

## हाईकोर्ट के 21 न्यायधीशों के तबादले की सिफारिश

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने विभिन्न उच्च न्यायालयों के 21 न्यायाधीशों के तबादले की सिफारिश की है। शीर्ष अदालत की ओर से मंगलवार को यह जानकारी दी गई। 26 मई को आयोजित बैठक में कॉलेजियम ने न्यायाधीशों के स्थानांतरण करने संबंधी फैसला किया। न्यायमूर्ति सुजॉय पॉल को तेलंगाना से कलकत्ता उच्च न्यायालय स्थानांतरित करने की सिफारिश की गई है जबकि न्यायमूर्ति वी कामेश्वर राव को कर्नाटक उच्च न्यायालय से दिल्ली उच्च न्यायालय तबादला करने की सिफारिश की गई। न्यायमूर्ति सुधीर सिंह को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय से वापस पटना स्थानांतरित की सिफारिश की गई है। इसी प्रकार न्यायमूर्ति लानुसुंगकुम जमीर को गुवाहाटी से कलकत्ता उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति मानस रंजन पाठक को गुवाहाटी से उड़ीसा उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति नितिन वासुदेव साम्ब्रे को बॉम्बे से दिल्ली उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा को इलाहाबाद से

**न्यायमूर्ति सुधीर सिंह को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से पटना स्थानांतरित करने की संस्तुति**

पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय भेजने की सिफारिश की गई है। न्यायमूर्ति सुमन श्याम को गुवाहाटी से बॉम्बे उच्च न्यायालय तबादला करने की सिफारिश की गई। न्यायमूर्ति संजीव प्रकाश शर्मा को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय से वापस राजस्थान स्थानांतरित करने की संस्तुति की गई है। इसी प्रकार से न्यायमूर्ति विवेक चौधरी को इलाहाबाद से दिल्ली उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति दिनेश कुमार सिंह को केरल से कर्नाटक उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह को मद्रास से मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय तथा न्यायमूर्ति बट्टू देवानंद को मद्रास उच्च न्यायालय से वापस आंध्र प्रदेश स्थानांतरित करने की सिफारिश की गई है। कॉलेजियम ने न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला को इलाहाबाद से दिल्ली उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति चंद्रशेखर को राजस्थान से बॉम्बे उच्च न्यायालय करने की संस्तुति की गई है।

# जून में होगी झमाझम बारिश

## 106 प्रतिशत हो सकती बारिश : आइएमडी

एजेंसी

नयी दिल्ली। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को कहा कि भारत में जून में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है, जो दीर्घकालिक औसत का 108 प्रतिशत होगी। आईएमडी ने कहा कि पूरे मानसून के दौरान देश में 87 सेमी की दीर्घकालिक औसत बारिश का 106 प्रतिशत बारिश हो सकती है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम रविचंद्रन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस मौसम में मानसून कोर जोन में सामान्य से अधिक (लंबी अवधि के औसत का 106 प्रतिशत से अधिक) बारिश होने की संभावना है। मानसून कोर जोन में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, ओडिशा और आस-पास के इलाके शामिल हैं।



इस क्षेत्र में ज्यादातर बारिश दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान होती है और यह कृषि के लिए काफी हद तक इस पर निर्भर करता है। उत्तर-पश्चिम भारत में सामान्य बारिश होने की संभावना है, जबकि पूर्वोत्तर में सामान्य से कम बारिश हो सकती है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि मध्य और दक्षिण भारत में सामान्य से अधिक बारिश दर्ज किये जाने की संभावना है।



### तेजस्वी यादव को पुत्र रत्न की प्राप्ति

पटना। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव फिर दादा बने हैं। बेटे और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई है। तेजस्वी ने एक्स और फेसबुक पर बच्चे की तस्वीर के साथ खबर सुनाई। उन्होंने लिखा कि सुप्रभात! आखिरकार इंतजार खत्म हुआ। हमारे नन्हे बेटे के आगमन की घोषणा करते हुए बहुत आभारी, धन्य और खुश हूं। जय हनुमान!

# राष्ट्रहित को राजनीतिक हितों से ऊपर रखें

एजेंसी

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि संस्थानों की तरह ही राजनीतिक दलों को भी राष्ट्रीय उद्देश्य के प्रति नैतिक जिम्मेदारी होती है और राष्ट्रीय सुरक्षा तथा आर्थिक प्रगति जैसे विषयों पर सभी दलों को राष्ट्रहित को अपने राजनीतिक हितों से ऊपर रखना चाहिए। धनखड़ ने मंगलवार को उपराष्ट्रपति निवास में राज्यसभा इंटर्नशिप कार्यक्रम चरण सात के उद्घाटन सत्र में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे देश की सोच को पूरी तरह बदल दिया है। समाज पहले से कहीं अधिक राष्ट्रवादी हो गया है। सभी राजनीतिक दलों ने मिलकर विदेशों में भारत का शांति और आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज को एकजुट रहना और मजबूत बनना

**ऑपरेशन सिंदूर ने देश की सोच को पूरी तरह बदल दिया : उपराष्ट्रपति**



होगा। संस्थानों की तरह ही राजनीतिक दलों की भी राष्ट्रीय उद्देश्य के प्रति नैतिक जिम्मेदारी होती है, क्योंकि सभी संस्थाओं का केंद्र राष्ट्रीय विकास, राष्ट्रीय कल्याण, सार्वजनिक कल्याण, पारदर्शिता, जवाबदेही और निष्ठा है। राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक प्रगति जैसे विषयों पर सभी दलों को राष्ट्रहित को अपने राजनीतिक हितों से ऊपर रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं सभी राजनीतिक वर्गों से अपील करता हूँ कि वे गहन चिंतन करें और इस निष्कर्ष पर पहुँचें कि इन विषयों पर सहमति होनी चाहिए। कभी-कभी राजनीति राष्ट्रवाद और सुरक्षा जैसे विषयों पर बहुत तेज हो जाती है। इसे हमें पार करना होगा। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए स्वदेशी शक्ति की आवश्यकता पर बल देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि युद्ध से सबसे अच्छा बचाव तब होता है जब हम शक्ति की स्थिति में हों। उन्होंने कहा कि शांति तब सुनिश्चित होती है जब आप युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहें। शक्ति केवल तकनीकी क्षमता या पारंपरिक हथियारों से नहीं आती, बल्कि यह जनता से भी आती है। नागरिकों को उनके कर्तव्यों के पालन की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि संतुलन बनाए रखना जरूरी है।

# शेयर बाजार में तेजी पर लगा ब्रेक

## सेंसेक्स 625 और निफ्टी 175 अंक लुढ़का

एजेंसी

मुंबई। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कर-कटौती विधेयक से अमेरिका का राजकोषीय घाटा बढ़ जाने की आशंका के बीच स्थानीय स्तर पर हुई जबरदस्त मुनाफावसूली से मंगलवार को शेयर बाजार की पिछले लगातार दो दिनों की तेजी थम गई तथा सेंसेक्स और निफ्टी आधे प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 624.82 अंक अर्थात 0.76 प्रतिशत लुढ़ककर 81,551.63 अंक और निफ्टी 174.95 अंक यानी 0.70 प्रतिशत का गोता लगाकर 24826.20 अंक रह गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में



तेजी रही। इससे मिडकैप 0.18 प्रतिशत बढ़कर 45,191.80 अंक और स्मॉलकैप 0.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 51,865.29 अंक पर पहुंच गया। बीएसई में कुल 4084 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1979 में बिकवाली जबकि 1957 में लिवाली हुई वहीं 148 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2955 कंपनियों के शेयरों में से 1462 में गिरावट जबकि 1412 में तेजी रही वहीं 81 में टिकाव रहा। बीएसई में हेल्थकेयर, इंडस्ट्रियल्स, रियल्टी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, कैपिटल गुड्स और दूरसंचार की 0.78 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर अन्य 15 समूहों में मुनाफावसूली हुई। इस दौरान कमोडिटीज 0.42, सीडी 0.36, ऊर्जा 0.61, एफएमसीजी 0.79, वित्तीय सेवाएं 0.38, आईटी 0.71, यूटिलिटीज 0.57, ऑटो 0.66, बैंकिंग 0.60, धातु 0.52, तेल एवं गैस 0.51, पावर 0.35, टेक 0.49, सर्विसेज 0.38 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.68 प्रतिशत लुढ़क गए। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 138

### निवेशकों को 1.13 लाख करोड़ का घाटा

शेयर बाजार में गिरावट से स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप घट कर 443.66 लाख करोड़ रुपये हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 444.79 लाख करोड़ रुपये था। निवेशकों को करीब 1.13 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

अंक गिरकर 82,038.20 अंक पर खुला लेकिन दमदार लिवाली की बदौलत दोपहर से पहले 82,410.52 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, मुनाफावसूली

### प्रधानमंत्री 30 को बिहार को 50 हजार करोड़ की विकास योजनाओं की देंगे सौगात

पटना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बिहार दौरे की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। मंगलवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पटना एयरपोर्ट और विक्रमगंज पहुंचे और तैयारियों की समीक्षा की। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि 29 और 30 मई को प्रधानमंत्री पटना और विक्रमगंज से बिहार को 50 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। जिनमें एयरपोर्ट, सड़क, बिजली और रेलवे से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री पटना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का उद्घाटन, बिहटा एयरपोर्ट विस्तार योजना का शिलान्यास और औरंगाबाद जिले के नबीनगर में 29947.91 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले सुपर थर्मल पावर प्लांट का शिलान्यास करेंगे।

